हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

सबसे बड़ा सवाल : इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद हमलावर हथियार लेकर अंदर तक कैसे पहुंच गया, उसका मकसद क्या था?

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर के दौरान हिल्टन होटल में हमलावर ने दागी दनादन गोलियां

ट्रंप ने माना- वे ही थे निशाने पर, हमलावर काबू उसके पास मिले शॉटगन, हैंडगन और कई चाकू

- एफबीआई हर एंगल से पड़ताल कर रही है, जिसमें आतंकी एंगल भी शामिल
- जिस होटल में इवेंट हो रहा था, वहीं हमलावर ने बुक किया था रूम
- हमलावर ने इवेंट शुरू होने से पहले होटल में हथियार लेकर प्रवेश किया था
- हमलावर की पहचान 31 वर्षीय कोल टोमस एलन के रूप में हुई है, जो कैलिफ़ोर्निया के टॉरेंस का, वह एक टीचर है
- उसे सोमवार को फ़ेडरल अदालत में पेश किया जाएगा, अभी उसका इलाज जारी
- अधिकारियों ने कैलिफ़ोर्निया में उसके अपार्टमेंट पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी से शनिवार की रात आई एक खबर ने पूरी दुनिया को हिला दिया। हिल्टन होटल व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर के दौरान अचानक गोलियों की आवाज गूंज उठा। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को कार्यक्रम के बीच से तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ा। उनके साथ फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को भी तत्काल बाहर निकाला गया। गोली की आवाज सुनते ही हॉल के अंदर अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए टेबल के नीचे छिप गए। कुछ लोग जमीन पर लेट गए, तो कई बाहर की ओर भागे।

आरोपी

गोलियों की आवाज सुनते ही अमेरिकी सीक्रेट सर्विस हरकत में आ गई। ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई। घटना के बाद उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने बहुत तेजी और बहादुरी से काम किया। घटना के बाद की गई शुरुआती जांच में सामने आया है कि, हमलावर अकेला था और उसके पास कई हथियार थे। जिसमें शॉटगन, हैंडगन और चाकू शामिल थे। बताया जा रहा है कि वह सुरक्षा घेरा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहा था और इसी दौरान उसने फायरिंग की।

लड़खड़ा कर गिर गए थे ट्रंप

वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि जैसे ही फायरिंग की आवाज आती है, हाल में बैठे लोग टेबल के नीचे छिपने लगे। इसी दौरान एक सुरक्षाकर्मी ट्रंप के पास आता है और उनको तुरंत जानकारी देता है। इसके बाद कुछ और सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स आते हैं और ट्रंप के आसपास घेरा बनाते हैं और उन्हें पीछे की तरफ लेकर जाते हैं। जैसे ही ट्रंप कुर्सी से उठकर आगे बढ़ते हैं, वह लड़खड़ा जाते हैं जिसके बाद एजेंट उन्हें पकड़कर सुरक्षित बाहर निकाल लेते हैं।

ट्रंप ने बताया -हमलावर क़रीब 50 गज़ की दूरी से दौड़ता हुआ आया

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हमलावर क़रीब 50 गज़ की दूरी से दौड़ता हुआ आया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने अपने हथियार निकाल लिए। ट्रंप ने कहा कि जिस संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है, वह बहुत बीमार इंसान था। वे बताते हैं- यह घटना रात के लगभग 8:35 बजे (अमेरिकी समय) की है। हम स्टेज से क़रीब 40 फ़ीट दूर बैठे थे। मुख्य दरवाज़े हमारे सामने थे, लगभग 100 फ़ीट की दूरी पर। मैन डोर की दिशा से कुछ आवाज़ें सुनाई दीं। साफ़ नहीं था कि वो आवाज़ें क्या थीं, लेकिन वो धीमी धमाकेदार आवाज़ें थीं जो आमतौर पर ऑटोमैटिक फ़ायर जैसी लगती हैं।

अगले 30 दिनों में ये कार्यक्रम फिर आयोजित होगा

डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि घटना में शामिल संदिग्ध को पकड़ लिया गया है और हालात अब नियंत्रण में हैं। ट्रंप ने कहा कि वह चाहते हैं कि कार्यक्रम जारी रहे, लेकिन अंतिम फैसला सुरक्षा एजेंसियों और अधिकारियों पर छोड़ा गया है। उन्होंने यह भी माना कि इस घटना के बाद कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह बदल गया है और अब यह पहले जैसा नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि अगले 30 दिनों में ये कार्यक्रम फिर आयोजित किया जाएगा।

ट्रंप जल्द कर सकते हैं एफबीआई प्रमुख की छुट्टी

ट्रंप अमेरिकी नौसेना सचिव जॉन फेलन, अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज और अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी के बाद एफबीआई प्रमुख काश पटेल को हटा सकते हैं। काश पटेल अपने व्यवहार को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। उन पर अत्यधिक शराब सेवन और अमर्यादित आचरण के आरोप लग रहे हैं।

1 कार्यक्रम के दौरान पहले केक काटा गया

2 फायरिंग होते ही मेज के नीचे छिपे अतिथिगण

3 फायरिंग के आरोपी को दबोचा



4 राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्रकारों को बताया घटनाक्रम

खबर संक्षेप

अयोध्या में ध्वजारोहण, 700 मेहमान होंगे शामिल

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के सभी मंदिरों में देवी-देवताओं के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात अब शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 700 मेहमान शामिल होंगे।

जिंदा लोगों के बनाए गए मृत्यु प्रमाण पत्र

छतरपुर। जिले के जनपद पंचायत गौरिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत चंद्रपुरा में प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। यहां तीन जीवित व्यक्तियों को दस्तावेजों में मृत घोषित कर उनके नाम से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। मामले का खुलासा तब हुआ, जब ग्राम पंचायत चंद्रपुरा निवासी रामबाई रैकवार, गिरजा विश्वकर्मा और कल्लू अहिरवार ने 17 अप्रैल 2026 को जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

अप्रैल की असहनीय गर्मी: भोपाल में 3 साल बाद पारा 43 डिग्री पर, आज एक दर्जन जिलों में हीटवेव का अलर्ट

प्रदेश के कुछ जिलों में कहीं-कहीं हल्की बूंदा-बांदी होने की भी खबरें

खजुराहो 45 डिग्री पर... 15 जिले 44 डिग्री पर झुलस उठे

मध्यप्रदेश के ऊपर मध्य हिस्से में डेढ़ किमी की ऊंचाई पर भी साइक्लोनिक सकुर्लेशन है, जिससे प्रदेश में मौसम बदल रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को गर्मी के तेवर और तीखे रहे। भोपाल में अप्रैल वर्ष 2022 के बाद सबसे अधिक पारा 43 डिग्री रहा। रात का पारा 25.2 डिग्री दर्ज हुआ। यहां 30 अप्रैल 2022 को 43.3 डिग्री रहा है। 15 जिलों से अधिक जिलों में तापमान 44 डिग्री और इससे अधिक रहा। खजुराहो सबसे गर्म रहा। यहां पारा 45 डिग्री दर्ज हुआ है। इंदौर की रात सबसे गर्म रही। यहां न्यूनतम पारा 28.6 डिग्री रहा। एक दर्जन जिलों में रात का पारा 26 से 28 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। प्रदेश में बढ़ती गर्मी और हीटवेव को देखते हुए अब भोपाल जिला प्रशासन से स्कूलों में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया है। इस बीच रविवार से कुछ जिलों में मौसम की करवट शुरू हो गई है। भोपाल में दोपहर बाद कुछ इलाकों में बादल छाने के साथ कहीं कहीं छींटे भी पड़े। इससे गर्मी में कमी नहीं आई, रात का पारा और बढ़ने की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

भोपाल के सभी स्कूलों में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित

खजुराहों में खुद को धूप से बचाने छाते का उपयोग करती युवतियां

- आज से कुछ जिलों में बारिश के साथ पारा गिरेगा
- भोपाल में छाए बादल, दोपहर बाद कुछ हिस्सों में छींटे पड़े
- इंदौर की रात सबसे गर्म रही। यहां न्यूनतम पारा 28.6 डिग्री रहा

9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं का समय बदला

भोपाल में 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी। इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन में भी 8वीं तक अवकाश घोषित किया गया है।

आज लू से रहें सावधान

सबसे गर्म रहे खजुराहो का पारा 45 डिग्री के अलावा दतिया, गुना, नर्मदापुरम, रायसेन, रतलाम, श्योपुर, दमोह, जबलपुर, मंडला, नौगांव, रीवा, सागर, सतना, टीकमगढ़, मलाजखंड जिलों में पारा 44 डिग्री या इससे अधिक रहा है। यहां भीषण गर्मी महसूस की गई। सोमवार को भोपाल सहित विदिशा, रायसेन, धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सतना, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में कुछ जगह लू का अलर्ट जारी किया गया है।

इसलिए बदल रहा मौसम

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। पूर्वी बिहार पर बना सकुर्लेशन अब झारखंड के ऊपर सक्रिय है। कर्नाटक से तमिलनाडु के ऊपर एक ट्रफ बनी हुई है। महाराष्ट्र और आसपास भी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। मध्य प्रदेश के ऊपर मध्य हिस्से में डेढ़ किमी की ऊंचाई पर भी साइक्लोनिक सकुर्लेशन है, जिससे प्रदेश में मौसम बदल रहा है। इससे रविवार रात से बुधवार तक कई जिलों में बारिश, तेज हवाओं और बौछारों का असर रहेगा। इससे पारा 2 से 4 डिग्री तक गिर सकता है।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हड़कंप

टेकऑफ करते ही स्विस फ्लाइट के इंजन में आग 232 लोग थे सवार

एयरपोर्ट पर विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रविवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जिस वक्त ज्यूरिख जाने वाली स्विस एयर के ईंजन में आग लग गई, इस फ्लाइट में 232 लोग सवार थे, इस घटना में 4 यात्री घायल भी हुए हैं। ज्यूरिख जा रही स्विस एयर की उड़ान संख्या एलएक्स147 ने इंजन में आग लगने के बाद रद्द कर दिया। एयरलाइन ने यात्रियों के लिए वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था की है। यह घटना शनिवार रात लगभग 1 बजे के ठीक बाद हुई। टेकऑफ के दौरान इंजन में खराबी आने के कारण विमान के बाईं ओर लैंडिंग गियर के पास से धुआं निकलता देखा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, फ्लाइट क्रू ने तुरंत टेकऑफ रोक दिया और रनवे पर आपातकालीन निकासी प्रक्रियाओं को सक्रिय किया।

- ज्यूरिख जा रही थी स्विस एयर की उड़ान संख्या एलएक्स147
- सभी यात्रियों और चालक दल को आपातकालीन दरवाजे से निकाला

दिल्ली एयरपोर्ट पर आपातकाल घोषित

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने सूचित किया कि इस घटना के मद्देनजर रविवार तड़के पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया था। सभी निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का तुरंत पालन किया गया और यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि हवाई अड्डे का संचालन अप्रभावित रहा।

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा कार्यक्रम

आज भारत-न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होगा

देश में आएंगे 20 अरब डॉलर निर्यातकों को मिलेगी बड़ी राहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के एक हिस्से में जहां अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं और ग्लोबल टेंशन चरम पर है, वहीं भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा 'मास्टरस्ट्रोक' खेल दिया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर सोमवार को आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। इस समझौते से न केवल दोनों देशों के बीच व्यापार दोगुना होगा, बल्कि भारतीय निर्यातकों के लिए भी यह बड़ी राहत लेकर आएगा, जो वर्तमान में मिडिल ईस्ट के तनाव के कारण परेशान हैं। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले इस ऐतिहासिक डील पर साइन करेंगे।

आम आदमी और कारोबारियों को क्या मिलेगा?

इस समझौते के तहत भारतीय कंपनियों को न्यूजीलैंड के बाजार में 'ड्यूटी-फ्री' यानी बिना किसी सीमा शुल्क के एंट्री मिलेगी। भारतीय पेशेवरों के लिए न्यूजीलैंड में अस्थायी वर्किंग वीजा पाना आसान होगा। भारत की दवाओं, मेडिकल उपकरणों और चमड़ा उत्पादों के एक्सपोर्ट को बड़ा बूस्ट मिलेगा। आगरा के चमड़ा निर्यातकों के लिए विदेशी बाजार के दरवाजे खुल जाएंगे।

पहले सेशन का पेपर खत्म होने से पहले की घटना

रायसेन की घटना : चालक ने एक्सीलेटर तेज दबाया, अभ्यर्थियों के परिजनों को चपेट में लिया, 2 घायल

एमपीपीएससी केंद्र के बाहर 5 बाइकों पर चढ़ाई कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन में एमपीपीएससी परीक्षा केंद्र के बाहर एक कार अनियंत्रित होकर पांच मोटरसाइकिलों से टकरा गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र के बाहर कार चालक ने एक्सीलेटर दबाया से इसके बाद कार बेकाबू हो गई। जानकारी के अनुसार पेड़ के नीचे अभ्यर्थियों के परिजन बैठे हुए थे। पास में ही बाइक भी पार्क थीं। बेकाबू कार ने पांच मोटरसाइकिलों को टक्कर मारते हुए 2 परिजनों को भी चपेट में ले लिया। घटना एमपीपीएससी के पहले सेशन की परीक्षा समाप्त होने से कुछ देर पहले हुई। एक अभ्यर्थी का ड्राइवर कार को रिवर्स कर रहा था, तभी अचानक एक्सीलेटर तेजी से दब गया। इससे कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ की छांव में खड़े लोगों तथा पास खड़ी बाइकों पर चढ़ गई। हादसे में एक मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दो परिजनों के पैरों में चोटें आई हैं।

आरोपी

हादसे में घायल हुई बुजुर्ग

कार जब्त, चालक हिरासत में

घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार भरत सिंह, थाना कोतवाली प्रभारी नरेंद्र गोयल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस को भी सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार चालक और वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। यह तो गनीमत रही कि कार के नीचे बाइक आने से कार रुक गई थी। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विजय संकल्प सभा में बोले प्रधानमंत्री

टीएमसी की निर्ममता से मां रोई, माटी बिकी, मानुष हो गया पलायन को मजबूर राज्य को कर दिया घुसपैठियों के हवाले व यहां महाजंगलराज कायम कर दिया

प्रधानमंत्री कोलकाता में चुनाव प्रचार के पहले बड़ो मां (बीनापाणी देवी) की पूजा की और उनके पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया

बोंगांव रैली में पीएम मोदी ने सीएम ममता को सुनाई खरी-खरी, बंगाल की पहचान को गुमा दिया

एजेंसी ▶▶ बोंगांव

पश्चिम बंगाल के बोंगांव में विजय संकल्प सभा में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी की निर्ममता ने बंगाल की पहचान (मां, माटी और मानुष) को गहरा नुकसान पहुंचाया है।

15 साल पहले टीएमसी 'मां-माटी-मानुष' का नारा देकर सत्ता में आई थी, लेकिन आज उनके मुंह से ये शब्द तक नहीं निकलते। अगर वे इसका जिक्र करेंगे, तो उनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी की निर्ममता ने मां को रुला दिया, माटी को सिंडिकेट और घुसपैठियों के हवाले कर दिया और मानुष को पलायन के लिए मजबूर कर दिया।बंगाल के पास अपार संभावनाएं हैं और यह राज्य फिर से देश का नंबर वन राज्य बन सकता है। इस दौरान पीएम मोदी के निशाने पर टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रहीं। पीएम मोदी ने दावा किया कि पहले चरण में वोटिंग के बाद साफ हो चुका है कि बंगाल में भाजपा प्रचंड जीत दर्ज करने जा रही है।

जनता ने पहले चरण में टीएमसी के अहंकार को तोड़ दिया

पीएम मोदी ने पहले चरण के मतदान का जिक्र करते हुए कहा कि जनता ने पहले चरण में टीएमसी के अहंकार को तोड़ दिया है और दूसरे चरण में भाजपा की बड़ी जीत तय होगी। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री ने टीएमसी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। टीएमसी के महाजंगलराज की सबसे बड़ी पीड़ित हमारी बहनें और बेटियां हैं। संदेशखाली में बहनों के साथ अन्याय हुआ, लेकिन सरकार ने गुंडों का साथ दिया। बेटियां लापता हो रही हैं और सरकार सोई हुई है।

बड़ो मां के मंदिर में टेका माथा

प्रधानमंत्री और बड़ो मां (बीनापाणी देवी) की 2019 की मुलाकात ने बंगाल की राजनीति में एक नया मोड़ दिया था। उस समय पीएम मोदी ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया था जिसकी तस्वीर आज भी मतुआ वोटर्स के बीच काफी लोकप्रिय है।इस मुलाकात और उसके बाद सीएए के वादे ने मतुआ समुदाय को बड़े पैमाने पर भाजपा की ओर मोड़ दिया। 2019 के लोकसभा चुनाव में मतुआ बहुल उत्तर 24 परगना और नदिया जिलों की कई सीटों पर भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

आप हमें वोट दें, हम टीएमसी से आजादी दिलाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के पास सब कुछ है। बंगाल के लोगों के पास सामर्थ्य भरपूर है, इसलिए बंगाल फिर से देश का नंबर वन राज्य बन सकता है। हमें बस नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आह्वान को याद रखना है। नेताजी ने कहा था, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी के इस आह्वान पर देशवासियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज बंगाल को आपके एक वोट की जरूरत है। आप हमें अपना आशीर्वाद दीजिए, अपना वोट दीजिए, हम आपको टीएमसी से आजादी दिलाएंगे। आजादी, टीएमसी के महाजंगलराज से, आजादी, टीएमसी के भय से, आजादी, टीएमसी के भ्रष्टाचार से, आजादी, बेटियों पर अत्याचार से, आजादी, बेकारी और बेरोजगारी से, आजादी, लुटती भर्ती परीक्षाओं से, आजादी, घुसपैठियों के कब्जे से, आजादी, गुंडों और मस्तानों से।

संदेशखाली का भी किया जिक्र

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी के महाजंगलराज की सबसे बड़ी पीड़ित हमारी बहनें और बेटियां हैं। बहनों के साथ सबसे बड़ा धोखा हुआ है, इसलिए इस बार सबसे अधिक गुस्सा बहनों में ही दिख रहा है। संदेशखाली में बहनों के साथ गुंडे अन्याय करते रहे। टीएमसी की निर्मम सरकार गुंडों का साथ देती रही। यहां बहनों को ही गाली दी गई। बंगाल के भाइयों और बहनों, इसे कभी भी भूलना नहीं है।

सभी शरणार्थी परिवारों को मिलेगी नागरिकता... ये मोदी की गारंटी

पीएम मोदी ने कहा मैं मतुआ-नामशूद्र और अन्य सभी शरणार्थी परिवारों से कहूंगा... आपको नागरिकता भी मिलेगी, आपको पक्का पता मिलेगा, आपको हर वो कागज मिलेगा, हर वो हक मिलेगा।

कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या पर भड़के राहुल

बंगाल में लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडा राज चल रहा

बंगाल में एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई है। कांग्रेस ने इसका आरोप टीएमसी से जुड़े बदमाशों पर लगाया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे को लेकर टीएमसी पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या टीएमसी के गुंडों ने की है। उन्होंने हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। राहुल ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है। बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडा राज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है।

कांग्रेस-ममता ने आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई मोदी ने 'सिंदूर' में उनको मिट्टी में मिलाया

बंगाल चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने नादिया में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और ममता बेनर्जी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पहलगाम हमले का जिक्र किया और कहा कि इस हमले के बाद पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर कर आतंकियों को करारा जवाब दिया था,लेकिन एक समय वो भी था जब देश में ममता और कांग्रेस की सरकार थी तब ये लोग आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते थे। शाह ने कहा कि पाकिस्तान के घर में घुसकर हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया और आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया। पीएम मोदी ने इस देश को आतंकवाद, नक्सलवाद से मुक्त कराया है और अब भाजपा सरकार बनाइए एक-एक करके घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाल देंगे।

रवि किशन ने कहा

यहां एक अलग बांग्लादेश बन रहा

भाजपा सांसद रवि किशन ने टीएमसी पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल का वर्तमान माहौल ऐसा है कि यहां एक 'अलग बांग्लादेश' बन रहा है। रवि किशन ने यह बयान मीडिया के सवाल पर दिया था। जब उनसे पूछा गया कि टीएमसी दावा कर रही है कि भाजपा वाले ये अफवाह फैला रहे हैं। एसआईआर का पैनिक है, लोग डरे हुए हैं इसलिए वोट कर रहे हैं।

भड़कीं ममता बनर्जी भाषण छोड़ मंच से उतर गईं

मैं आप सभी से माफी मांगती हूं भाजपा की रैली से आ रहा था शोर

भवानीपुर में चुनावी रैली के दौरान सीएम ममता बेनर्जी ने जनसभा को बीच में ही रोक दिया और नाराजगी जाहिर करते हुए मंच से उतर गईं। वजह थी भाजपा की रैली से आ रहा शोर। ममता ने कहा कि वे जानबूझकर झगड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। वे आसपास शोर मचा रहे हैं ताकि मैं सभा न कर सकूं। माताओं, बहनों और भाइयों, कृपया मुझे क्षमा करें। मैं अगले दिन रैली निकालूंगी। यह बहुत अपमानजनक और शर्मनाक है। मंच छोड़ने से पहले मैं आप सभी से माफी मांगती हूं।

100 मीटर की दूरी पर थी सुवेंदु की सभा

ममता की रैली से 100 मीटर दूर ही भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी की सभा हो रही थी। ममताने आरोप लगाया कि उनकी रैली में बाधा डालने के लिए भाजपा ने उनकी ओर अपने लाउडस्पीकर कर दिए हैं। भाजपा ने भी पलटवार करते हुए कहा कि यह उनकी हार की आहट है।

ममता के समर्थन में उतरे केजरीवाल

27 लाख लोग कसम खाकर जाओ... बंगाल में आतंकवादी रहते हैं क्या?

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप)के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को बंगाल में एसआईआर को भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोला। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के समर्थन में बेलेघाटा एक सार्वजनिक रैली में कहा, वोटर लिस्ट बदलने के लिए षडयंत्र किया गया। 27 लाख नाम वोटर लिस्ट से काट दिए। केजरीवाल ने कहा, मां-बाप का वोट है, लेकिन बेटा का वोट काट दिया। आपके साथ सारे अधिकार छीन लिए. आज कसम खाकर जाओ, जिन 27 लाख लोगों के वोट कटे हैं, वो घर-घर जाकर दीदी के लिए वोट मांगेंगे।

खबर संक्षेप

गिरफ्तारी से बचने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे खेड़ा

नई दिल्ली। गुवाहाटी हाई कोर्ट द्वारा एंटीसिपेटरी बेल की याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस नेता

पवन खेड़ा ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वह असम के सीएम हिमंता की पत्नी द्वारा एफआईआर मामले में एंटीसिपेटरी बेल के लिए शीर्ष अदालत पहुंचे हैं। हाईकोर्ट ने अर्जी रद्द कर दी है।

नीट यूजी एडमिट कार्ड आज किया जाएगा जारी

नई दिल्ली। नीट यूजी 2026 के एडमिट कार्ड का इंतजार कर रहे कैंडिडेट्स के लिए एक बड़ा

अपडेट है।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज जारी होने वाले एडमिट कार्ड को स्थगित कर दिया है। एनटीए ने बताया अब नीट यूजी एडमिट कार्ड 27 अप्रैल को जारी किया जाएगा।

हिमाचल में 9 साल बाद फिर अपार्टमेंट एक्ट

सोलन में चेस्टर हिल प्रोजेक्ट में कायदे कानूनों को ताक पर रखकर हुए निर्माण से सबक लेकर सरकार

ने 9 साल बाद प्रदेश में अपार्टमेंट एक्ट को दोबारा लागू करने का फैसला किया है। प्रदेश में आवासीय परियोजनाओं के मनमाने निर्माण पर अंकुश लगेगा और बाह्य विकास शुल्क की वसूली शुरू होगी। प्रदेश की आय होगी।

दिल्ली के नरेला में फैक्टरी में लगी आग

नरेला। दिल्ली के नरेला में एक फैक्टरी में आग लग गई। रविवार सुबह नरेला में प्लास्टिक दाने की

फैक्टरी में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की 10गाड़ियां आग बुझाने में जुटी है। दमकल अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। काबू कर लिया है।

'मन की बात' के 133वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को किया संबोधित

कच्छ की 'फ्लेमिंगो सिटी' के मुरीद हुए पीएम मोदी, पक्षियों को बताया 'लाखा जी के बाराती'

इसके साथ ही देश की उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के 133वें एपिसोड में फ्लेमिंगो (राजहंस) पक्षियों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास के बारे में चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बरसात खत्म होते ही कच्छ के रण की धरती जीवंत हो जाती है। हर साल लाखों फ्लैमिंगो यहां आते हैं। पूरा इलाका गुलाबी रंग से रंग जाता है, इसलिए इसे फ्लैमिंगो सिटी कहा जाता है। ये पक्षी यहीं घोंसले बनाते हैं और अपने बच्चों को बड़ा करते हैं। कच्छ के लोग इन्हें 'लाखा जी के बाराती' कहते हैं। अब लाखा जी के ये बाराती कच्छ में पर्यावरण संरक्षण के बड़े सुंदर प्रतीक बन गए हैं। पीएम ने कहा कि जैसे ही मॉनसून खत्म होता है, यहां की जमीन जीवंत हो उठती है। हर साल, लाखों फ्लेमिंगो यहां आते हैं। पूरा इलाका गुलाबी रंग का हो जाता है, इसीलिए इसे 'फ्लेमिंगो सिटी' कहा जाता है। ये पक्षी यहीं अपने घोंसले बनाते हैं और अपने बच्चों को पालते हैं।

पवन ऊर्जा के मामले में भारत अब विश्व में चौथे स्थान पर आ पहुंचा

प्रधानमंत्री ने ताजा संस्करण में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में देश की उपलब्धि का जिक्र किया और कहा कि यह राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति और एक स्थायी भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एक वर्ष 6 गीगावाट की नई पवन ऊर्जा स्थापित करने का मील का पत्थर हासिल किया है और इस उपलब्धि ने अंतरराष्ट्रीय जगत का भी ध्यान भारत की ओर खींचा है। पवन ऊर्जा की कुल क्षमता के मामले में भारत अब वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है। उन्होंने इस उपलब्धि को केवल एक तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति और सतत भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रतीक बताया।

'वायुर्वा इति व्यष्टिः, वायुरवै समष्टिः

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में सौर और पवन ऊर्जा के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज मैं एक ऐसी शक्ति की बात करना चाहता हूं, जो अदृश्य है, लेकिन जिसके बिना हमारा जीवन एक पल भी ना चले। यही ताकत भारत को आगे बढ़ा रही है। यह हमारी पवन-शक्ति है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है- 'वायुर्वा इति व्यष्टिः, वायुरवै समष्टिः।' अर्थात वायु सिर्फ एक तत्व नहीं है, यह जीवन की ऊर्जा है, यह समष्टि की शक्ति है।

बांस उद्योग से बदल रही नॉर्थ ईस्ट की तस्वीर, महिलाएं हो रहीं लाभान्वित

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संबोधित करते हुए उत्तर-पूर्व भारत की उपलब्धियों और उसकी संभावनाओं पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में बांस उद्योग तेजी से बदल रहा है। यह क्षेत्र अब रोजगार और नवाचार का बड़ा केंद्र बन गया है। इससे महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने और आय के नए अवसर मिल रहे हैं। पीएम मोदी ने उत्तर-पूर्व को भारत की 'अष्टलक्ष्मी' बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र न सिर्फ प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है, बल्कि यहां अपार प्रतिभा और अवसर भी मौजूद हैं।

देशवासियों से जनगणना 2027 को सफल बनाने को कहा

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से जनगणना 2027 को मिलकर सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है।प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में इस समय एक बहुत अहम अभियान चल रहा है, जिसके बारे में हर भारतीय को जानकारी होनी जरूरी है।

यह भी बोले-दुनिया की थाली तक पहुंचा भारत का स्वाद

पीएम मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम में भारत के डेयरी सेक्टर की बढ़ती ताकत और वैश्विक स्तर पर भारतीय चीज की पहचान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत का स्वाद, परंपरा और गुणवत्ता अब दुनिया भर में नई पहचान बना रहे हैं।हमारे देश में खान-पान की परंपराएं सिर्फ स्वाद तक सीमित नहीं रही हैं। भारतीय चीज भी इसी परंपरा का अहम हिस्सा है। उन्होंने बताया कि ब्राजील में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारत के दो ब्रांड्स को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर भी खूब हुई।

विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई

अग्रिम जमानत भले न दें, लेकिन सरेंडर का आदेश नहीं दे सकतीं कोर्ट

सर्वोच्च अदालत ने क्षेत्राधिकार पर कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे।

धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले की सुनवाई

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे। इसमें आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। इनमें धारा 323 यानी स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, 420-धोखाधड़ी, 468 यानी धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी और 471-जाली दस्तावेज का उपयोग शामिल हैं।

रेलमंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

बेंगलुरु में बनेगी नई बुलेट ट्रेन आइसीएफ-बीइएमएल को जिम्मा

एजेंसी ▶▶

स्वदेशी बुलेट ट्रेन बी-28 का उत्पादन बंगलुरु में किया जाएगा। इन ट्रेनों का निर्माण सवारी डिब्बा कारखाना (आईसीएफ), चेन्नई और भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीइएमएल) मिलकर करेंगे। इके लिए 'आदित्य' विशेष परिसर तैयार किया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उच्च गति रेल के निर्माण के लिए समर्पित इस विशेष परिसर का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि उच्च गति रेल तकनीक बेहद जटिल और पेचीदा होती है। देश के भीतर इसका विकास स्वदेशी अभियांत्रिकी के क्षेत्र में मील का पत्थर है। यहां आईसीएफ और बीइएमएल द्वारा ट्रेनों को तैयार किया जाएगा। इस परिसर में विशेष रूप से रोबोटिक लेजर वेल्डिंग सिस्टम समेत कई आधुनिक और हाई-प्रिसिजन मशीनों की सुविधा दी गई है। इन ट्रेनों का निर्माण 250 किमी या इससे अधिक गति से चलने के लिए किया जाएगा।

दल बदल से लुधियाना में दूसरे दिन भी 'आप' ने किया हंगामा

दलबदलुओं के खिलाफ प्रदर्शन-नारेबाजी, रजिंदर गुप्ता का पुतला जलाया

राज्यसभा सदस्यों के खिलाफ कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी दिखी

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

लुधियाना में आप से जुड़े कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन रविवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। पार्टी छोड़ने वाले राज्यसभा सदस्यों के खिलाफ कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने किचलू नगर स्थित सांसद रजिंदर गुप्ता के दफ्तर के बाहर धरना देकर विरोध जताया। प्रदर्शन की अगुवाई शहरी प्रधान जतिंदर खंगूड़ा ने की, जबकि विधायक राजिंदर कौर छीन भी मौजूद रहीं। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने दफ्तर के बाहर जमकर नारेबाजी की और पार्टी छोड़ने वाले नेताओं के खिलाफ रोष प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान माहौल पूरी तरह गरम रहा।

बागी सांसदों को संजय की दो टूक

पहले इस्तीफा दीजिए फिर जहां जाना हो जाइए

नई दिल्ली। आप के राज्यसभा सांसद नेता संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी से बगावत करने वाले 7 राज्यसभा सांसदों को साफ संदेश दिया कि आप जिस दल से चुने गए है अगर आपको उससे मतभेद है तो आप इस्तीफा दीजिए और जहां जाना जाइए।

राघव समेत सभी 7 की जाएगी सांसदी

सिंह ने आप के दो-तिहाई राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर एक बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि इन सभी बागियों की राज्यसभा सदस्यता जाएगी। सिंह ने यह भी बताया कि किन आधार पर बागियों की सदस्यता जाएगी। सिंह का यह बयान ऐसे वक्त में सामने आया है जब आप ने साफ कर दिया है कि वह बागी सांसदों को राज्यसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित करने की मांग करेगी। सिंह ने रविवार को राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन को पत्र भेजकर राघव चड्ढा समेत राज्य सभा के उन 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की गुजारिश की है। जिन्होंने भाजपा में विलय की घोषणा की है।

बागियों की सदस्यता जानी तय

संजय ने दावा किया कि राज्यसभा के इन 7 बागी सदस्यों की सदस्यता तो जानी तय है। इनकी ओर से उठाया गया कदम दल-बदल के समान है। सदस्यों का कदम संबंधित कानूनी प्रावधानों के खिलाफ है।

जबलपुर
सोमवार 27 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष -11
वर्ष : 20, अंक : 356
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 37
न्यून. 40

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

8 ज्यादा मतदान होने के किंतु-परंतु

मैट्रो
14 अप्रैल में तापमान का रोज बन रहा ....

कब्जा हटाने पहुंचे थे करीब 500 अधिकारी और कर्मचारी

झांझर के जंगल में वन और पुलिस टीम पर हुआ हमला, 150 अतिक्रमणकारियों ने किया पथराव, वनकर्मी समेत 4 घायल

- जंगल की सैकड़ों हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जा
- कुछ ने फसल बोने के लिए खेत तैयार कर लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुरहानपुर वनमंडल की नेपा रेंज के ग्राम झांझर के जंगल की सैकड़ों हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा कर रखा है, इन्हें हटाने के लिए रविवार को करीब 500 पुलिस और वन अफसर-कर्मचारी जेसीबी के साथ जंगल की ओर आते दिखे अतिक्रमणकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव में वन कर्मी समेत चार घायल हो गए। बुरहानपुर वनमंडल की नेपा रेंज के ग्राम झांझर के जंगल में लंबे समय से अतिक्रमणकारी सक्रिय हैं। जंगल की सैकड़ों हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा कर रखा है, जहां कुछ ने फसल बोने के लिए खेत तैयार कर लिए हैं। इन्हें हटाने के लिए रविवार को करीब 500 पुलिस और वन अफसर-कर्मचारी पहुंचे। जैसे ही जेसीबी के साथ अमला जंगल की ओर आता दिखा 150 से ज्यादा अतिक्रमणकारियों ने पथराव शुरू कर दिया।

बड़ी संख्या में जेसीबी पहुंची। इंसेट में घायल का बयान लेती पुलिस

एक दिन पहले बुरहानपुर पहुंचा था फॉरेस्ट-पुलिस फोर्स

अतिक्रमण हटाने के लिए चार जिलों की फॉरेस्ट और लोकल पुलिस टीम शनिवार शाम बुरहानपुर पुलिस लाइन पहुंच गई थी। जिसमें बुरहानपुर के अलावा खंडवा, खरगोन और बड़वाह का वन अमला शामिल हैं। करीब 500 से ज्यादा अफसर-कर्मचारी रविवार सुबह जंगल की ओर निकले। कब्जा हटाने के लिए जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर पहुंचे। बुरहानपुर जिला अस्पताल में भर्ती घायल जेसीबी ऑपरेटर कमल बंसल के मुताबिक सुबह जैसी से कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की, करीब 11 बजे के आसपास पूरे अमले पर पथराव शुरू हो गया। एक पत्थर मेरे सिर पर पड़ा और स्टेयरिंग से नियंत्रणा खो बैठा और जेसीबी सहित पलटी खाकर गिर पड़ा।

दो साल पहले 17 दिन में जंगल से हटाया था अतिक्रमण

पथराव के बाद पुलिस और वनकर्मी जान बचाने भाग निकले। डीएफओ विद्याभूषण सिंह के मुताबिक अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। एसडीओ अजय सागर ने बताया कि हमले में जेसीबी चालक घायल हो गया है। इससे पहले अप्रैल 2023 नेपानगर रेंज के पांच क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया था। करीब 17 दिन तक फॉरेस्ट और पुलिस टीम क्षेत्रों में जमी रहीं। जिसके बाद घाघरला, नावरा, बाकड़ी, सीवल और साईखेड़ा क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया था।

खबर संक्षेप

बाबा महाकाल के दर पर नगालैंड के राज्यपाल

उज्जैन। नगालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव रविवार को धार्मिक नगरी उज्जैन के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। राज्यपाल यादव विशेष रूप से सुबह होने वाली भगवान महाकाल की दिव्य भस्म आरती में सम्मिलित हुए। राज्यपाल नंद किशोर यादव ने मंदिर के नंदी हॉल से भगवान महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए।

क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर डेढ़ करोड़ की ठगी

ग्वालियर। क्रिप्टोकरेंसी में निवेश का झांसा देकर फैक्ट्री संचालक से एक करोड़ 41 लाख रुपए ठगी मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने साइबर ठगों को कमीशन पर अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया था। दोनों के जॉइंट खाते में ठगी की रकम का हिस्सा 10 लाख 50 हजार रुपए पहुंचा था। जबकि 1 करोड़ 68 लाख का आरोपियों के खाते में ट्रांजेक्शन मिला है।

सीएम रेखा गुप्ता माता के दरबार पहुंची

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मां वैष्णो देवी के दर्शन किए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मां की आराधना करते हुए मैंने प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की करे, आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि देश खुशहाल रहे, समृद्ध रहे, मां से मैंने यही प्रार्थना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा कि जम्मू एयरपोर्ट उनका बहनों ने स्वागत हुआ। विशेषकर महिला मोर्चा की बहनों ने जो आत्मीय स्वागत किया, उससे मन भावविभोर हो गया।

विधानसभा का 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर एक दिवसीय विशेष सत्र आज

33 फीसदी आरक्षण लागू करने के लिए अधिनियम पर प्रस्तुत होगा 'संकल्प'

- विशेष सत्र के हंगामेदार होने के आसार। कांग्रेस आक्रामक रहेगी। वह सत्ता पक्ष के किसी भी तरह के निंदा प्रस्ताव का विरोध करेगी

इसमें परिसीमन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग भी

कांग्रेस व सहयोगी दलों के संसद में पैदा किए गए गतिरोध पर निंदा प्रस्ताव भी पास होगा

हालांकि, संकल्प में इस बात का कोई जिक्र नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र विधानसभा का विशेष सत्र आज सोमवार को सुबह 11 बजे से आहूत किया गया है। सत्र में सबसे पहले निधन का उल्लेख होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सर्वांगीण विकास व सशक्तिकरण के लिए एक तिहाई आरक्षण परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर तत्काल प्रभाव से लागू करने का संकल्प प्रस्तुत करेंगे। इस तरह का संकल्प देश के कई राज्यों के विधानसभाओं में प्रस्तुत किया गया है।

व्यापक जनसमर्थन जुटाने की यह कोशिश

विधानसभा का विशेष सत्र ऐसे समय बुलाया गया है, जब लोकसभा में परिसीमन के बाद महिला आरक्षण से जुड़ा विधेयक पारित नहीं हो सका, जिसके बाद प्रदेश में सियासी माहौल गरमा गया है। भाजपा सरकार इसे महिलाओं के अधिकारों का मुद्दा बताते हुए व्यापक जनसमर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है। विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण, परिसीमन की प्रक्रिया, और राज्य व केंद्र सरकार की महिला हितैषी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है।

पैदल मार्च निकालकर कांग्रेसियों ने कहा

महिलाओं लिए 543 लोकसभा सीटों में ही 33 फीसदी आरक्षण करें लागू

रविवार को भोपाल में प्रदेश कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर प्लेटिनम प्लाजा से रोशपुरा तक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आरक्षण लागू करने में जानबूझकर देरी कर रही है, जबकि उनकी मांग है कि मौजूदा 543 लोकसभा सीटों में ही तत्काल 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाए। पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस सोमवार के विधानसभा सत्र में पटल पर यह मांग रखने वाली है कि महिलाओं को विधानसभा में आज की स्थिति में आरक्षण प्रदान किया जाए। हम इसका समर्थन करेंगे।

राष्ट्रीय राजमार्ग के पास मिली थी मासूम

बिजनेस में घाटा हुआ तो दंपती ने मनहूस मान बस्ती में फेंका

इंदौर की ब्यूटी पार्लर की ऑनर से 1 लाख में खरीदी थी ये बच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर पुलिस की टीम इंदौर में एक ब्यूटी पार्लर संचालिका की तलाश कर रही है, जिससे आरोपी पति आकाश मूंदड़ा और पत्नी कृतिका ने मासूम बच्ची को 1 लाख रुपए में खरीदा था। आरोपी दंपती ने पुलिस पूछताछ में यह बात कबूल की है। जिसके बाद पुलिस टीम इंदौर पहुंची है। पुलिस पूछताछ में आकाश और कृतिका ने कबूल किया कि उन्होंने बिजनेस में घाटा होने पर बच्ची को श्योपुर में फेंक दिया था। कृतिका ने पूछताछ में बताया है कि बच्ची के घर लाने के बाद से दंपती में विवाद शुरू हो गए थे। आकाश के मुताबिक कृतिका बच्ची को प्रताड़ित करती थी।

आरोपी आकाश मूंदड़ा

सोंईकलां में बच्ची को फेंक बालाजी दर्शन करने पहुंचे

बच्ची को लेकर आए दिन झगड़ों के बाद दंपती ने उसे छोड़ने का फैसला किया। 18 अप्रैल को दर्शन के लिए आकाश और कृतिका मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जा रहे थे, इस दौरान श्योपुर जिले की सोंईकलां में बस्ती के पास बच्ची को यह सोचकर बच्ची को फेंक दिया कि कोई उसे अपना लेगा।

हिन्दू संगठन का 3 घंटे प्रदर्शन कार्यकर्ता बोले- आरोपी तीन दिन में गिरफ्तार करे पुलिस

हरिभूमि न्यूज:हरदा। हरदा जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में गंजालेश्वर आश्रम से पांच गोवंशीय पशुओं को चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांधने का मामला सामने आया है। शनिवार रात हुई इस घटना में ट्रेन की चपेट में आने से सभी मवेशियों की मौत हो गई। रविवार सुबह छिदगांव मेल क्षेत्र में ट्रैक के पास शव मिले।

दोनों देशों के विदेश मंत्री भी मिलेंगे

जून में फ्रांस में होगी जी- 7 समिट

ईरान युद्ध के बीच ट्रंप और पीएम मोदी की मुलाकात के आसार बने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात होने के आसार हैं। अगले महीने यह मुलाकात शेड्यूल है, जिसकी तैयारी चल रही है।

इस मुलाकात से पहले दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात भी हो सकती है। फ्रांस में जून महीने में जी-7 समिट होने वाली है, जिसमें दोनों राष्ट्राध्यक्ष मिल सकते हैं। दोनों के बीच ईरान युद्ध, मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी हो सकती है। समिट से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो मई में दिल्ली आएंगे और भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात करेंगे। मार्को रुबियो भारतीयविदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात के दौरान फ्रांस समिट की रूपरेखा तैयार करेंगे। समिट 15 से 17 जून के बीच हो सकती है।

फरवरी 2025 में हुई थी पिछली मुलाकात

पिछली बार दोनों की मुलाकात फरवरी 2025 में हुई थी। इसके बाद अब तक दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती रही है। लेकिन अब दोनों के बीच फ्रांस में औपचारिक बैठक हो सकती है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी को समिट में शिरकत करने का न्योता दिया है। लेकिन अभी ट्रंप-मोदी ने समिट में भाग लेने की घोषणा नहीं की है। गौर हो कि ट्रंप भारत के साथ संबंधों को सुधारना चाहते हैं। फरवरी 2025 के बाद कई घटनाक्रम हो चुके हैं।

जिनके घर शादी-ब्याह या गमी उनका गेहूं पहले खरीदा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

गेहूं खरीद की यह नई व्यवस्था इंदौर जिले में शुरू हुई है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने विशेष परिस्थितियों वाले किसानों के लिए यह पहल शुरू की है। किसान शादी या गमी की पत्रिका दिखाकर अपना स्लॉट बुक करा सकेंगे। अब विशेष परिस्थितियों वाले किसानों का गेहूं पहले खरीदा जाएगा। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विशेष परिस्थिति वाले किसानों की उपज का तत्काल और प्राथमिकता के साथ तौल किया जाएगा। खरीदी के बाद उनकी उपज का भुगतान भी जल्द करना होगा। सभी खरीदी केंद्रों के संस्था प्रबंधक, ऑपरेटर और नोडल अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मोहन सरकार ने गेहूं खरीद के लिए एफएक्यू में भी बड़ा बदलाव किया है। अब 50 फीसदी खराब यानी चमक विहिन गेहूं भी खरीदा जाएगा।

भारत की तस्वीरों के जरिए दुनिया को भारत दिखाने वाला कलाकार चला गया

अलविदा रघु राय... भोपाल त्रासदी, सिख विरोधी दंगे.. कैमरे में कैद किया भारत का इतिहास

रघु जी की खींची गई 'हजारों तस्वीरें' आने वाली पीढ़ियों को भारत की 'दृश्य कहानियां सुनाती रहेंगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की फोटो पत्रकारिता के पुरोधा और दुनिया भर में अपनी अनूठी दृष्टि के लिए विख्यात दिग्गज फोटोग्राफर रघु राय का रविवार को 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से कला, मीडिया और फोटोग्राफी जगत में एक अपूरणीय शून्य पैदा हो गया है। रघु राय केवल एक फोटोग्राफर नहीं थे, बल्कि उन्हें 'भारत की तस्वीरों के जरिए दुनिया को भारत दिखाने वाला कलाकार' माना जाता था। उन्होंने दशकों तक अपने लेंस के माध्यम से देश के बदलते सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य को बेहद संजीदगी से कैद किया।

वे पद्मश्री समेत कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजे गए।

साधारण पलों को खास बनाने वाला जादूगर

रघु राय की सबसे बड़ी खूबी उनकी कैमरा नजर थी। वह आम जिंदगी के उन छोटे-छोटे पलों को भी इस तरह कैद करते थे कि वे एक कालजयी कहानी बन जाते थे। उनकी तस्वीरों में बनारस के घाटः जहां आध्यात्मिकता और जीवन का संगम दिखता था। भारतीय गलियां और भीड़ः जिनमें भारत की असली धड़कन सुनाई देती थी। ग्रामीण जीवनः जिसमें सादगी और संघर्ष के रंग घुले होते थे। उनके काम ने भारत की आत्मा को जीवंत किया।

बंटवारे के दर्द से 'मैग्नम फोटोज' तक का सफर

18 दिसंबर 1942 को अविभाजित भारत के अंग (अब पाकिस्तान) में जन्मे रघु राय का परिवार विभाजन के बाद भारत आ गया। उन्होंने 23 साल की उम्र में अपने बड़े भाई एस. पॉल के मार्गदर्शन में कैमरा थामा। उनकी प्रतिभा इतनी प्रखर थी कि महान फ्रांसीसी फोटोग्राफर हेनरी कार्टियर-ब्रेसों ने 1977 में उन्हें दुनिया की प्रतिष्ठित एजेंसी मैग्नम फोटोज से जुड़ने के लिए नामित किया।

आदिवासी अंचलों में 8 युवा आईएएस अफसरों की तैनाती सहायक कलेक्टर बनकर संभालेंगे जिम्मेदारी

आयुषी को झाबुआ, आशी को धार, माधव को बड़वानी, सौम्या को सिंगरौली मिला...श्लोक कटनी, शिखा खंडवा, चेतन बैतूल पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कैडर के वर्ष 2025 बैच के आठ युवा आईएएस अधिकारियों की पहली पोस्टिंग प्रदेश के आदिवासी और पिछड़े जिलों में सहायक कलेक्टर के रूप में की गई है। इसे प्रशासनिक दक्षता के साथ-साथ सामाजिक न्याय की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। यह निर्णय भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और जन-केंद्रित बनाने के लिए लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि जो अधिकारी अपने करियर की शुरुआत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और वंचित वर्गों के बीच काम करते हैं, वे आगे चलकर अधिक संवेदनशील, अनुभवी और जनहितैषी प्रशासक बनते हैं।

आदिवासी जिलों में कार्य करते हुए उन्हें न केवल प्रशासनिक चुनौतियों का सामना करना होगा, बल्कि स्थानीय संस्कृति, समस्याओं और जरूरतों को समझने का भी अवसर मिलेगा। प्रदेश के बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, अनूपपुर और श्योपुर जैसे आदिवासी बहुल जिलों को प्रशासनिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। यहां की भौगोलिक परिस्थितियां, सीमित संसाधन और विकास की आवश्यकताएं अधिकारियों के लिए एक व्यावहारिक प्रशिक्षण का काम करेंगी।

आम लोगों की समस्याओं को समझें और उनके समाधान करें

प्रतीकात्मक फोटो।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि अधिकारी केवल फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि जन-अधिकारी बनकर आम लोगों की समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें। यह पहल आदिवासी समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश भी है कि सरकार उनके विकास और अधिकारों को लेकर प्रतिबद्ध है। यह सभी अधिकारी अभी एक दिन पहले ही लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद मप्र लौटे हैं। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक ने इन अधिकारियों को फील्ड में तैनात किया है। इनमें आयुषी बंसल को झाबुआ, आशी शर्मा को धार, माधव अग्रवाल को बड़वानी, सौम्या मिश्रा को सिंगरौली, श्लोक वायकर को कटनी, शिखा चौहान को खंडवा, चेतन उपाध्याय को बैतूल और शैलेन्द्र चौधरी को मंडला में पदस्थ किया गया है। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलाई ने बताया कि यह निर्णय न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि प्रदेश के दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में विकास को भी नई गति देने में सहायक साबित होगा।

कलेक्ट्रेट के सभी मुख्य काम देखेंगे आईएएस एडीएम

सुमित पांडे, मेश्राम, नायक और शाक्या का कद घटा

भोपाल। नवागत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भोपाल में ज्वॉइनिंग के दस दिन बाद कलेक्टोरेट के चार अपर कलेक्टरों के बीच काम का बंटवारा कर दिया है। जिसमें आईएएस अपर कलेक्टर सुमित पांडे को कलेक्टोरेट की सबसे महत्तवपूर्ण जिम्मेदारियां सौपी गई हैं। इस कार्य विभाजन में अपर कलेक्टर प्रकाश नायक, अंकुर मेश्राम और पीसी शाक्या का कद घट गया है। पांडे को नजूल, आरआरसी, भू अर्जन, मेट्रो, भूमि आवंटन, आर्म्स शाखा, अन्य लाइसेंस, फूड, फूड सेफ्टी और ईसी एक्ट जैसे अहम काम दिए गए हैं। जबकि अंकुर मेश्राम को निर्वाचन की जिम्मेदारी दी गई है।

शाक्य देखेंगे कोर्ट केस, स्टेशनरी

पीसी शाक्य लिटिगेशन सुप्रीम कोर्ट हाईकोर्ट केस, सिविल कोर्ट, वक्फ बोर्ड, एनजीटी, नजारत, मंडार, स्टेशनरी, पुस्तकालय, रिकॉर्ड रूम, सूचना का अधिकार, भाड़ा नियंत्रण, जाति जांच, रेडक्रॉस सहित अन्य विभाग दिए हैं। मेश्राम को प्रोटोकाल, कार्ड वितरण कलेक्टर ने जारी आदेश में अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम को सबसे कम जिम्मेदारियां दी हैं। जिसके तहत उन्हें स्थापना, वित्त, विभागीय जांच, मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान, प्रोटोकाल, जिला स्तरीय कार्यक्रमों का समन्वय, कार्ड वितरण, निर्वाचन समेत अन्य काम सौंपे गए हैं।

चारों एडीएम के बीच किया गया काम का बंटवारा

कलेक्टर ने यह आदेश 21 अप्रैल को जारी है। जिसमें चारों एडीएम के बीच काम का बंटवारा किया गया है। जिसमें आईएएस और अपर कलेक्टर सुमित पांडे को भू संसाधन प्रबंधन, राहत एवं आपदा प्रबंधन, नजूल, आरआरसी, भू अर्जन, मेट्रो, भूमि आवंटन, आर्म शाखा, अन्य लाइसेंस, अनापत्ति प्रमाण पत्र, समस्त प्रकार की अनुमतियां, पंचसाक्षी उपलब्ध कराना, स्पेशल मैरिज एक्ट, हिंदू विवाह, फूड, फूड सेफ्टी, ईसी एक्ट, सिविल डिफेंस, खनिज सहित अन्य जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

खबर संक्षेप

केपी यादव मप्र सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के अध्यक्ष नियुक्त

भोपाल। मध्य प्रदेश में निगम-मंडलों में नई नियुक्तियों का सिलसिला जारी है। खाद्य, आपूर्ति, नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रमुख पदों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश में केपी यादव को मध्य प्रदेश सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 2 वर्षों का रहेगा। वहीं संजय नगाईज को मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एवं लॉजिस्टिक्स सर्विसेज का अध्यक्ष बनाया गया है, जिनका कार्यकाल 3 वर्षों का रहेगा। इसके अलावा संजीव कांकर को मध्य प्रदेश सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि निगम-मंडलों के अध्यक्षों की भूमिका केवल औपचारिक नहीं होती, बल्कि वे संबंधित संस्थाओं की नीतिगत दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। मध्य प्रदेश सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के अध्यक्ष का मुख्य काम सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के संचालन की निगरानी, खाद्यान्न के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना होता है। वहीं मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष गोदामों के प्रबंधन, भंडारण क्षमता बढ़ाने, लॉजिस्टिक्स सिस्टम को मजबूत करने, किसानों एवं व्यापारियों के लिए सुविधाएं बेहतर बनाने की दिशा में काम करते हैं।

चना और मसूर की खरीदी मंडी शेड में करें, ताकि असमय बारिश से नुकसान न हो

सीएम ने कलेक्टरों से कहा, गेहूं उपार्जन में किसानों को न हो किसी प्रकार की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों के हित में गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। लघु एवं सीमांत कृषकों के साथ-साथ मध्यम एवं बढ़े किसानों के लिये भी स्लॉट बुकिंग प्रारम्भ कर दी गई है। उपार्जन केंद्रों की क्षमता 1000 क्विंटल प्रतिदिन से बढ़ाकर 2250 क्विंटल प्रतिदिन कर दी गई है। स्लॉट बुकिंग की तारीख 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है। इन निर्णयों के बाद किसानों की आवक केंद्रों पर अब तेजी से बढ़ेगी। कलेक्टर्स अपने-अपने जिलों में तद्नुसार प्रबन्ध सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश में गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान यह निर्देश जिला कलेक्टर्स दिए। मुख्यमंत्री ने गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडियों में अपनी उपज बेचने आ रहे किसानों को समस्त प्रकार की सुविधायें उपलब्ध हों और किसी भी प्रकार से तकलीफ न हो। उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटें, हम्माल, छाया, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी कलेक्टर्स प्रतिदिन गेहूं खरीदी, परिवहन व्यवस्था, भंडारण तथा कृषकों के भुगतान की आवश्यक रूप से समीक्षा करें।

प्रदेश में पर्याप्त बन्दोबस्त है आवश्यक बारदानों का, डॉ. मोहन ने की गेहूं उपार्जन की समीक्षा

खास बातें

- किसान हितैषी निर्णयों से उपार्जन केन्द्रों पर बढ़ेगी आवक, कलेक्टर्स करें व्यवस्था सुनिश्चित
- प्रतिदिन गेहूं खरीदी, परिवहन व्यवस्था, भंडारण तथा कृषकों के भुगतान की करें समीक्षा

सीएम ने समत्व भवन में बैठक लेकर की गेहूं उपार्जन की समीक्षा।

चमक विहीन गेहूं की सीमा में 50 प्रतिशत तक शिथिलता

भारत सरकार के चमक विहीन गेहूं की सीमा में 50 प्रतिशत तक शिथिलता प्रदान की गई है। इसी प्रकार कम पानी के कारण अल्प विकसित दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत और क्षतिग्रस्त दानों की सीमा 6 प्रतिशत बढ़ाई गई है। बैठक में कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल तथा संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश में 3516 उपार्जन केंद्रों से खरीदा 16.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 3 हजार 516 उपार्जन केन्द्र संचालित हैं। कुल 8 लाख 55 हजार कृषकों की ओर से स्लॉट बुकिंग कराई गई है, जिनमें से 3 लाख 96 हजार कृषकों से 16 लाख 60 हजार मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित कर 2 हजार 527 करोड़ रुपए राशि का भुगतान किया जा चुका है। मध्यम एवं बड़े श्रेणी के 40 हजार 457 कृषकों की ओर से 5 लाख 88 हजार मीट्रिक टन मात्रा के स्लॉट बुक किए गए हैं। किसानों को तहसील के स्थान पर जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय की सुविधा दी गई है।

उपार्जन केन्द्र पर इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों की व्यवस्था हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि चना और मसूर की खरीदी मण्डी में शेड के अंदर की जाए, ताकि असमय बारिश से नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि चना-मसूर उपार्जन की व्यवस्था के संबंध में जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर 7 दिवस की खरीदी के लिए बारदान की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर न्यूनतम 6 इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों की व्यवस्था हों और निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही गेहूं का उपार्जन किया जाए। उपार्जन केन्द्रों के अतिरिक्त कृषकों की ओर से मंडी में किए जा रहे उपज विक्रय की भी सतत निगरानी की जाए, जिससे कृषकों को कोई समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने गुना, रायसेन, दतिया, सीधी, विदिशा के कलेक्टर्स से वर्चुअली संवाद कर जिलों की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

महिला पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन-आक्रोश महिला पदयात्रा।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध देश की आधी आबादी का अपमानः प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से महिलाओं को मिलने वाले अधिकारों का विरोध किया है। जिस समाज व राष्ट्र ने महिलाओं को अधिकारों से वंचित किया वह समाप्त हो गए। कांग्रेस महिला विरोधी मानसिकता के चलते लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम का विरोध किया। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने लोकसभा में सिर्फ एक अधिनियम का विरोध कर देश की आधी आबादी का अपमान किया है। मध्यप्रदेश और देश की नारी शक्ति कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा किए गए अपमान का सबक जरूर सिखाएगी। यह बात यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कही। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल जिला कार्यालय में जन आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित किया।

बहनों का यह आक्रोश समाज में लाएगा जागृति

खण्डेलवाल ने कहा कि बहनें हमारे समाज की शक्ति हैं। जिस समाज और राष्ट्र में महिलाओं को अधिकारों से वंचित किया वे समाज और राष्ट्र समाप्त हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारें महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। लोकसभा में जिस तरह विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की खिलाफत की है उसके खिलाफ आज महिलाएं आक्रोशित हैं। महिलाओं का यह आक्रोश हर गली और गांव सहित देश में जागृति का काम करेगा। पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने बूथ को और मजबूत करने में जुटे खण्डेलवाल ने जन आक्रोश महिला सम्मेलन से पहले बैतूल बाजार मंडल की बैठक को संबोधित किया।

माशिमं की कक्षा बारहवीं में खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा ने किया टॉप

12वीं टॉपर छात्राओं को दी जाएगी एक-एक लाख रुपए की राशि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बारहवीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा को एक-एक लाख रूपए की प्रोत्साहन प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों छात्राओं को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित कर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों छात्राओं को पुस्तकें भी भेंट कीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने तथा आशीर्वाद प्राप्त करने दोनों छात्राएं समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) आईं थीं। उल्लेखनीय है कि खुशी राय शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल और चांदनी विश्वकर्मा गुरूदेव शिक्षा केन्द्र नीलबड़ भोपाल की छात्राएं हैं। दोनों छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में 500 में से 494 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी दोनों को बधाई

दोनों ही मामलों में पुलिस कर रही जांच

दो अलग-अलग हत्याओं की घटना से इलाके में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में एक ही दिन दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई हत्या की वारदातों से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने दोनों मामलों में पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। पहली घटना भिलाई के खुर्सीपार थाना क्षेत्र की है जहां पुरानी रंजिश के चलते देर रात एक युवक की टंगिया से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान विक्रम सोना (30 वर्ष) निवासी बापू नगर उड़िया बस्ती के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक विक्रम

आरोपी मुरली खेस के घर पुरानी बातों को लेकर विवाद करने पहुंचा था। इसी दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी मुरली ने टंगिया से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया और मौके से फरार हो गया। परिजन घायल विक्रम को अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

लेन-देन का वीडियो वायरल, आरक्षक निलंबित

राजनांदगांव। जिले में डायल 112 वाहन में कथित लेनदेन के वायरल वीडियो को लेकर वीडियो आने के बाद पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने मामले में आरक्षक को निलंबित किया गया हैं। आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केंद्र अटैक किया गया है और पूरे मामले की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। आरक्षक का घुमका थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चारभाटा के पास वीडियो वायरल हुआ था, जहां गाड़ी में बैठे एक पुलिसकर्मी को कथित रूप से पैसे लेते हुए वीडियो सामने आया था, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने यह पूरी कार्रवाई की हैं। मामले में घुमका थाने में पदस्थ आरक्षक दिनेश पटेल पर आरोप लगा।

बाइक के उड़े परखच्चे, ट्रक को कब्जे में लिया

ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवारों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले के डौंडीलोहारा मार्ग पर स्थित परसूली-अछोली मोड़ के पास रविवार को एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क किनारे जा गिरे।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक पर सवार होकर लोहारा की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान परसूली-अछोली मोड़ के पास एक ट्रेलर की वजह से बाइक अनियंत्रित होकर राजनांदगांव की ओर से आ रहे धान से लदे ट्रक से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवकों को संभलने का मौका भी नहीं मिला और उनकी मौके पर ही सांसें थम गईं। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस ने

बताया कि प्राथमिक जांच और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर मृतक ग्राम भुरकाभाट के निवासी बताए जा रहे हैं। मृतकों की आधिकारिक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना भेज दी है, जिनके पहुंचने के बाद ही शिनाख्त की कार्रवाई पूरी की जाएगी। हादसे के बाद सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और मामले की विस्तृत विवेचना की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शिनाख्त होने के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

इधर, तेज रफ्तार कार ने ग्रामीण को मारी टक्कर, मौके पर मौत

रायगढ़ जिले में शनिवार की दोपहर तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना भूपदेवपुर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार, पूनीराम सिदार निवासी ग्राम हरदीझरिया ने भूपदेवपुर थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया है कि दोपहर 3:45 बजे उसके पिता कमल सिंह सिदार कुछ सामान लेने एनएच की तरफ गए थे। इसी बीच गांव के ही रहने वाले राजू सिदार ने उसे बताया कि उसके पिता का एक्सीडेंट हो गया है। इस सूचना के बाद जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि सड़क में उसके पिता कमल सिंह सिदार का शव पड़ा हुआ था और लोगों की भीड़ लगी हुई थी। वहीं मौके पर कार क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी थी। कार चालक ने तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए इस घटना को अंजाम दिया है। जिसके बाद सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के अस्पताल भेज दिया है। बहरहाल मृतक के पुत्र की रिपोर्ट के बाद भूपदेवपुर पुलिस आरोपी कार चालक के खिलाफ के तहत अपराध दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रायपुर से गिरफ्तार कर कवर्धा लाया गया, 10 मई को होना थी आरोपी की शादी

10 साल तक युवती से शारीरिक शोषण के आरोपी कांग्रेस नेता को शादी से पहले पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले से एक कांग्रेस नेता को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इस बड़े प्रकरण में रायपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। बताया जाता है कि कांग्रेस नेता को शादी से ठीक पहले पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक युवती की ओर से गंभीर यौन शोषण के आरोपों के बाद यह गिरफ्तारी हुई है। इससे रायपुर समेत कबीरधाम में चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे कवर्धा लाया गया। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को आरोपी की जानकारी मिलने पर टीम ने उसे हिरासत में लिया। कवर्धा के जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि चंद्रवंशी पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर महिला थाना में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले की प्रारंभिक जांच के बाद आरोपों को गंभीर मानते हुए कार्रवाई की गई है।

पीड़िता को दिया था शादी का आश्वासन

खास और बड़ी बात यह है कि रवि चंद्रवंशी की शादी सात मई को तय थी। शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। इस घटना को लेकर सियासी गलियारे में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उसे शादी का आश्वासन दिया था। इसके बाद कई बार शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी करने से पीछे हट गया। फिलहाल, पुलिस मामले की गहन-जांच पड़ताल कर रही है। इस केस में दोनों पक्षों के बयान, सबूत और अन्य पहलुओं को शामिल कर जांच की जा रही है।

वर्ष 2016 से कर रहा था शारीरिक शोषण

इतना ही नहीं युवती का आरोप है कि कांग्रेस नेता ने उसे शादी का भरोसा देकर करीब 10 वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कवर्धा के डीएसपी आशीष शुक्ला ने बताया कि युवती ने लिखित आवेदन में कहा है कि साल 2016 से आरोपी ने शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए। शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी कांग्रेस नेता रवि चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कांग्रेस के सीनियर नेताओं का करीबी

मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया था। टीम को पता चला कि आरोपी अपने घर पर नहीं है। रायपुर में जानकारी मिलने के बाद कबीरधाम पुलिस की टीम वहां गई थी। शनिवार देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर कवर्धा महिला थाना लाया गया। जैसा कि सोशल मीडिया पर नजर आ रहा है कि आरोपी कांग्रेस के कई सीनियर नेताओं का करीबी रहा है। उसके कई नेताओं के साथ फोटो हैं। अपनी इसी पहुंच की वजह से उसे किसान नेता की कमान मिली थी। वह पूर्व में जोगी कांग्रेस में रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से जोगी कांग्रेस की टिकट से चुनाव लड़ चुका है। हालांकि उसे हार का सामना करना पड़ा। दो साल पहले ही कांग्रेस में वापसी की है। वर्तमान में वह किसान कांग्रेस का जिला अध्यक्ष है। पार्टी आरोपी के ऊपर क्या कार्रवाई करती है, ये तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।

लाइसेंसी हथियारों को 'दो नंबर' में बदलने का खेल, फरार बाबा ईसाई, प्रिंस नेल्सन और अर्पित कुशवाहा पर शिकंजा, मीडिया कनेक्शन और विवादित प्रॉपर्टी सौदों की भी जांच

जमीन, साजिश और 'गन नेटवर्क

रांझी हत्याकांड में बाबा, जैकब के साथ रज्जाक कनेक्शन गहराया

हरिभूमि, जबलपुर।

रांझी के बड़ा पत्थर नरसिंहनगर में हुए क्लीरेंस एटकिंस हत्याकांड की जांच अब कई परतें खोल रही है। शुरुआती तौर पर जमीनी विवाद से जुड़ी इस वारदात ने अब कथित हथियार तस्करी नेटवर्क, पुराने आपराधिक गठजोड़ और विवादित प्रॉपर्टी सौदों तक अपनी पहुंच दिखानी शुरू कर दी है। पुलिस के रडार पर मुख्य साजिशकर्ता विकास नेल्सन उर्फ "बाबा ईसाई" उसका बेटा प्रिंस नेल्सन और साथी अर्पित कुशवाहा हैं, जो फिलहाल फरार हैं।

विकास नेल्सन
उर्फ बाबा ईसाई

प्रिंस नेल्सन

हरिभूमि फॉलोअप

ठेकेदार की हत्या के पीछे पुराना जमीनी विवाद, फरार मुख्य आरोपी 'बाबा ईसाई' पर हथियार सप्लाई के आरोप, रज्जाक पहलवान कनेक्शन से जांच तेज
जमीन, साजिश और गोली
रांझी हत्याकांड में हथियार तस्करी नेटवर्क की एंट्री!

कटनी का जैकब और 'दो नंबर' हथियारों का खेल

जांच में कटनी के कुख्यात जैकब की भूमिका भी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक वह दमोह, कटनी, नरसिंहपुर और मंडला जैसे जिलों में जारी वैध हथियार के लायसेंस नंबर के नंबर में हेरफेर कर उन्हें अवैध रूप में परिवर्तित कर देता था। इसके बाद यह हथियार बदमाशों तक पहुंचाए जाते थे। आशंका जताई जा रही है कि रांझी हत्याकांड में इस्तेमाल हथियार भी इसी नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं।

रज्जाक पहलवान कनेक्शन फिर चर्चा में

जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक उर्फ रज्जाक पहलवान से जुड़े पुराने प्रकरण भी फिर से सुर्खियों में हैं। सूत्र बताते हैं कि रज्जाक के ठिकाने से पूर्व में बरामद हथियारों की सप्लाई भी बाबा और जैकब के नेटवर्क के जरिए हुई थी। बताया जा रहा है कि बाबा वर्ष 2000 से ही इस गैंग से जुड़ा हुआ है और पुलिस पुराने रिकॉर्ड खंगाल रही है।

अक्कू हत्याकांड की कड़ी भी खंगाल रही पुलिस

वर्ष 2003 के बहुचर्चित अक्कू हत्याकांड में भी बाबा ईसाई द्वारा हथियार सप्लाई की चर्चाएं सामने आई थीं। हालांकि उस समय इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई थी, लेकिन अब जांच एजेंसियां उस कड़ी को भी फिर से जोड़ने में जुटी हैं।

क्राइम ब्रांच की रडार पर पहले से था बाबा

रांझी हत्याकांड से पहले ही जबलपुर क्राइम ब्रांच बाबा ईसाई की तलाश कर रही थी। मंडला में हुई गोलीबारी की एक घटना में भी उसका नाम सामने आया था, जिसमें वह गुड्डू नैयर के साथ मंडला जेल पहुंच चुका है।

मीडिया कनेक्शन और विवादित प्रॉपर्टी पर भी नजर

जांच के दौरान एक और संवेदनशील पहलू सामने आया है। सूत्रों के अनुसार बाबा ईसाई के एक नामी मीडिया हाउस से जुड़े व्यक्ति से करीबी संबंध होने की चर्चा है। साथ ही, विवादित संपत्तियों की खरीद-फरोख्त और कब्जे के मामलों में भी उसका नाम बार-बार सामने आता रहा है। हालांकि पुलिस ने इन बिंदुओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन इन पहलुओं को भी गंभीरता से जांच के दायरे में रखा गया है।

कई जिलों में दर्ज हैं आपराधिक प्रकरण

बाबा ईसाई पर जबलपुर, मंडला और नरसिंहपुर समेत कई जिलों में प्रॉपर्टी कब्जाने, धमकाने और अन्य आपराधिक गतिविधियों के मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इन सभी मामलों को जोड़कर उसके पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी है।

फरार आरोपियों की तलाश में दबिश जारी

मुख्य आरोपी बाबा ईसाई, उसका बेटा प्रिंस नेल्सन और अर्पित कुशवाहा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र के आधार पर उनकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

गिरफ्तारी के बाद होंगे बड़े खुलासे

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में कई अहम इनपुट मिले हैं। जैसे ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी होगी, हथियार तस्करी, पुराने आपराधिक गठजोड़ और प्रॉपर्टी विवादों से जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ सकते हैं।

30 अप्रैल के बाद भी जारी रहेगी स्लॉट की बुकिंग

जबलपुर। समर्थन मूल्य पर जिले में अभी तक समर्थन मूल्य पर 1 हजार 387 किसानों से 46 हजार 951 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों से समर्थन मूल्य गेहूँ खरीदी का कार्य जिले में 15 अप्रैल से प्रारंभ हुआ था और अभी तक 16 हजार 691 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सीमा बौरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार फिलहाल किसानों से गेहूँ का उपार्जन 60 खरीदी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। जल्दी ही दस और खरीदी केंद्रों की स्थापना की जायेगी। पिछले वर्ष गेहूँ उपार्जन के लिये 70 खरीदी केंद्र जिले में स्थापित किये गये थे। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय करने जिले में 50 हजार 788 किसानों द्वारा अपना पंजीयन कराया गया है। इनमें से 32.86 प्रतिशत किसान स्लॉट बुक भी करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि उपार्जन के प्रारंभिक चरण में केवल 2 हेक्टेयर एवं उससे कम कृषि भूमिधारित करने वाले छोटे कृषकों के स्लॉट बुकिंग का प्रावधान किया गया है। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक के अनुसार प्रत्येक खरीदी केंद्र की स्लॉट बुकिंग की क्षमता भी बढ़ा दी गई है। प्रत्येक केंद्र पर अब प्रतिदिन 2 हजार 250 क्विंटल की क्षमता नियत कर दी गई है, ताकि अधिक से अधिक छोटे किसानों के स्लॉट बुक हो सके। छोटे किसानों की स्लॉट बुकिंग पूर्ण होने पर शीघ्र ही मध्यम एवं बड़े किसानों के भी स्लॉट बुकिंग पोर्टल पर चालू हो जाएंगे। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक के मुताबिक स्लॉट की बुकिंग 30 अप्रैल के बाद भी जारी रहेगी।

109 चालान, 13 ड्रंक एंड ड्राइव केस

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

हरिभूमि, जबलपुर।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के पालन को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से जबलपुर पुलिस ने विशेष अभियान की शुरुआत की है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 26 अप्रैल से 10 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत हेलमेट न पहनने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशानुसार पीओएस मशीन के माध्यम से चालानी कार्रवाई तेज की गई है, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए सीधे परिवहन विभाग को प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

एएसपी यातायात अंजना तिवारी के निर्देशन में जसूजा सिटी, महाराजपुर फॉरेस्ट नाका और पाटन बायपास जैसे प्रमुख स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान हेलमेट नहीं पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 109 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 129/194(घ) के तहत चालान किए गए, जिनसे 32,700 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। वहीं 19 चालकों के लाइसेंस निलंबन हेतु पीओएस मशीन के माध्यम से परिवहन विभाग को भेजे गए। अभियान के तहत शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर भी शिकंजा कसा गया। ब्रीथ एनालाइजर से जांच कर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत शहर में 11 प्रकरण बनाए गए, जबकि एनएचएआई टीम के साथ बरगी टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों के खिलाफ विशेष कार्रवाई में 2 मामले दर्ज किए गए। इस तरह कुल 13 प्रकरण न्यायालय में पेश किए जाएंगे। जागरूकता के तहत छोटी लाइन फाटक पर अनाउंसमेंट कर लोगों को हेलमेट पहनने और नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। पुलिस कप्तान ने नागरिकों से अपील की है कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें और दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। अभियान लगातार जारी रहेगा।

कांबिंग गश्त में बड़ी कार्रवाई, देर रात तक चला अभियान

263 वारंट तामील, वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देशन में चलाए गए विशेष कांबिंग गस्त अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 25 अप्रैल की रात 9 बजे से 26 अप्रैल की तड़के 2 बजे तक चले इस अभियान में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्रवाई करते हुए कुल 263 वारंट तामील किए गए। अभियान का नेतृत्व एएसपी शहर आयुष गुप्ता, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं एएसपी यातायात अंजना तिवारी सहित समस्त नगर पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी और थाना प्रभारियों द्वारा किया गया। जिले भर में अलग-अलग टीमें गठित कर फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए सघन दबिश दी गई।

घर में सो रहे थे चैन की नींद

कांबिंग गश्त के दौरान 131 गैर म्यादी वारंट, 77 गिरफ्तारी वारंट और 55 जमानती वारंट तामील किए गए। इनमें कई ऐसे आरोपी शामिल हैं जो वर्षों से फरार चल रहे थे और लगातार पुलिस से बचते फिर रहे थे। कार्यवाही के दौरान कई वारंटी घर पर चैन की नींद सोते मिले जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। सभी गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

सड़कों पर घूमने वालों से पूछताछ

इसके अलावा पुलिस टीमों ने सक्रिय गुंडे-बदमाशों की निगरानी करते हुए देर रात घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखानों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। वाहनों की जांच कर नियमों का पालन सुनिश्चित कराया गया।

निरंतर जारी रहेगा अभियान

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने कहा कि यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ जारी सख्त अभियान का हिस्सा है। उनका उद्देश्य जिले में सुरक्षा का माहौल मजबूत करना और कानून का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि अपराध और अपराधियों पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

बार संचालक और कर्मचारियों की जमकर पिटाई

पिछले दरवाजे से खुले बियर बार में पथराव

जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत बलदेवबाग चौराहे के पास स्थित एक बीयर बार में शनिवार की देर रात अचानक उपद्रव हो गया. दरअसल कुछ स्थानीय लोगों ने देर रात तक खुले रहने वाले से होने वाली परेशानी से त्रस्त होकर बीयर बार में पथराव कर दिया. उसके बाद हुई कहा सुनी मारपीट में तब्दील हो गई. आरोप है कि पिछले दरवाजे से बीयर बार देर रात तक चालू रहता है जिससे वहां के रहवासियों को शराबियों से परेशानी होती है. यही वजह विवाद का मुख्य कारण बताई जा रही है. बहर हाल घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात 10 बजे के लगभग बार के पिछले हिस्से में अचानक पत्थरों की बारिश होने लगी. उसके बाद बार संचालक प्रशांत उर्फ मोनू राय ने अपने दो कर्मचारियों सुरेश जायसवाल और रूपेश कोरी को देखने के लिये भेजा. बार के कर्मचारी विकास उर्फ रिंकू ग्रोवर के पहुंच गये और पत्थराव के संबंध में उससे विवाद करने लगे. इसके बाद मामला मारपीट में बदल गया. आरोप है कि रिंकू और उसके साथी अमित द्विवेदी ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ता देख कर्मचारी अपनी एक्टिवा वहीं छोड़कर जान बचाकर भागे। इसके बाद जब संचालक प्रशांत राय अपने अन्य साथियों के साथ बातचीत के जरिए मामला सुलझाने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। रिंकू ग्रोवर और अमित द्विवेदी ने संचालक को घेरकर मारपीट शुरू की। इसी बीच रिंकू ने लोहे की रॉड से कर्मचारी रूपेश कोरी के पैर पर जोरदार प्रहार किया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। शोर सुनकर रिंकू के चाचा विनोद ग्रोवर भी वहां आ गए और तीनों ने मिलकर बार कर्मचारियों की पिटाई कर दी. कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पनागर इमलई फैक्ट्री में वारदात आरोपी गिरफ्तार

आपसी विवाद में चाकू से युवक की हत्या

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत ज्युपीटर बैग्स फैक्ट्री इमलई में गत 23 अप्रैल की रात चाकू मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई. पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के मुताबिक मृतक और आरोपी के बीच शराब के नशे में आपसी विवाद हुआ इस दौरान सब्जी काटने वाली चाकू से गर्दन में किये गये वार से नस कटने पर युवक की मेडिकल कालेज में मौत हो गई. घटना के संबंध मे पनागर थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि गत 23 अप्रैल की रात 10 बजे पनागर इमलई स्थित वैंगस फैक्ट्री के एडम ब्लॉक में काम करने वाले सोमनाथ और आदित्य पासवान के बीच आपसी विवाद हुआ इस दौरान आदित्य ने सब्जी काटने वाली चाकू से उसकी गर्दन पर वार कर दिया. जिससे उसकी गले की नस कट गई. सुरक्षा गार्ड धीरज यादव को सूचना मिली उसने अपने इंचार्ज अरविंद कुर्मी को घटना की जानकारी दी और तत्काल एम्बूलेंस भिजवाई. एम्बूलेंस से उसे पनागर अस्पताल ले जाया गया. अस्पताल मे सोमनाथ को पलंग मे लेटाकर पट्टी लगाये थे जो सोमनाथ अपनी पट्टी निकाल लिया था कुछ देर बाद पनागर अस्पताल के पलंग से सोमनाथ गिर गया तो गले के पास से खून निकलने लगा जिसे डक्टर ने मेडीकल कालेज के लिये रैफर कर दिये तो उसी एम्बुलेंस से सोमनाथ को मेडीकल कालेज जबलपुर ले गये जहॉ रात्रि करीबन 11.30 बजे मेडीकल कालेज के डक्टर ने सोमनाथ चिटी पिता वनामाली चिटी निवासी नीलकन्हैया पुरवा जिला मिदनीपुर पश्चिम बंगाल को मृत घोषित कर दिया है । सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया. इस बीच मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पाया गया कि शार्प पेनिट्रेटिंग आब्जेक्ट से गले की नस कटने के कारण उसकी मौत हुई। घटना के साक्षियों के कथन और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी बिहार निवासी आदित्य कुमार पासवान के खिलाफ धारा 103 (1) के तहत प्रकरण दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

जबलपुर के पर्यटन उद्योग पर मंडराया खतरा

बाघों की मौत: कान्हा-बांधवगढ़ में बिगड़ता प्रबंधन

जबलपुर। टाइगर स्टेट कहलाने वाले मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की लगातार हो रही मौत अब सिर्फ वन्यजीव संरक्षण का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि इसका असर सीधे तौर पर जबलपुर के पर्यटन पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में अमाही बाघिन (टी-141) के तीसरे शावक की मौत ने हालात की गंभीरता को और बढ़ा दिया है। इससे पहले 21 और 24 अप्रैल को भी इसी बाघिन के दो शावकों की मौत हो चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि दो शावकों के पेट खाली थे, जिससे भूख से मौत की आशंका जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि जिस तरह से कान्हा टाइगर रिजर्व और बांधवगढ़ नेशनल पार्क में प्रबंधन संबंधी समस्याएं सामने आ रही हैं, उसका सीधा नुकसान जबलपुर को झेलना पड़ सकता है।

जबलपुर: पर्यटन का चेक-इन प्वाइंट

जबलपुर, कान्हा और बांधवगढ़ जाने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख ट्रांजिट सिटी है। देश-विदेश से आने वाले अधिकांश पर्यटक पहले जबलपुर पहुंचते हैं और यहां रुककर आगे नेशनल पार्क्स की ओर जाते हैं। इस वजह से शहर के होटल, ट्रैवल एजेंसी, टैक्सी और स्थानीय कारोबार को सीधा लाभ मिलता है। यदि नेशनल पार्क्स में बाघों की संख्या कम होती है या लगातार नकारात्मक खबरें आती हैं, तो पर्यटकों की संख्या में गिरावट आ सकती है। इसका असर जबलपुर के होटल व्यवसाय, रेस्टोरेंट और टूरिज्म इंडस्ट्री पर पड़ेगा।

एक महीने में चौथी मौत

कान्हा में इस महीने यह चौथी बाघ से जुड़ी घटना है। 5 अप्रैल को टी-122 नाम की मादा बाघ की मौत हुई थी, जबकि 21 और 24 अप्रैल को दो शावकों की जान गई। 24 अप्रैल को बालाघाट के बैहर क्षेत्र में भी एक बाघ मृत मिला था। पिछले 8 महीनों में कान्हा में 10 बाघ और 5 तेंदुओं की मौत हो चुकी है, जो प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

बाघिन और बचे शावक पर भी खतरा

अमाही बाघिन की हालत भी कमजोर बताई जा रही है। ऐसे में उसके बचे हुए एक शावक की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। वन विभाग ने शवों को स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ भेजकर जांच शुरू कर दी है।

पर्यटन विशेषज्ञों की चिंता

स्थानीय पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही, तो जबलपुर आने वाले पर्यटकों की संख्या में गिरावट तय है। नेशनल पार्क्स यहां के पर्यटन की "रीढ़" हैं, और उनकी छवि खराब होने से पूरा इकोसिस्टम प्रभावित होगा।

जरूरी है मजबूत प्रबंधन

विशेषज्ञों का मानना है कि नेशनल पार्क्स में बेहतर प्रबंधन, भोजन की उपलब्धता, सुरक्षा और मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत करना बेहद जरूरी है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो इसका नुकसान सिर्फ वन्यजीवों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जबलपुर की अर्थव्यवस्था पर भी गहरा असर पड़ेगा।

तहसील कार्यालय में बैठक आयोजित

किसानों की समस्या का तत्काल होगा निराकरण : परस्ते

सिहोरा। तहसील कार्यालय के सभागार में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती ज्योती परस्ते की अध्यक्षता में किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रमेश पटेल के नेतृत्व में किसानों की बैठक का आयोजन किया गया इसमें किसानों ने खेतों की बिजली खाद,उपार्जन को लेकर हो रही दिक्कत से अधिकारी को अवगत कराया बैठक में विधुत, कृषि उपार्जन से संबंधित अधिकारियों ने किसानों की समस्या सुनने के बाद त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया.

झूलती विद्युत लाइन का खामियाजा उठा रहा किसान

बैठक में सर्वाधिक आक्रोश किसानों ने विधुत वितरण व्यवस्था के प्रति व्यक्ति करते हुऐ कहा कि घोषित के साथ की जाने वाली अघोषित विधुत कटौती के चलते किसानों को आठ घण्टे भी बिजली नहीं मिल पा रही है मेंटेनेंस के नाम पर विभाग केवल पेड़ों की डालियां वो भी किसानों की मदद से काटकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है जबकी झूलती विद्युत लाइनों का रखरखाव न किये जाने से किसानों को गुणवत्तायुक्त विद्युत तो प्राप्त हो ही नहीं रही साथ ही झूलती लाईन दुर्घटना को अंजाम दे रही है इसी प्रकार ओवर लोड टांसफार्मर का भी विभाग द्वारा कोई निराकरण नहीं किया जा रहा।किसानों की समस्या का शीघ्र निराकरण का आश्वाशन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

खाद के संकट से कब मिलेगी निजात

राजस्व एंव कृषि विभाग के पास बोनी के रकवे के साथ किसानों की सारी जानकारी उपलब्ध होने के वावजूद प्रतिवर्ष किसानों को खाद के संकट से जुझना पड़ता है जबकि प्रशासन चाह ले तो पहले से खाद की व्यवस्था कर सकता है किसानों की समस्या का निराकरण करते हुऐ वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एस राठौर ने बताया की वर्तमान में शासन द्वारा प्रति एकड़ एक बोरी डीएपी तथा दो बोरी यूरिया का प्रावधान रखा है इसके साथ ही एक माह में एक किसान को अधिकतम पचास बेग वितरण का प्रावधान रखा है आगे भी शाशन से प्राप्त निर्देशों के तहत किसानो की समस्या का निराकरण किया जायेगा।

गेहूं उपार्जन बने लूट का जरिया

किसानों की आय बढ़ाने वाली गई उपार्जन निति लूट का जरिया बन गई है। गेहूं उपार्जन केन्द्रों में अधिक तौल के साथ गिनती पल्लेदारी के पैसे किसानो को पल्ले से जा रहे हैं।बडे किसानों के स्लाट बुकिंग बिलिंग में सर्वर की गंभीर समस्या से किसानों को जुझना पड़ रहा है।कनिष्ठ आपूर्ती अधिकारी ने बताया की सिहोरा मझौली में 10 तथा सिहोरा में 11 उपार्जन केंद्र बनाये गये है।सर्वर की समस्या के कारण स्लाट बुकिंग एंव बिलिंग की समस्या आ रही है शनिवार की शाम सात बजे से दो हैक्टेयर से बडे किसानों की भी स्लाट बुकिंग चालू हो गई है तौल में कटौती और अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए किसानों ने आक्रोश व्यक्त किया।

ये रहे उपस्थित

बैठक में किसान विनय पटेल,अनिल पटेल, चंद्रजीत पटेल,सुरेंद्र पटेल,जितेंद्र पटेल,लक्ष्मी पटेल,ओम प्रकाश पटेल,वीरेंद्र पटेल और श्याम यादव,बंटी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर आयोजित

सिहोरा- उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के निर्देशापालन में न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान श्यामसुंदर झा,पैनल लॉयर एवं पैरालीगल वॉलंटियर्स की उपस्थिति में विधिक सहायता शिविर एवं विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल कॉलेज के आठ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम,जेल चिकित्सक डॉ आर.पी.त्रिपाठी एवं सिविल अस्पताल सिहोरा की लेब टेक्नीशियन टीम द्वारा जेल में निरुद्ध समस्त 93 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार प्रदान किया गया एवं एचआईवी, सिफलिस व टीबी की जांच की गई उक्त शिविर में कोई भी बंदी किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित नहीं पाया गया। जेलर दिलीप नायक ने विधिक सेवा समिति,न्यायाधीश एंव चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

सिहोरा में संघ के शताब्दी वर्ष पर प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित

सिहोरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सिहोरा नगर में एक प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन किया गया जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के प्रमुख आयोजनों का एक महत्वपूर्ण भाग था। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए बुद्धिजीवियों में सिहोरा नगर के विभिन्न चिकित्सकों, इंजीनियरों,अधिवक्ता शिक्षकों एवं अन्य प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति ने इस आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम में वर्तमान में कृषि भाग,जबलपुर के भाग संघचालक अनिल गुप्ता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने संघ के प्रथम सर संघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के राष्ट्र के प्रति अद्वितीय समर्पण पर प्रकाश डाला तथा द्वितीय सरसंघचालक गुरुजी (माधव सदाशिवराव गोलवलकर) के योगदान एवं परिश्रमों के विषय में विस्तार से बताया।

डॉक्टर विहीन हुआ सरकारी अस्पताल स्टाफ नर्स के भरोसे चल रही ओपीडी

बरेला। नगर का एक मात्र शासकीय अस्पताल वर्तमान में भगवान भरोसे चल रहा है यहां पर पदस्थ महिला डॉक्टर का एक महीने पहलेपोस्ट ग्रेजुएट मैं चयन हो जाने के कारण. भोपाल तबादला हो गया है इसके कारण वर्तमान में शासकीय अस्पताल डॉक्टर विहीन हो गया है जिसके कारण मरीजों को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

पहले गया मुख्यालय और अब डॉक्टर भी नसीब नहीं- नगर की स्वास्थ्य सेवाएं दिन पर दिन बदतर होती जा रही हैं यहां पर पहले बीएमओ का मुख्यालय था किंतु 3 साल पूर्व. यह मुख्यालय भी बरगी चला गयाऔर वर्तमान में डॉक्टर के चले जाने के कारण अब गरीब आदमी को इलाज के लिए. जिला चिकित्सालय की ओर रुख करना पड़ रहा है.

रिक्त पड़े हैं अनेक पद—सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर, पुरूष डॉक्टर, एक वार्ड बॉय,ड्रेसर,और टेकनीशियन के पद खाली पड़े हैं।

सी एच ओ औरहोम्योपैथिक डॉक्टर के भरोसे चल रही ओपीडी- वर्तमान में सरकारी अस्पताल में पदस्थ होम्योपैथिक चिकित्सक बुधवार और शुक्रवार को ओ पी डी देखती हैं और बाकी दिनों में स्टाफ नर्स के भरोसे यहां की ओपीडी चल रही है।अपने परिचित का इलाज कराने आए सहयोगी का कहना है किशासकीय अस्पताल में वर्तमान में कोई भी डॉक्टर नहीं है।मजबूरी वश इलाज कराने प्राइवेट चिकित्सक की ओर जाना पड़ रहा है।

एम एल सी के लिए भी होना पड़ रहा परेशान- लड़ाई झगड़े में पुलिस केस दर्ज करने पर घायलों की एम एल सी के लिए पुलिस विभाग भी डॉक्टर न होने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चक्कर लगाने विवश है।

उच्च अधिकारियों को नहीं है अस्पताल की चिंता- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 80 गांव आते हैं. यहां की गरीब आबादी. इलाज के लिए केवल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही निर्भर है. डॉक्टर को गए हुए लगभग एक महीने से ज्यादा होने जा रहे हैं. किंतु इसके बावजूद भी बीएमओ और सीएमएचओ द्वारा इस अस्पताल में अभी तक कोई भी स्थायी डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई है. बीएमओ और सीएमएचओ द्वारा डॉक्टर को रिलीव करने के पहले. यहां पर डॉक्टर की व्यवस्था करनी चाहिए थी. किंतु उच्च अधिकारियों को भी जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है. यही कारण है कि आज तक यहां पर डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई है।

पहाड़ी खेड़ा में गहराया जल संकट 5 दिन में एक बार मिल रहा पानी

बरेला। गर्मी आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट अपना पैर पसारने लगता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की हाहाकार मचा हुआ है । शासन द्वारा करोड़ों रुपए की नल जल योजनाएं शो पीस बनी हुई है जिसकी वजह से ग्रामीणों को गर्मी में पानी की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है इसका प्रत्यक्ष नजारा जबलपुर निवास मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत पहाड़ी खेड़ा में देखा जा सकता है जहां पर जल जीवन मिशन द्वारा पानी की टंकी बनाई गई है किंतु वह भी वर्तमान में शोपीस बनी हुई है। ग्राम पंचायत पहाड़ी खेड़ा में लगभग 3500 की आबादी निवास रतहै । इसके अलावा जानवर भी पाले हुए है।यहां पर पानी की विकराल समस्या बनी हुई है यहां पर लोगों को बड़ी मुश्किल से चार-पांच दिन में एक बार पानी मिल पा रहा है जिसके कारण लोगों को पानी की व्यवस्था में ही यहां वहां भटकना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी प्रताप पटेल, जितेंद्र पटेल ने बताया कि ग्राम पहाड़ी खेड़ा में जल जीवन मिशन द्वारा हाल ही में लाखों रुपए की लागत से पानी की टंकी बनाई गई है तथा बोर भी कराया गया है किंतु अभी तक उस टंकी में पानी नहीं भरा गया है ना ही टंकी की टेस्टिंग की गई है। अपितु विभाग द्वारा बोर में मशीन भी नहीं डाली गई है जिसकी वजह से ग्रामीणों को निजी स्त्रोतों और खेतों में निजी बोर की ओर अग्रसर होना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पहाड़ी खेड़ा में हर साल पानी की समस्या गर्मी में विकराल हो जाती है जल जीवन मिशन और पीएच विभाग द्वारा भी पानी की उचित व्यवस्था ना करने के कारण लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है वर्तमान में ग्राम में एक बोर और एक कुआं है जिससे कि पानी की सप्लाई हो रही है किंतु इतनी बड़ी आबादी में यह पानी भी बमुश्किल से लोगों के लोगों घरों में चार-पांच दिन में एक बार ही पहुंच पा रहा है। वर्तमान में पानी का जल स्तर घटता जा रहा है इसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्र के जल स्त्रोत भी सूखते जा रहे हैं। विभाग द्वारा यहां पर लगभग एक महीने पहले बोरभी कराया गया है किंतु अभी तक उसे बोर में मशीन नहीं डाली गई इसकी वजह से यह पानी की समस्या और भी गंभीर हो गई है ग्रामीणों ने अभिलंब इस जयसंकट से निजात दिलाने की मांग की है अन्यथा ग्रामीण जबलपुर निवास मार्ग पर आंदोलन करने विवश होंगे।

शौर्य यात्रा की प्रथम बैठक संपन्न

जबलपुर। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर 26/04/26 को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में यात्रा को भव्यतापूर्ण सम्पन्न कराने एवं पूजन अर्चन के साथ साज सज्जा व सौहार्द का परिचय देने पर विचार हुआ। बैठक प्रदेश कार्यालय राइट टाउन में आहुत की गई। मुख्य रूप से शैलेंद्र सिंह (प्रदेश अध्यक्ष) दिलीप सिंह, श्रीमती प्रेम सिंह, सुनील सिंह चंदेल, प्रवेंद्र चौहान, रंजीत ठाकुर, पुष्पेन्द्र सिंह, सीमा सिंह (जुग्गी), शेफाली सिंह, सीमा सिंह चौहान, मेघा परमार, चंदा सिंह, माया सिंह, मालती सिंह, मुकेश सिंह, ऋषि भान सिंह, पुष्पराज सिंह, अजय राजपूत, हरीश सिंह, वासुदेव सिंह, विवेक सिंह, नागेंद्र सिंह, सतीश सिंह, सौरभ ठाकुर, पीयूष सिंह, गौरव सिंह, राहुल राजपूत एवं अन्य क्षत्रिय राजपूत सदस्य उपस्थित रहे।

"नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा के समापन अवसर पर "महिलाएं एवं कानून" विषय पर व्याख्यान आयोजित

महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का कर्तव्य है : डॉ. आदित्य गर्ग

जबलपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा "नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा के समापन अवसर पर 25/04/2026 को "महिलाएं एवं कानून" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. आदित्य गर्ग, विधि विशेषज्ञ ने महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों, विधिक संरक्षण तथा वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आधुनिक विधिक व्यवस्था ने महिलाओं को समान अधिकार प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। महिलाओं का सशक्त होना समाज के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का कर्तव्य है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,15 एवं 21 के अंतर्गत महिलाओं को प्राप्त अधिकारों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक कानून मौजूद हैं, लेकिन उनकी प्रभावशीलता तब ही सुनिश्चित होगी जब समाज में जागरूकता बढ़ेगी और महिलाएं स्वयं अपने अधिकारों के प्रति सजग होंगी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल द्वारा डॉ. ज्योति जुनगरे, बबिता ठाकुर एवं कु. राधा सैनी को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

भारतीय संस्कृति को जनमानस में व्याप्त करने आदि गुरु शंकराचार्य का महत्वपूर्ण योगदान : वैभव व्यास

पाटन। आदिगुरु शंकराचार्य जयंती के पावन अवसर पर शंकराचार्य व्याख्यान माला का कक्षाओं के अंतिम सत्र में आयोजित हुआ जिसमें दीप प्रज्वलन कर अतिथियों ने राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम आरम्भ किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि शंकराचार्य भारतीय संस्कृति के सबसे महान ध्वज वाहक थे मुख्य वक्ता वैभव व्यास ने शंकराचार्य के साहित्यिक सामाजिक धार्मिक कार्यों एवं जीवनी पर अपने विस्तृत विचार रखे। विकास खंड समन्वयक श्रीमति नूपुर खरे कुंवर शंकर सिंह जनकल्याण नवांकुर संस्था प्रतिनिधि रामनारायण सिंह एवं अहिंसा अक्षर फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान अनिता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था प्रतिनिधि उमाकांत यादव यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन परामर्श दाता रामराजा यादव स्वागत कामता प्रसाद सेन आभार श्रीमति प्रियंका जैन ने प्रस्तुत किया। प्रेरणा गीत कमल झारिया एवं जल संरक्षण की शपथ यशवन्त सेन ने दिलाई कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो के सदस्य एवं छात्र उपस्थित रहे।

सब जूनियर महिला अस्मिता हाकी लीग में मप्र ने आंध्र प्रदेश 6-2 से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया

जबलपुर। हाकी इंडिया के तत्वावधान में एल एन आई पी ग्वालियर में आयोजित की जा रही। 9वी सब जूनियर महिला अस्मिता हाकी लीग के सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश शानदार प्रदर्शन करते हुए आंध्र प्रदेश को 6-2 पराजित कर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया।लोक बहादुर महासचिव हाकी की जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश एवं आंध्र प्रदेश के मध्य खेले गए मैच में आरंभ में एक दूसरे पर अच्छे आक्रामक किए। जिसके परिणामस्वरूप खेल के 9वे मिनट में आंध्र प्रदेश के पक्ष में एक पेनाल्टी स्ट्रोक दिया गया। जिसको मधुरिमा बाई पुजारी ने गोल में तब्दील कर आंध्र प्रदेश को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके तुरन्त बाद मध्य प्रदेश की अग्रिम पंक्ति द्वारा सुनियोजित तरीके से शानदार आक्रमण किए। जिसके फलस्वरूप खेल के 6वें मिनट में तन्वी ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इसके साथ ही मध्य प्रदेश ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए आंध्र प्रदेश पर पूरी तरह दबाव बनाएं रखा। जिसके परिणामस्वरूप खेल के 17वें मिनट में प्रियांशी ने एक फील्ड गोल कर 2-1 बढ़त दिला दी। एवं खेल के 42 वें मिनट में तन्वी ने एक ओर फील्ड गोल कर टीम की बढ़त 3-1 करा दी। तथा खेल के 45वें मिनट में हिरवा पुरोहित ने गोल कर 4-1 की बढ़त दिला दी। एवं खेल के 54 वें मिनट में तन्वी ने एक ओर फील्ड गोल कर बढ़त को 5-1 करा दिया। इसके पश्चात आंध्र प्रदेश की ओर से जबावी आक्रामक किए गए। जिसके परिणामस्वरूप खेल के 57 वें मिनट में आंध्र प्रदेश की ओर से वैष्णवी मेडेला ने एक गोल कर बढ़त को 2-5 करा दिया। इसके तुरन्त बाद मध्य प्रदेश की ओर से जवाबी आक्रमण किए गए। जिसके फलस्वरूप खेल के 58वें मिनट में भाविका ने शानदार फील्ड गोल टीम की बढ़त 6-2 करा दी।जो खेल के अंतिम समय तक कायम रही। इस तरह मध्य प्रदेश ने 6-2 से विजय हासिल की। फाइनल मैच 28 अप्रेल को खेला जाएगा।

अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स एवं चेस्ट सोसाइटी ऑफ जबलपुर की एनआईवी एवं ऑक्सीजन थैरेपी पर मास्टरक्लास कार्यशाला संपन्न

जबलपुर। अपोलो जे.बी.पी. हॉस्पिटल्स, जबलपुर के डिपार्टमेंट ऑफ पल्मोनरी क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन द्वारा चेस्ट सोसाइटी ऑफ जबलपुर के सहयोग से "मास्टरक्लास एंड वर्कशॉप ऑन नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन एंड ऑक्सीजन थैरेपी 2026" का सफल आयोजन 26 अप्रेल को किया गया। हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. शोभित बड़ेरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कोर्स डायरेक्टर डॉ. अंबरीश जोशी सीनियर कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजी, क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन के नेतृत्व में "Every Breath Matters" थीम पर आधारित "एविडेंस-बेस्ड अप्रोचेज टू नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन एंड ऑक्सीजन थेरेपी" पर गहन चर्चा एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया।

वैज्ञानिक सत्र : विशेषज्ञों का संगम-

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे पंजीकरण के साथ हुआ। एक्यूट रेस्पिरेटरी फेलियर प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर देश के ख्यात विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।

'क्रैश टू क्लैरिटी' रेस्पिरेटरी फेलियर के लिए व्यवस्थित दृष्टिकोण : डॉ. अंकित भाटिया। अध्यक्षता डॉ. अरविंद जैन, डॉ. दीपिका पटेल, डॉ. (प्रो.) ममता महोबिया।

'मास्क, कैनुला एंड बियॉन्ड' बेडसाइड पर सही ऑक्सीजन डिलीवरी डिवाइस का चुनाव : डॉ. श्रीकांत किशन। अध्यक्षता डॉ. हरभजन सैनी, ब्रिगेडियर (डॉ.) सत्यानंद एस.एम., डॉ. दीपक बहरानी।

'ब्रेकिंग द बैरियर' एन.आई.वी. के सिद्धांत एवं प्रैक्टिकल शुरुआत : डॉ. शुभा सिंघई। अध्यक्षता डॉ. ऋषि दावर, डॉ. (प्रो.) संजय भारती, डॉ. ब्रज बिहारी पटेल।

'टेमिंग द CO2 स्टॉर्म' एक्यूट हाइपरकैप्निक रेस्पिरेटरी फेलियर में एन.आई.वी. : डॉ. नितेश गुप्ता। अध्यक्षता डॉ. ब्रह्म प्रकाश, डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. (प्रो.) मयंक चंसोरिया।

उद्घाटन समारोह 'द ऑक्सीजनेशन बैटल' हाइपोक्सेमिक रेस्पिरेटरी फेलियर में एन.आई.वी. : डॉ. (प्रो.) तल्हा साद। अध्यक्षता डॉ. जगन हनुमंथु, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. सत्येन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

'बियॉन्ड रेस्पिरेटरी फेलियर' एन.आई.वी. की उभरती भूमिका : डॉ. अमरेंद्र शुक्ला। अध्यक्षता डॉ. विपुल काले, डॉ. बर्नाडेटा, डॉ. अनुपम साहनी।

'राइडिंग द फ्लो' एच.एफ.एन.ओ.: फिजियोलॉजी, एविडेंस एवं क्लिनिकल एप्लीकेशन : डॉ. बालाजी कन्नमनी। अध्यक्षता डॉ. निधि दीक्षित, डॉ. मुद्रा खरे, डॉ. नवीन शर्मा। 'व्हेन एन.आई.वी. मिसबिहेव्स' लीक्स, एसिंक्रनी और इंटॉलरेंस की ट्रबलशूटिंग : कोर्स डायरेक्टर डॉ. अंबरीश जोशी। अध्यक्षता डॉ. अतिशय जैन, डॉ. अंकुश सिंह कोटवाल, डॉ. शबाहत अली सिद्दीकी।

हैंड्स-ऑन वर्कशॉप : प्रतिभागियों को चार विशेषज्ञ स्टेशनों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया । ऑक्सीजन डिलीवरी डिवाइसेस : डॉ. दीपक शुक्ला, डॉ. राहुल असाटी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. ऋषिकांत अहरवाल।

एच.एफ.एन.सी. : डॉ. शुभम अग्रवाल, डॉ. शेखर कुमार सिंह, डॉ. रोहित पठानिया।

एन.आई.वी. इंटरफेस : डॉ. निपुण अग्रवाल, डॉ. विकास पटेल, डॉ. स्पंदन बिस्वास।एन.आई.वी. : डॉ. पारिजात पानसे, डॉ. सत्येन्द्र मिश्रा, डॉ. हर्षित श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

कार्यशाला का समापन शाम 4:00 बजे फोटो सेशन एवं प्रमाण-पत्र वितरण के साथ हुआ। कोर्स डायरेक्टर डॉ. अंबरीश जोशी ने बताया कि "रेस्पिरेटरी फेलियर के मामलों में समय पर एन.आई.वी. और एच.एफ.एन.ओ. का सही उपयोग मरीज की जान बचा सकता है। इस मास्टरक्लास का उद्देश्य चिकित्सकों को बेडसाइड निर्णय लेने एवं तकनीकी ट्रबलशूटिंग में दक्ष बनाना था। जबलपुर में इस स्तर का अकादमिक आयोजन महाकोशल क्षेत्र में क्रिटिकल केयर की गुणवत्ता को नई दिशा देगा।"

आयोजक डिपार्टमेंट ऑफ पल्मोनरी क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन, अपोलो जे.बी.पी. हॉस्पिटल्स एवं चेस्ट सोसाइटी ऑफ जबलपुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

फोटो जर्नलिस्ट फतेह सिंह को पुत्री शोक

जबलपुर। आईएनएच एवं हरिभूमि के फोटो ज़र्नलिस्ट फतेह सिंह (गुल्लू) की पुत्री सुश्री निशा सिंह 21 वर्षीय का रविवार को निधन हो गया है। सुश्री निशा सिंह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं तथा निजी अस्पताल में भर्ती थीं जहां उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। सुश्री निशा सिंह की अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे उनके निज निवास इंद्रा मार्केट पुल नं. 1 के पास लोको तलैया सिविल लाइंस से आज ग्वारीघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

सभी परिवार स्व गणना में करें सहयोग : जयश्री

नगरीय क्षेत्र का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

सिहोरा। जनगणना कार्य निदेशालय के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वार्ड क्रमांक 11 स्थित सामुदायिक भवन नगरीय क्षेत्र सिहोरा में चार्ज अधिकारी जनगणना जयश्री चौहान के मार्गदर्शन में फील्ड ट्रेनर संदीप कुमार तिवारी एवं अखिलेश मांझी की उपस्थिति में आयोजित किया गया।चार्ज अधिकारी श्रीमती चौहान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों कि उपस्थिति में नगर के समस्त परिवारों से अपील कि गई है कि वे 30 अप्रेल तक ऑनलाइन के माध्यम से स्व गणना करनें में सहयोग करें प्रशिक्षण की कार्य व्यवस्था में सुशील वर्मा जनगणना प्रभारी के साथ रवि बर्मन,संतोष तिवारी,गगन, पटेल,राहुल ठाकुर, संदीप, आनंद नामदेव,अनिकेत तिवारी,सुखचैन दाहिया,कीर्ति बर्मन,हिमांशु आदि शामिल रहे।

डॉक्टर पीएल भल्ला - जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ पीएल भल्ला का देवलोक गमन हो गया है। वे भल्ला ज्वेलर्स के संचालक राजीव भल्ला व नीना खत्री के पिता, रौनक, रक्षक के दादा, शुभम् व अंजली के नाना थे। उनका अंतिम संस्कार हाथीताल मुक्तिधाम में किया गया।

श्री सत्य नारायण राय- कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री सत्य नारायण राय (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती छाया सेठी- प्रेमनगर गुरूद्वारा के पास मदनमहल निवासी श्री दिलीप सेठी की धर्मपत्नी श्रीमती छाया सेठी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती पार्वती राजपूत- वाजपेयी कम्पाउंड सदर निवासी श्री सुंदर सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती राजपूत (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती अर्चना बाई सतनामी- गंगासागर गढ़ा रोड निवासी श्री राजकुमार सतनामी की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना बाई सतनामी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती राधा वडालकर- श्री परिसर शाहीनाका गढ़ा निवासी श्री मोहन वडलाकर की धर्मपत्नी श्रीमती राधा वडालकर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विजय कुमार चौबे- दक्षिण मिलौनीगंज बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री विजय कुमार चौबे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती कमला शर्मा- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री केश्वर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला शर्मा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री बद्री प्रसाद- कालीमठ

आमनपुर मदनमहल निवासी श्री बद्री प्रसाद (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री सत्य नारायण कुशवाहा- पुरानी पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री राम प्रसाद कुशवाहा के पुत्र श्री सत्य नारायण कुशवाहा (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती ननका बाई बंसल- प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री कल्लू बंसल की धर्मपत्नी श्रीमती ननका बाई बंसल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री कैलाश चंद्र- ग्राम रैपुरा तहसील पन्ना निवासी श्री कैलाश चंद्र (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शंभू पटेल- रानी दुर्गावती नगर फेस 1 तिलहरी निवासी श्री शंभू पटेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री मोहन लाल यादव- प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री मोहन लाल यादव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री ब्रह्मदेव दुबे- सुहागी अधारताल निवासी श्री ब्रह्मदेव दुबे (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

कु. मुस्कान झारिया- मानेगांव चंपानगर रांझी निवासी श्री नंद किशोर झारिया की पुत्री कु. मुस्कान झारिया (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दीपक तिवारी- सिहोरा बायपास निवासी श्री रामशरण तिवारी के पुत्र श्री दीपक तिवारी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री दशरथ झारिया- नर्मदा नगर पोलीपाथर निवासी श्री दशरथ झारिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

खबर संक्षेप

चंद्रबाबू को 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को एक मीडिया घराने ने 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार दिया है। पुरस्कार स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान दर्शाता है कि आंध्र प्रदेश में शासन सुधारों और नीतिगत पहलों के चलते राज्य निवेश और नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नायडू ने शनिवार देर रात 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैं 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इसे प्राप्त करना सम्मान और सौभाग्य की बात है।

मांग निकलने से बीते सप्ताह अधिकांश तेलों में रहा सुधार

नई दिल्ली। मंडियों में उपलब्धता कम रहने और उपभोक्ताओं की मांग निकलने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल जैसे अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम लाभ के साथ बंद हुए। ऊंचे दाम पर मांग कमजोर रहने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही।

बाजार पूंजीकरण में टीसीएस और रिलायंस को नुकसान

नई दिल्ली। शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच देश की शीर्ष-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के कुल बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।
समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 1,829.33 अंक यानी 2.33 प्रतिशत गिरा।

जियोस्टार का राजस्व 36,248 करोड़ रहा

नई दिल्ली। मीडिया और मनोरंजन मंच जियोस्टार ने कहा कि मार्च तिमाही के दौरान उससे 9,784 करोड़ रुपये का सकल राजस्व और 419 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। रिलायंस के मीडिया व्यवसाय और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय व्यवसाय के विलय के बाद बने संयुक्त उद्यम जियोस्टार का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक सकल राजस्व 36,248 करोड़ रुपये रहा।

खरीफ मांग को पूरा करने पर्याप्त उर्वरक भंडार

नई दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की उर्वरक सुरक्षा 'मजबूत, स्थिर एवं सुव्यवस्थित' बनी हुई है और जून से शुरू होने वाले आगामी खरीफ बुवाई सत्र के लिए आपूर्ति को और मजबूत करने हेतु अतिरिक्त 25 लाख टन यूरिया आयात किया जा रहा है।
उर्वरक विभाग ने बाजार में कमी के हालिया 'दावों' को खारिज करते हुए कहा कि देशभर में भंडार की स्थिति 'संतोषजनक' बनी है।

इंडसइंड बैंक को 594 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा

मुंबई। निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 594 करोड़ रुपये रहा। बैंक को वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 2,329 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव आनंद ने कहा कि पिछले समय में डेरिवेटिव कारोबार में हुए नुकसान और अन्य समस्याओं को अब दूर कर लिया गया है। अब बैंक आगे बढ़ने और कारोबार को मजबूत करने पर ध्यान दे रहा है।

अमेरिका ने सोलर कंपनियों को दिया झटका, लगाई 123 प्रतिशत की ड्यूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वारी एनर्जीज समेत कई सोलर कंपनियों के शेयर शुक्रवार को 5 प्रतिशत से ज्यादा तक लुढ़क गए। अमेरिकी कॉमर्स डिपार्टमेंट ने भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आयात किए जाने वाले सोलर सेल्स और पैनल्स पर प्रीलिमनेरी एंटी-डंपिंग ड्यूटीज की घोषणा की है। अमेरिका में कई घरेलू फैक्ट्री मालिकों ने आरोप लगाया था कि इन 3 देशों की कंपनियां अमेरिकी मार्केट में सस्ते सामान की डंपिंग कर रही हैं, इसके बाद यूएस कॉमर्स डिपार्टमेंट ने यह घोषणा की है। यह बात की एक रिपोर्ट में कही गई है।

- सोलर कंपनियों के शेयर हुए धड़ाम, पांच फीसदी से अधिक लुढ़के
- भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आयातित सोलर सेल्स व पैनल पर लगाया

भारत से होने वाले आयात पर 123.04 फीसदी ड्यूटी

रॉयटर्स कैलकुलेशंस के मुताबिक, हालिया बढ़लावों के बाद भारत से होने वाले आयात के लिए प्रीलिमनेरी ड्यूटी रेट्स, जिन्हें डंपिंग मार्जिन्स के नाम से जाना जाता है, बढ़कर 123.04 प्रतिशत पहुंच गए हैं। वहीं, इंडोनेशिया से होने वाले इंपोर्ट के लिए ड्यूटी रेट्स 35.17 प्रतिशत और लाओस से होने वाले आयात के लिए ड्यूटी रेट्स 22.46 प्रतिशत पहुंच गए हैं।

इन देशों की बड़ी हिस्सेदारी

अमेरिका से होने वाले टोटल सोलर इंपोर्ट्स में भारत, इंडोनेशिया और लाओस की संयुक्त हिस्सेदारी करीब दो तिहाई है, जो कि करीब 4.5 बिलियन डॉलर के करीब है। पिटीशन दाखिल करने वाले अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड में टेम्पे, एरिजोना बेस्ड फर्स्ट सोलर, क्यूसेल्स, कोरिया की हैनवा की सोलर डिवीजन और प्राइवेट कंपनियां टैलॉन पीवी और मिशन सोलर शामिल हैं।

अंतिम फैसले की घोषणा 13 जुलाई को

कॉमर्स डिपार्टमेंट ने कहा है कि वह भारत और इंडोनेशिया से आयात होने वाली सोलर सेल्स के लिए 13 जुलाई को या इसके करीब अंतिम फैसले की घोषणा करेगा। वहीं, लाओस से होने वाले इंपोर्ट पर फैसला 9 सितंबर को या उसके करीब आएगा।

वारी एनर्जीज के शेयर हुए धड़ाम

सोलर कंपनी वारी एनर्जीज के शेयर शुक्रवार को धड़ाम हो गए। वारी एनर्जीज के शेयर बीएसई में इंट्राडे के दौरान 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 3240 रुपए पर जा पहुंचे। वारी एनर्जीज के रेवेन्यू में अमेरिकी मार्केट की बड़ी हिस्सेदारी है। एक्मे सोलर होल्डिंग, विक्रम सोलर लिमिटेड और इंडोसोलर लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वा सोलर लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 68.25 रुपए पर बंद हुए हैं। प्रीमियर एनर्जीज के शेयर भी शुक्रवार को कारोबार के दौरान 4 प्रतिशत तक लुढ़क गए थे। हालांकि, कारोबार के आखिर में कंपनी के शेयर हरे निशान पर बंद हुए हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 का समापन महत्वपूर्ण मोड़ पर किया, कंपनियां वैश्विक दबाव व एआई के बढ़ते प्रभाव से गुजर रही

एआई बदलाव के दौर में भारतीय आईटी क्षेत्र शीर्ष पांच कंपनियों के रहे मिले-जुले नतीजे

एजेंसी : नई दिल्ली

भारत की सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की शीर्ष पांच कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, एचसीएलटेक, विप्रो और टेक महिंद्रा ने वित्त वर्ष 2025-26 का समापन एक महत्वपूर्ण मोड़ पर किया है। ये कंपनियां वैश्विक आर्थिक दबाव, पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति और कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते प्रभाव के बीच बदलाव के दौर से गुजर रही हैं। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि आईटी क्षेत्र तेजी से पारंपरिक कार्य-प्रणाली से आगे बढ़ रहा है। एआई के कारण पुरानी आईटी सेवाओं से होने वाली आय पर दबाव पड़ रहा है, लेकिन इसकी भरपाई नई एआई-आधारित सेवाओं के बढ़ते अवसरों से हो रही है। अब कंपनियां बड़ी परियोजनाओं के बजाय परिणाम-आधारित और छोटे-छोटे हिस्सों में बंटे अनुबंधों पर अधिक ध्यान दे रही हैं। यह बदलाव कंपनियों के भविष्य के अनुमान और कर्मचारियों से जुड़े रुझानों में भी साफ दिख रहा है। जहां टीसीएस और इन्फोसिस को लगता है कि मुश्किल दौर अब कम हो रहा है, वहीं एचसीएलटेक और विप्रो ने आगे भी अनिश्चितता और कमजोर मांग की आशंका जताई है।

एचसीएल का कुछ क्षेत्रों में रहा कमजोर प्रदर्शन

एचसीएलटेक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सी. विजयकुमार ने कहा, /"तिमाही के दौरान कुछ क्षेत्रों में कमजोरी, कम खर्च और फैसलों में देरी के कारण प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा। हमारी नई एआई सेवाओं को बाजार में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और हमारा मुख्य लक्ष्य भविष्य में एआई से मिलने वाले अवसरों का लाभ उठाना है।

एआई के इस्तेमाल से राजस्व में गिरावट नहीं

कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने इस आशंका को खारिज किया कि एआई के तेज इस्तेमाल से राजस्व में गिरावट आ रही है। उनका कहना है कि वे एआई को मध्यम और दीर्घकाल में ग्राहकों के कामकाज को आधुनिक बनाने और नए अवसर पैदा करने वाले एक बड़े साधन के रूप में देखते हैं।

विप्रो वैश्विक व नीतिगत बदलावों से प्रभावित

विप्रो का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 1.89 प्रतिशत घटकर 3,501.8 करोड़ रुपये रह गया, जबकि आय 7.6 प्रतिशत बढ़कर 24,236.3 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने वर्तमान आर्थिक स्थिति को एक नई सामान्य स्थिति बताया है, जो वैश्विक और नीतिगत बदलावों से प्रभावित है।

टेक महिंद्रा का लाभ 16 फीसदी बढ़ा

टेक महिंद्रा का समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,353.8 करोड़ रुपये रहा, जबकि आय 12.6 प्रतिशत बढ़कर 15,076.1 करोड़ रुपये हो गई। पूरे वित्त वर्ष में कंपनी का लाभ 13.15 प्रतिशत बढ़कर 4,810.9 करोड़ रुपये और आय 7.2 प्रतिशत बढ़कर 56,815.4 करोड़ रुपये रही।

टीसीएस को एआई से 2.3 अरब डॉलर की आय

टीसीएस ने वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 12.22 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 13,718 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी का कहना है कि वह नए वित्त वर्ष में सकारात्मक स्थिति के साथ प्रवेश कर रही है और हाल की अधिकांश चुनौतियां अब पीछे छूट चुकी हैं। एआई सेवाओं से उसकी सालाना आय 2.3 अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है, जो कुल आय का छह प्रतिशत से ज्यादा है।

एआई पारंपरिक सेवाओं का प्रभावित कर रहा

इन्फोसिस का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 20.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8,501 करोड़ रुपये रहा, जबकि आय 13.4 प्रतिशत बढ़कर 46,402 करोड़ रुपये रही। कंपनी प्रबंधन ने माना कि एआई पारंपरिक सेवाओं को प्रभावित कर रहा है, लेकिन नई एआई सेवाओं की मांग से इसकी भरपाई हो रही है।

सीआईसी ने पीपीएसी के फैसले को सही ठहराया

रूस से तेल आयात की जानकारी गोपनीय

नई दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत काम करने वाली पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने कहा कि रूस से भारत में आयात किए जाने वाले कच्चे तेल से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती, क्योंकि यह व्यावसायिक और गोपनीय प्रकृति की है। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भी इस रुख का समर्थन करते हुए कहा कि इससे देश के रणनीतिक और आर्थिक हित प्रभावित हो सकते हैं। यह मामला सूचना का अधिकार के तहत दायर एक आवेदन से जुड़ा है, जिसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से भारत में आयातित कच्चे तेल का विवरण मांगा गया था। इसमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, ओएनजीसी विदेश, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों द्वारा आयात की जानकारी भी मांगी गई थी। इस पर केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि देश के आधार पर और कंपनी के आधार पर कच्चे तेल के आयात का विवरण व्यावसायिक और गोपनीय है।

फैसले को सही ठहराया

हालांकि कुल आयात की मात्रा और उसका मूल्य पीपीएसी की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।
प्रथम अपीलीय प्राधिकारी ने भी इस फैसले को सही ठहराया। हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता ने कहा कि उसे जानकारी नहीं दी गई और वह यह समझना चाहता है कि इस क्षेत्र में देश किस तरह काम कर रहा है।

कंपनियों के नतीजे व कच्चे तेल की चाल से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजे और कच्चे तेल की कीमतें आने वाले सप्ताह में शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। इस सप्ताह शुक्रवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के कारण शेयर बाजार बंद रहेंगे।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, आगे बाजार काफी हद तक खबरों पर आधारित और उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है। निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान वार्ता, कच्चे तेल की कीमतों के रुझान और वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। यदि तेल की कीमतों में स्थिरता या गिरावट आती है तो इससे आर्थिक चिंताओं में कमी आ सकती है, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ने या लंबे समय तक व्यवधान रहने से बाजार में फिर से अस्थिरता और मुनाफावसूली देखी जा सकती है। पोनमुडी ने कहा कि चौथी तिमाही के नतीजे भी शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के लिए प्रमुख कारक होंगे, जहां निवेशक कंपनियों के प्रदर्शन, भविष्य के मार्गदर्शन और विभिन्न क्षेत्रों के परिदृश्य पर नजर रखेंगे।

कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई

विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, जिससे महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

होर्मुज के कारण अनिश्चितता बढ़ी

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति और अमेरिका-ईरान वार्ता में गतिरोध से वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है। इससे कच्चे तेल की कीमतों पर सीधा असर पड़ रहा है और ब्रेंट क्रूड 107 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है।

2026-27 में 10 गीगावाट-घंटा से अधिक क्षमता चालू करने की उम्मीद

अदाणी ग्रीन बैटरी भंडारण पर 15,000 करोड़ करेगी निवेश

नई दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) चालू वित्त वर्ष में 10 गीगावाट-घंटा (जीडब्ल्यूएच) से अधिक की बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता जोड़ने के लिए लगभग 15,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है।

कंपनी का यह कदम भारत के तेजी से बदलते ऊर्जा परिदृश्य के बीच भरोसेमंद और वितरण योग्य स्वच्छ बिजली की दिशा में एक बड़ा बदलाव है।
कंपनी ने अपने वित्तीय नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि यह प्रस्तावित विस्तार लगभग तीन गीगावाट-घंटा की उस स्थापित भंडारण क्षमता के अतिरिक्त होगा, जिसे कंपनी जल्द ही हासिल करने की उम्मीद कर रही है।

इससे पहले वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 1.4 गीगावाट-घंटा क्षमता चालू की गई थी। ये बैटरियां गुजरात के खावड़ा में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के साथ विकसित की जा रही हैं, जहां एजीईएल दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क बना रही है। इन भंडारण प्रणालियों का उद्देश्य शाम के समय मांग के चरम पर होने पर बिजली की आपूर्ति करना है, जब सौर उत्पादन कम हो जाता है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी ने कहा, ''हम बैटरियों के लिए अपनी क्षमता वृद्धि को बहुत महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं।

कोल इंडिया कोयला आयात में 24.3 करोड़ टन करेगी कटौती

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) कोयला आयात में 24.3 करोड़ टन कटौती करने के लि एक व्यापक 10 वर्षीय योजना बना रही है। इसके लिए घरेलू उत्पादन में वृद्धि, कोयले की गुणवत्ता में सुधार और लॉजिस्टिक लागत की समानता पर जोर दिया जाएगा।

एक सूत्र ने बताया कि कोयला आयात में कटौती के लक्ष्य वाले इस प्रस्तावित मसौदे में आयात का विस्तृत 'फोरेंसिक ऑडिट' शामिल होगा, जिसे क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों और स्थानीय आपूर्ति को बढ़ावा देने वाली चरणबद्ध बदलाव रणनीतियों का समर्थन मिलेगा। इसमें कोयले की धुलाई और परिवहन को सुव्यवस्थित करने के लिए 'नेशनल वॉशरी एंड लॉजिस्टिक्स ग्रिड' भी शामिल होगा, जो आपूर्ति श्रृंखला की प्रमुख बाधाओं को दूर करेगा।

भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर आज होंगे हस्ताक्षर

भारत के वाणिज्य मंत्री गोयल व न्यूजीलैंड के निवेश मंत्री करेंगे हस्ताक्षर

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार इस समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की उपस्थिति में यहां भारत मंडपम में हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह समझौता भारतीय कंपनियों को न्यूजीलैंड के बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर का निवेश लाएगा। दोनों देशों ने पिछले साल 22 दिसंबर को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते से भारत को अपने 100 प्रतिशत निर्यात पर शून्य शुल्क बाजार पहुंच मिलेगी, वहीं न्यूजीलैंड से भारत को निर्यात होने वाले 95 प्रतिशत सामान पर शुल्क समाप्त या कम हो जाएगा। इसमें ऊन, कोयला, लकड़ी, शराब से लेकर एवोकाडो और ब्लूबेरी शामिल हैं।

वर्ष 2025-26 के लिए कृषि मंत्रालय ने जारी किया अनुमान

भारत में गेहूं की पैदावार चुनौतियों के बावजूद मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फसल वर्ष 2025-26 में देश का गेहूं उत्पादन स्थानीय स्तर पर बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के बावजूद स्थिर और मजबूत बना हुआ है। कृषि मंत्रालय ने रविवार को यह बात कही। हालांकि एक उद्योग संगठन ने सरकार के पहले के अनुमान से कम उत्पादन का आकलन किया था। रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफएफआई) ने 24 अप्रैल को अनुमान लगाया था कि 2025-26 (जुलाई-जून) फसल वर्ष में गेहूं उत्पादन 11.06 करोड़ टन रहेगा। यह 2024-25 के 10.96 करोड़ टन से थोड़ा अधिक है। इस अनुमान में हालिया मौसमी नुकसान को भी शामिल किया गया है।

बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि का उत्पादन पर असर कम

अधिक तापमान के कारण फसल पर गर्मी का दबाव

हालांकि फरवरी में असामान्य रूप से अधिक तापमान के कारण फसल पर गर्मी का दबाव पड़ा, जिससे दाने बनने की अवधि कम हुई और पैदावार पर असर पड़ा। कटाई के समय हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने भी कुछ क्षेत्रों में गुणवत्ता और उत्पादन को नुकसान पहुंचाया।

11 करोड़ टन उत्पादन का अनुमान

यह अनुमान सरकार के पहले के 12.02 करोड़ टन के अनुमान से काफी कम है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने दोनों अनुमानों के बीच संतुलन की बात कही। उन्होंने कहा, /"जहां संगठन ने 11 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाया है, वहीं कृषि मंत्रालय का पूर्व अनुमान 12 करोड़ टन था। वास्तविक उत्पादन इन दोनों के बीच कहीं होगा।

3.34 करोड़ हेक्टेयर में बुवाई

मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान गेहूं मौसम मिश्रित लेकिन मजबूत रहा है, जो जलवायु चुनौतियों और किसानों द्वारा अपनाए गए बेहतर उपायों का परिणाम है। इस मौसम में गेहूं की बुवाई लगभग 3.34 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है और कीट या रोग का कोई बड़ा प्रकोप नहीं देखा गया है। समय पर बुवाई होने से क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है।

छह लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में बुवाई

मंत्रालय ने कहा कि कुछ कारक इन नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। इस साल छह लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में बुवाई हुई है, जिससे नुकसान की आंशिक भरपाई होने की संभावना है। समय पर बुवाई से फसल को गर्मी के दबाव से बचाने में मदद मिली है। उच्च गुणवत्ता वाले और जलवायु-प्रतिरोधी बीजों के उपयोग में वृद्धि हुई है, जिससे उत्पादन क्षमता बेहतर हुई है।

चिंतन

दुनिया को भारी पड़ रही दबाव की राजनीति

विश्लेषण

राज कुमार सिंह

अमेरिका-ईरान वार्ता में अब दोनों देश दबाव की राजनीति पर उतर आए हैं। अमेरिका जहां होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी कर दबाव बनाना चाहता है, वहीं ईरान होर्मुज को रोककर दुनिया पर दबाव बना रहा है। इससे तेल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। यही बढ़ोतरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दबाव में लाती है। यह बात ईरान भी समझ गया है कि इससे खाड़ी में अमेरिका के सहयोगी देशों पर भी दबाव पड़ता है, जिसका असर ट्रंप पर भी दिखाई देता है। दोनों देश यह खेल अपनी-अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए खेल रहे हैं। इसलिए यहां कूटनीति के बजाय दबाव की राजनीति हावी होती दिख रही है। संवाद की जगह रणनीतिक दबाव ने ले ली है। नतीजा यह है कि तनाव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी कीमत चुका रही है। ईरान अमेरिका की शर्तों को पहले ही नकार चुका है। उसने शनिवार को पाकिस्तान में उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अपनी नई मांगों का लंबा- चौड़ा पर्चा थमा दिया। इसके बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का पाक दौरा रद्द हो गया और वार्ता का यह दौर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया। ईरान यह बात पूरी तरह से समझ गया है कि ट्रंप अब खाड़ी युद्ध से निकलने का बहाना ढूंढ रहे हैं। इसमें ईरान से ऐसा आश्वासन चाहते हैं कि वह कह सकें कि वे जीत गए हैं। ईरान भी कुछ इस तरह का ही आश्वासन चाहता कि वह भी कह सके कि हम भी जीत गए हैं। अमेरिका की रणनीति भी कम आक्रामक नहीं है। वह दबाव बनाकर 'अनुकूल समझौता' चाहता है, ऐसा समझौता जिसे घरेलू राजनीति में जीत के तौर पर पेश किया जा सके, लेकिन यही वह बिंदु है, जहां कूटनीति कमजोर पड़ जाती है। जब वार्ता का उद्देश्य समाधान के बजाय 'जीत का नैरेटिव' बन जाता है तो समझौते की संभावनाएं स्वतः सीमित हो जाती हैं। असल समस्या यह है कि दोनों पक्ष "झुकने" को कमजोरी मान रहे हैं, जबकि कूटनीति में यही झुकाव समाधान का रास्ता खोलता है। इतिहास गवाह है कि बड़े से बड़े संकट भी तब सुलझे हैं, जब पक्षों ने अपने अहंकार को पीछे छोड़कर व्यावहारिकता को अपनाया है। मौजूदा हालात में न तो अमेरिका पीछे हटने को तैयार दिखता है और न ही ईरान। यह गतिरोध केवल क्षेत्रीय संकट नहीं है। इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है। अगर यह टकराव और बढ़ता है तो इसके परिणाम और गंभीर हो सकते हैं। एक क्षेत्रीय विवाद वैश्विक संकट में तब्दील हो सकता है, जिसकी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संवाद के रास्ते बंद होते जा रहे हैं। जब वार्ता शुरू होने से पहले ही रद्द हो जाए, तो यह संकेत है कि विश्वास का संकट गहरा चुका है। ऐसे माहौल में छोटी-सी चिंगारी भी बड़े टकराव का रूप ले सकती है। ऐसे में यह गतिरोध कब टूटेगा, यह कहना बेहद मुश्किल है, लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका समेत दुनिया के लोग इस अहम के टकराव का नतीजा भुगत रहे हैं। दबाव की राजनीति अल्पकालिक जीत तो दिला सकती है, लेकिन स्थायी शांति नहीं। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि शक्ति प्रदर्शन से ज्यादा प्रभावी है संतुलित और सम्मानजनक संवाद। दुनिया आज जिस अस्थिरता से गुजर रही है, उसमें टकराव नहीं, बल्कि समाधान की जरूरत है। अगर समय रहते यह समझ नहीं आई, तो यह 'दबाव का खेल' पूरी दुनिया पर भारी पड़ता रहेगा।

ज्यादा मतदान होने के किंतु-परंतु

बेशक पश्चिम बंगाल में मतदान का दूसरा चरण शेष है, जिसमें 142 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, लेकिन उसमें भी उच्च मतदान प्रतिशत को लेकर संशय का कोई कारण नजर नहीं आता। हाई वोल्टेज चुनाव प्रचार और अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों वाले पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 92 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ है, जो चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दशकों बाद बंगाल में व्यापक हिंसा के बिना मतदान एक सुखद आश्चर्य भी है। वैसे जिन चार राज्यों– असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया जारी है, उन सभी में मतदान का उच्च प्रतिशत सामने आया है।

अकसर कम मतदान प्रतिशत पर चिंता जतायी जाती है, लेकिन इस बार असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान प्रतिशत ने राजनीतिक दलों- उम्मीदवारों की धुकधुकी और चुनावी पंडितों का काम बढ़ा दिया है। बेशक पश्चिम बंगाल में मतदान का दूसरा चरण शेष है, जिसमें 142 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, लेकिन उसमें भी उच्च मतदान प्रतिशत को लेकर संशय का कोई कारण नजर नहीं आता। हाई वोल्टेज चुनाव प्रचार और अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों वाले पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 92 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ है, जो चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दशकों बाद बंगाल में व्यापक हिंसा के बिना मतदान एक सुखद आश्चर्य भी है। वैसे जिन चार राज्यों- असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया जारी है, उन सभी में मतदान का उच्च प्रतिशत सामने आया है।

मसलन, 23 अप्रैल को ही तमिलनाडु में सभी 234 सीटों के लिए हुए मतदान का प्रतिशत 85 से भी ज्यादा रहा। नौ अप्रैल को असम में हुए मतदान का प्रतिशत 85 से भी ज्यादा रहा तो पुडुचेरी में 89 प्रतिशत से भी ज्यादा ऐतिहासिक मतदान हुआ। केरल ने भी 78 प्रतिशत से ज्यादा मतदान से 39 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। निश्चय ही उच्च मतदान प्रतिशत लोकतंत्र के लिए सकारात्मक है, लेकिन राजनीतिक दलों के लिए इसके परिणाम विरोधाभासी रहे हैं। चुनावी राजनीति में अंतिम क्षणों तक हार नहीं मानी जाती। सो, सत्ता के सभी दावेदार उच्च मतदान प्रतिशत की मन मुताबिक व्याख्या करते हुए उसे अपने अनुकूल बता रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के मुख्य चुनावी रणनीतिकार अमित शाह ने तो परिवर्तन की लहर बताते हुए 152 में से ही 110 सीटें जीतने की भविष्यवाणी भी कर दी है। दरअसल मतदान प्रतिशत की परंपरागत सरल व्याख्या यही की जाती रही है कि कम मतदान का अर्थ है कि मतदाता उदासीन हैं। यह भी कि वे वर्तमान सरकार के कामकाज से संतुष्ट हैं या उन्हें किसी से बेहतरी की उम्मीद नहीं, इसलिए किसी बदलाव की व्याकुलता उनमें नहीं है। इसी सोच से ज्यादा मतदान प्रतिशत का अर्थ यह निकाल लिया जाता है कि सत्ता विरोधी भावना तीव्र है और वर्तमान सरकार से असंतुष्ट मतदाता बदलाव के लिए व्याकुल हैं। बेशक मतदान प्रतिशत की यह व्याख्या मानवीय स्वभाव का सहज-सरल विश्लेषण करती है, लेकिन तमाम चुनावों में मतदान प्रतिशत में कमी या वद्धि के बाद आये परिणाम इसकी पूर्णतः पुष्टि नहीं करते। आम तौर पर मान लिया जाता है कि मतदान में तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि से सरकार बदल जाती है, लेकिन फिलहाल देश-दुनिया की निगाहों का केंद्र बने पश्चिम बंगाल में भी कम-ज्यादा मतदान के मिश्रित परिणाम सामने आते रहे हैं। मसलन, आपातकाल के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आक्रोश के बावजूद 1977 में पश्चिम बंगाल में मतदान का प्रतिशत 52 ही रहा, पर कांग्रेस सत्ता से विदा हो गई।

वाम मोर्चा ने लगभग साढ़े तीन दशक तक बंगाल

पर निष्कंटक राज किया, पर 2011 के विधानसभा चुनाव में जब ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने उससे सत्ता छीनी, तब मतदान का प्रतिशत 84 के पार चला गया। ममता के दो मुख्यमंत्रित्व काल के बाद जब 2021 के चुनाव में मतदान प्रतिशत 82 रहा तो चुनावी पंडितों ने उसे सत्ता विरोधी भावना का संकेत माना, लेकिन 200 सीटें जीतने का दावा करने वाली भाजपा 77 पर ही अटक गई। नीतीश कुमार के जद यू ने भाजपा का साथ छोड़ कर 2015 का बिहार विधानसभा चुनाव लालू यादव के राजद और कांग्रेस के साथ महागठबंधन में लड़ा था, लेकिन मात्र 57 प्रतिशत मतदान के बावजूद जबर्दस्त जीत हासिल की। एसआईआर विवाद के बीच हुए 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 67 तक पहुंच गया, लेकिन पाला बदल कर फिर राजग में आ चुके नीतीश की सत्ता बरकरार रही। हां, पिछली बार सबसे बड़ा दल बना राजद आश्चर्यजनक रूप से 25 सीटों पर सिमट गया। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनाव में 61 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान हुआ तो सपा को सत्ता से बेदखल कर अरसे बाद प्रचंड बहुमत से भाजपा ने सत्ता में वापसी की। इसी तरह 2018 के विधानसभा चुनाव में जब त्रिपुरा में मतदान का प्रतिशत 89 पार पहुंचा तो वाम सत्ता को उखाड़ कर भाजपा सत्तासीन हो गई। कम-ज्यादा मतदान प्रतिशत के चुनावी परिणामों के मामले में अन्य राज्यों के अनुभव भी मिले-जुले रहे हैं। इसलिए मतदान प्रतिशत के आधार पर कोई एक धारण बना लेना तर्कसम्मत नजर नहीं आता, क्योंकि उसमें कई कारक प्रभावी रहते हैं। इसीलिए चुनाव आयोग से अपेक्षा रहती है कि वह मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान की तारीखें तय करे और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध भी करे। बेशक पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान प्रतिशत में अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों की भी भूमिका रही होगी। लगातार तीन कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी भावना को भी पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता, लेकिन अन्य कारणों को नजरअंदाज करना भी समझदारी नहीं होगी। बिहार से शुरू एसआईआर विवाद से बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार ही नहीं, अपनी नागरिकता पर भी तलवार लटकी नजर आ रही है। रोजी-रोटी की तलाश में पलायन को मजबूर प्रवासी इसीलिए बड़ी संख्या में जैसे-तैसे इस बार मतदान के लिए अपनी घर वापसी की कवायद करते दिखे। नागरिकता पर संकट तो जीवन के लिए ही महासंकट है। मताधिकार से वंचित और मतदान में अनुपस्थित होने पर, तमाम राज्य सरकारों द्वारा जन कल्याण के नाम पर शुरू नकदी तथा मुफ्त योजनाओं के लाभार्थियों की सूची से भी नाम कट जाने का खतरा है। इनमें भी महिला केंद्रित योजनाएं ज्यादा हैं, जिनका परिणाम महिलाओं की मतदान में लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के रूप में सामने आ रहा है।

जब प्रवासी महिलाएं मतदान के लिए अपने घर लौटती हैं तो परिवार के पुरुष सदस्य भी लौटेंगे ही और जब लौटेंगे तो मतदान भी करेंगे। वैसे मतदान के प्रतिशत में उछाल का एक और तार्किक कारण एसआईआर में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कट जाना भी हो सकता है। काटे गये नामों की संख्या और कारणों पर विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचे हैं। प्रभावित वर्गों में एसआईआर प्रक्रिया के विरुद्ध गोलबंदी भी उच्च मतदान प्रतिशत का कारण हो सकती है। बेशक नाम कटने से मतदाताओं की संख्या घटी है, पर अगर नाम काटे गए मतदाताओं में से बहुत सारे वास्तव में हैं ही नहीं, तो पिछली बार जितने ही मतदाताओं द्वारा मतदान करने पर भी मतदान का प्रतिशत अपने आप बढ़ जाएगा।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

भारत से खाद्यान्न निर्यात होने का नया परिदृश्य

हाल ही में केंद्र सरकार ने गेहूं निर्यात को 25 लाख टन से बढ़ाकर 50 लाख टन किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की भी अनुमति दी है। इससे जहां वैश्विक खाद्य संकट के बीच गेहूं की वैश्विक आपूर्ति में मदद मिलेगी, वहीं घरेलू बाजार में स्थिरता बनाए रखने और किसानों को लाभकारी मूल्य मिलना भी सुनिश्चित हो सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 24 अप्रैल को केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए वर्ष 2026-27 का लक्ष्य 15 प्रतिशत बढ़ाकर 3.45 करोड़ टन कर दिया है, जो अब तक का गेहूं खरीद का रिकॉर्ड स्तर है। इससे गेहूं उत्पादक किसान अत्यधिक लाभांवित होंगे। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में संघर्ष से दुनियाभर में खाद्य संकट बढ़ गया है। चूंकि इस युद्ध के कारण उर्वरकों की भारी कमी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नुकसान पहुंचा है, उसे ठीक होने में महीनों लग सकते हैं, अतएव दुनिया में खाद्यान्न के दाम ऊंचे बने रहने के साथ खाद्य सुरक्षा के लिए संकट बना रहने का खतरा है। हाल ही में प्रकाशित वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के मुताबिक इस समय दुनिया में 31.9 करोड़ लोग भूख से पीड़ित है। अब पश्चिम एशिया दुनिया के लाखों अतिरिक्त लोग भूखमरी का शिकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसी भयावह वैश्विक भूख की चुनौती के बीच भारत खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में अनुकूल स्थिति में है और दुनिया को भूख की चुनौती से राहत दिलाने के मद्देनजर खाद्यान्न निर्यात के लिए तत्पर है। यह कोई छोटी बात नही है कि इस समय भारत की मुठ्ठी में 31 मार्च 2026 तक 6.02 करोड़ टन गेहूं और चावल का रिकार्ड सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) भारत की आर्थिक ताकत बन गया है। इस रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से भारत एक साल तक की अपनी खाद्यान्न की जरूरत को सरलतापूर्वक पूरा कर सकता है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक इस बार खाद्यान्न उत्पादन का परिदृश्य ऐतिहासिक स्तर पर है। वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 17.41 करोड़ टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 17.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले वर्ष खरीफ उत्पादन 16.94 करोड़ टन था, जिसमें इस बार लगभग 2.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रबी उत्पादन पिछले वर्ष 16.91 करोड़ टन था, जिसमें इस बार 3.2 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखी गई है। देश की थाली के सबसे अहम हिस्से यानी चावल और गेहूं के मोर्चे पर भी भारत ने अपनी जोरदार बढ़त कायम रखी है। दालों के उत्पादन में भी पिछले वर्ष की तुलना में बढ़त इस बार उभरकर दिखाई दे रही है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि ईरान-अमेरिका युद्ध विराम के पहले खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच भारत में अनाज का रिकॉर्ड उत्पादन एक 'सुरक्षा कवच' की तरह रहा है। छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए हथियार बन गए थे। हाल ही में दुनिया के कृषि विशेषज्ञ और ब्राजील पोटाश के सीईओ मेट सिंपसन ने कहा कि दुनिया में लगातार खाद्य संकट बढ़ता जा रहा है। उर्वरक की कमी के कारण यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कृषि उत्पादों की बुआई पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में कई देशों के लिए खाद्यान्न का बड़े पैमाने पर आयात जरूरी होता जा रहा है। कोरोनाकाल में भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी किया था। अब एक बार फिर जब दुनिया में खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान है, तब भारत नए खाद्यान्न निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। निःसंदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। खासतौर से विगत कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र व छोटे किसानों की मजबूती के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए देश में 2028 तक सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को तेजी से कारगर क्रियान्वयन की डगर पर आगे बढ़ाया जाए। उम्मीद करें कि खाद्यान्न संकट की वैश्विक चिंताओं के बीच भारत रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से देश के आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दुनिया में खाद्यान्न निर्यात में अहम योगदान देने वाले प्रमुख कृषि निर्यातक देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन प्रक्रिया की छानबीन

संकलित

दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

तुलसीदास ने दिया ब्राह्मण को जीवन दान

संकलित

प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए ।

अंतर्मन

झालमुड़ी से ममता दीदी की धड़कन बढ़ी

आज की पाती

मतदान प्रतिशत बढ़ने के मायने

लोकतंत्र को मजबूत करने में सबसे बड़ा योगदान होता है मतदाता का। जितना ज्यादा मतदान होगा लोकतंत्र उतना मजबूत होगा और लोकतंत्र की व्याधियां दूर होंगी, लेकिन यह तभी संभव है जब मतदाता राजनीतिक तौर पर जागरूक होकर मतदान करें। हाल ही में बंगाल–तमिलनाडु में बंपर मतदान इस बार के विधानसभा चुनाव में हुआ, और बताया जा रहा है कि वहां आजादी के बाद यह सबसे ज्यादा मतदान का आंकड़ा है। बंगाल में लगभग 92 और तमिलनाडु में लगभग 84 प्रतिशत से ऊपर का मतदान हुआ है। इस भारी मतदान से सभी राजनीतिक दल यह अंदाजा लगा रहे हैं कि यह मतदान हमारे पक्ष में हुआ है, लेकिन लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट बैठ जाए, कोई पता नहीं। परिणाम आना अभी शेष है। – *सरिता कुमारी, झज्जर*

ट्रेंड

टीएमसी की हार तय

बनगाँव में हुई विशाल रैली से यह स्पष्ट और निर्णायक संकेत मिलता है कि टीएमसी की हार निश्चित है। पश्चिम बंगाल भर में भ्रष्टाचार, कुशासन और टूटे वादों को लेकर लोगों का गुस्सा चरम पर है।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

रघु राय को श्रद्धांजलि

रघु राय के लेंस ने छह दशकों से अधिक समय तक भारत की आत्मा को अपने कैमरे में कैद किया। उन्होंने सिर्फ तस्वीरें नहीं खींचीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की स्मृति को संजोकर रखा। उनके परिवार, सहयोगियों और उनकी कला से प्रभावित अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

सामूहिक जिम्मेदारी

भीषण गर्मी का सबसे भयावह असर हमारे श्रमिक भाइयों और बहनों पर पड़ रहा है। यदि आपके घर या आसपास कोई श्रमिक काम कर रहा है, तो उनके लिए पानी और ठंडक की उचित व्यवस्था करें। इनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

हमारा वास्तविक भविष्य

हमारी फसलों का स्वास्थ्य ही हमारा वास्तविक भविष्य है। यदि फसल सुरक्षित और फलदायी होगी तो किसानों और राष्ट्र का भविष्य भी समृद्ध होगा। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के साथ, बेहतर भविष्य की ओर एक कदम।
- **अक्षय कुमार,** बॉलीवुड एक्टर

करंट अफेयर

संरा महासचिव के उम्मीदवारों से कई मुद्दों पर सवाल-जवाब

संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने की दौड़ में शामिल चार उम्मीदवारों ने इस सप्ताह दुनिया में शांति बहाल करने, बढ़ती गरीबी रोकने और वैश्विक संकटों से निपटने जैसे मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने इसे नौकरी के लिए दुनिया के सबसे कठिन साक्षात्कारों में से एक बताया। इन उम्मीदवारों में चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत, अर्जेंटीना के राफेल ग्रोसी, कोस्टा रिका की रेबेका ग्रिन्सपैन और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल शामिल हैं। इसके अलावा, अन्य उम्मीदवार भी बाद में इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव एंतोनियो गुतारेस का कार्यकाल एक जनवरी को समाप्त होगा। चारों उम्मीदवारों ने कहा कि वे संयुक्त राष्ट्र के तीन मुख्य स्तंभों शांति, विकास और मानवाधिकार को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने ईरान, गाजा, यूक्रेन और सूडान जैसे संकटग्रस्त क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र की सीमित भूमिका पर चिंता जताई और संस्था में सुधार की जरूरत बताई। मिशेल बाचेलेत (74) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को संकट आने से पहले उन्हें रोकने की क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने संवाद, एकजुटता और सक्रिय नेतृत्व पर जोर दिया।

ऑफ बीट

'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी

दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है। इसी सिद्धांत को दौड़ने में शामिल करते हुए, "10-20-30 विधि" अपनाई जा सकती है, जिसमें पहले 30 सेकंड तक चलना या हल्की दौड़, फिर 20 सेकंड तक मध्यम गति की दौड़ और फिर 10 सेकंड की तेज़ स्प्रिंटिंग यानी तेज गति से दौड़ शामिल होती है। "फार्टलेक" स्वीडिश शब्द है जिसका अर्थ 'स्पीड प्ले' होता है। व्यायाम के लिए यह विधि भी एक आसान तरीका है जिसमें धीमी दौड़ के बीच-बीच में कुछ सेकंड की तेज़ दौड़ शामिल होती है। इंटरवल रनिंग हृदय संबंधी सेहत, मेटाबॉलिक स्वास्थ्य और शारीरिक संरचना (वसा की मात्रा और वितरण) में बेहतर सुधार लाती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

प्रथम उपहार 1 कार

द्वितीय उपहार
3 नग बाईक

तृतीय उपहार
10 नग LED TV

चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज

पांचवा उपहार
8 नग बासिंग मशीन

छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा

सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन

आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग

नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट

दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स

ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार

नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर

मो. 9479623424, 9340637789

भाजपा ने जबलपुर महानगर के सभी 1041 बूथों में सुना प्रधानमंत्री के मन की बात का 133वां संस्करण

भारत ने विज्ञान को माना है विकास का हथियार

जबलपुर। प्रतिमाह के अंतिम रविवार को आयोजित प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम को भाजपा जबलपुर के सभी 1041 बूथों में समस्त पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं एवं आम जनों द्वारा सुना गया।प्रधानमंत्री के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सांसद श्री आशीष दुबे ने उत्तर विधानसभा के आचार्य श्री विद्यासागर मंडल में, जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने पूर्व विधानसभा के मुखर्जी मंडल में, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीक ने चन्द्रशेखर आजाद मंडल में, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने स्वामी विवेकानंद मंडल अंतर्गत भाजपा कार्यालय में, विधायक अशोक रोहाणी ने अटलबिहारी बाजपेई मंडल में, महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 133वें एपिसोड में अपने संबोधन में कहा कि भारत ने हमेशा विज्ञान को विकास का हथियार माना है और आज वैज्ञानिकों की मेहनत से

देश का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जो राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बन चुका है।भारत ने हमेशा विज्ञान को केवल शोध तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे देश के विकास और जनकल्याण से जोड़कर आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम में उन्होंने विज्ञान आधारित सोच, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रहे प्रयासों को भी रेखांकित किया। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले देश के परमाणु वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, जिससे पूरे देश को गर्व हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि मई का महीना एक शुभ अवसर के साथ शुरू हो रहा है और कुछ ही दिनों में पूरे देश में बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। पीएम मोदी ने देशवासियों को इस पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध का जीवन संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था। बुद्ध ने सिखाया कि शांति की शुरुआत सबसे पहले अपने भीतर से होती है। पीएम मोदी ने बताया कि बुद्ध का यह भी संदेश है कि खुद पर विजय पाना ही सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया तनाव और संघर्ष के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में बुद्ध के विचार और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं और समाज को सही दिशा दिखाते हैं।

सिंहस्थ-2028 के कार्यों की चरणबद्ध और समयबद्ध मॉनिटरिंग करें : एमडी सुनील तिवारी

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने मुख्यालय जबलपुर में आयोजित कंपनी की समीक्षा बैठक में सिंहस्थ-2028 से संबंधित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उज्जैन क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य पी.ई.आर.टी. चार्ट के अनुसार चरणबद्ध एवं समयबद्ध ढंग से मॉनिटर किए जाएं। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 जैसा विशाल आयोजन प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसकी तैयारियों में समयबद्धता और विभागों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक कार्य की चरणबद्ध प्रगति, निर्धारित समय-सीमा तथा उत्तरदायित्वों का स्पष्ट निर्धारण किया जाए, ताकि सभी कार्य आयोजन से एक वर्ष पूर्व पूर्ण किए जा सकें।प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए तथा संभावित बाधाओं की पूर्व पहचान कर समय रहते उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में अधिकारियों द्वारा विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई, जिस पर प्रबंध संचालक ने निर्धारित लक्ष्यों से पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक मे कंपनी के सभी मुख्य अभियंताओं सहित प्रदेश के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

हेड एंड नेक कैंसर एवं लंग कैंसर कॉन्फ्रेंस संपन्न

जबलपुर। होटल आईटीसी वेलकम में रविवार 26 अप्रैल को हेड एंड नेक कैंसर एवं लंग कैंसर कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. आशीष गुप्ता एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. प्रशांत जैन द्वारा किया गया। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य सिर एवं गले के कैंसर तथा फेफड़ों के कैंसर के प्रारंभिक अवस्था में निदान, विभिन्न अवस्थाओं में उपलब्ध उन्नत उपचार विधियों, आधुनिक शल्य क्रियाओं, टारगेटेड थैरेपी एवं इम्यूनोथैरेपी के बारे में चिकित्सकों को अद्यतन जानकारी प्रदान करना था। साथ ही, उपस्थित चिकित्सकों को कैंसर की शुरुआती पहचान एवं नवीनतम उपचार तकनीकों के प्रति जागरूक करना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य रहा। इस अवसर पर देशभर से ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रमुख वक्ताओं में मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के पूर्व निदेशक एवं विश्वविख्यात हेड एंड नेक कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अनिल डी कूज, नागपुर से ईएनटी सर्जन डॉ. मदन कापरे, बेंगलुरु से डॉ. रविंद्र पद्माकर देव, नासिक से मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शैलेश बॉन्डेड, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल की रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट एवं प्रोफेसर डॉ. शर्बानी लश्कर, नागपुर से मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. मुकेश बंक, इंदौर से मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सुमित लोकवाणी तथा अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे।

जबलपुर हॉस्पिटल में हुई लेप्रोस्कॉपी पर कार्यशाला

जबलपुर। जबलपुर हॉस्पिटल एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्त्री रोग से संबंधित लेप्रोस्कॉपी विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सकों, विशेषज्ञों एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े नवीनतम उपचार, तकनीकों एवं शोध पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम में उच्च जोखिम लेप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने अनुभव एवं नवीन शोध साझा किए, जिससे उपस्थित चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों को नवीन जानकारियाँ प्राप्त हुईं। कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक सत्र भी आयोजित किए गए,

जिसमें प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न रखे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। आयोजकों में से डॉ. प्रज्ञा धीरवाणी ने इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सतत चिकित्सा शिक्षा (कंटीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन) से चिकित्सकों के ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि होती है, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर डॉ. शशि खरे मैडम ने किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गीता हुईं, डॉ. राजेश धीरावानी, डॉ. अरविंद लेले, डॉ. प्रोफ़ेसर धनंजय शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. शिंजनी पांडे एवं डॉ. देवकृति धीरावानी ने लेप्रोस्कॉपी की कठिन बारीकियों से सभी चिकित्सको को अवगत कराया। कार्यशाला में डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. दीपांकर बनर्जी, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. मानिक पांसे, डॉ. निधि बजाज, डॉ. कटियार आदि उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन डॉ. दीप्ति गुप्ता और डॉ. श्रुति श्रीवास्तव ने किया। सम्मेलन का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

झारिया समाज के 7 जोड़ा दहेजरहित आदर्श विवाह सम्पन्न

जबलपुर। झारिया कल्याण संघ जबलपुर के तत्वावधान में समाज का वार्षिक सामाजिक सम्मेलन मानस भवन, जबलपुर में 26.04.2026 को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के दौरान निःशुल्क दहेजरहित सात जोड़ों का आदर्श विवाह सम्पन्न कराया गया, वहीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण लगभग 70 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने पर डॉ. पारूल मेहरा का विशेष सम्मान किया गया। लगभग 40 विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपना परिचय मंच से दिया। सम्मेलन में देश के कोने-कोने से लगभग 900 स्वजातीय बंधु उपस्थित हुए। इस अवसर पर मझौली की समाज की आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।सम्मेलन को सफल बनाने में संघ के डॉ. एन.पी. झारिया, गणेश सिंह झारिया, संतोष मेहरा, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, भीकम झारिया, अमित मेहरा, डॉ. आर.एम. झारिया, देवदत्त झारिया, रामस्वरूप झारिया, रामेश्वर मेहरा, संतोष झारिया, हरी मेहरा, रतन झारिया, चन्द्रप्रकाश झारिया, सुनील झारिया, अशोक झारिया, नीलकमल झारिया, दीपक झारिया, देवा झारिया, गोलू झारिया, दुर्गा झारिया का विशेष सहयोग मिला। मंच संचालन भीकम झारिया द्वारा एवं आभार प्रदर्शन मथुरा प्रसाद झारिया द्वारा किया गया।

अंतस गीत संगीत कार्यक्रम 28 को

जबलपुर। अंतस संस्था के द्वारा आयोजित अंतस गीत संगीत कार्यक्रम शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में 28 अप्रैल 2026 को सायं 6:30 बजे से आयोजित है। श्रोताओं से उपस्थिति का आग्रह आयोजकों ने किया है।

रजत गणेश मंदिर में भगवान कृष्ण और राम जन्मोत्सव की रही धूम, उल्लास से झूम उठे भक्त

जबलपुर। रजत गणेश मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्ति और आनंद का अनूठा संगम देखने को मिला। आज 26 अप्रेल का दिन प्रभु श्री कृष्ण और भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के पावन प्रसंगों को समर्पित रहा। उमेश पिल्लई पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर, पवन शर्मा पूर्व लोकायुक्त, राजेश बिलैया सनातन धर्म चिंतक ने महाराज इंद्रभानु महाराज को डॉ. रवि राय द्वारा लिखित अभिनंदन पत्र वाचन कर भेंट किया। इस अवसर पर भजनों की धुन पर श्रद्धालु इस कदर भावविभोर हुए कि पूरा पंडाल खुशी और उल्लास से भर गया और भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम की भव्यता देखते ही बन रही थी। मंदिर के महंत प्रमोद महाराज ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद वचन कहे और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान सभी भक्तों ने 'गुरु माता' (महंत की पत्नी) का शॉल और श्रीफल भेंट कर आदरपूर्वक स्वागत कल्पना राय और मीना चौहान ने अभिनंदन

किया। कथा के दौरान कृष्ण जन्म और राम जन्म के प्रसंगों को बड़ी ही भव्यता के साथ जीवंत किया गया। इस अवसर पर दामिनी पांधी, डॉ. रवि राय, सुरेश शारदा, रीना शारदा, राजेश चौहान, मीना चौहान, अंजू कर, एमएल अहिरवार, गीता अहिरवार, डॉक्टर कल्पना राय, पीसी पहूजा, पवन शर्मा, उमेश पिल्लई आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सांसद दुष्यंत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर स्टेशन पर गरबा एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ किया

जबलपुर। रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल अंतर्गत भवानी मंडी स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12937/12938 गांधीधाम-हावड़ा-गांधीधाम गरबा एक्सप्रेस को नया ठहराव प्रदान किया गया है। 26 अप्रेल को सांसद (झालावाड़-बारां) दुष्यंत सिंह ने भवानी मंडी स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12937 गांधीधाम-हावड़ा गरबा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर इस ठहराव का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में विधायक (डग) कालूराम मेघवाल, क्षेत्र के जन प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं यात्रियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। रेल प्रशासन की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार मित्तल,वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गरबा एक्सप्रेस के भवानी मंडी ठहराव का विवरण-

गाड़ी संख्या 12937 गांधीधाम-हावड़ा गरबा एक्सप्रेस 26.04.2026 से अग्रिम आदेश तक भवानी मंडी स्टेशन पर 07.38 बजे पहुँचकर 07.40 बजे गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12938 हावड़ा-गांधीधाम गरबा एक्सप्रेस 29.04.2026 से अग्रिम आदेश तक भवानी मंडी स्टेशन पर 00.28 बजे पहुँचकर 00.30 बजे गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी। इस ठहराव से भवानी मंडी क्षेत्र के यात्रियों को गुजरात (गांधीधाम) एवं पश्चिम बंगाल (हावड़ा) तक सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

धुआंधार में गूंजा स्वच्छता का संदेश, विशाल अभियान में जुटे श्रद्धालु

जबलपुर। रविवार को भेड़ाघाट स्थित विश्व प्रसिद्ध धुआंधार जलप्रपात क्षेत्र में एक भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान सनातन सर्वोपरि संघ, थैलेसीमिया जन जागरण समिति एवं हम हैं न फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ बनाना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा मां नर्मदा के तट की पवित्रता को बनाए रखना रहा।सुबह से ही बड़ी संख्या में समाजसेवी, युवा, स्थानीय नागरिक एवं नर्मदा भक्त अभियान में शामिल हुए। सभी ने मिलकर धुआंधार क्षेत्र एवं आसपास के घाटों पर फैले कचरे को एकत्र कर साफ-सफाई की।

भेड़ाघाट के जलप्रपात क्षेत्र में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

इस दौरान प्लास्टिक, पॉलिथीन एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया गया। आयोजकों ने बताया कि मां नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि आस्था और जीवन का आधार हैं, इसलिए उनकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्यटन स्थलों पर गंदगी न फैलाएं और स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर जागरूकता संदेश भी दिए गए। उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी ऐसे अभियानों में भाग लेकर समाज को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगे।

आईईसी टीम ने एल्गिन हॉस्पिटल की नर्सिंग छात्राओं एवं स्टाफ का सिटीजन फीडबैक लिया

जबलपुर। शहर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार एवं स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिटीजन फीडबैक अभियान आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करना तथा शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अग्रणी स्थान पर लाना रहा।अभियान के दौरान नर्सिंग छात्राओं एवं स्टाफ से स्वच्छता व्यवस्था, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथकीकरण, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता एवं नगर निगम द्वारा दी जा रही सेवाओं के संबंध में विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया गया। प्राप्त सभी फीडबैक को नियमानुसार संकलित कर डिजिटल पोर्टल पर अपलोड किया गया। इस अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि जबलपुर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान दिलाने के लिए निरंतर जनभागीदारी एवं फीडबैक अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी एवं निरंतर सहयोग से ही जबलपुर को स्वच्छ, सुंदर एवं देश में प्रथम स्थान पर लाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

श्री रामलीला समिति गढ़ा की वार्षिक आमसभा संपन्न

नई कार्यकारिणी गठित, राजेश मिश्रा अध्यक्ष एवं अरुण दीक्षित बने महामंत्री

जबलपुर। श्री रामलीला समिति गढ़ा की वार्षिक आमसभा की बैठक सिद्ध मंच गढ़ा रामलीला मैदान में सांय 6 बजे आयोजित की गई। बैठक समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय के मार्गदर्शन में तथा नगर पंडित महासभा के अध्यक्ष रमेश दुबे एवं उपाध्यक्ष अशोक पांडे की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी, स्थायी, आजीवन एवं कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत महामंत्री लोकराम कोरी द्वारा वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत करने से हुई, जिसे उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से पारित

किया। इसके पश्चात पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर चुनाव अधिकारी संजय तिवारी द्वारा आगामी दो वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से राजेश मिश्रा को अध्यक्ष एवं अरुण दीक्षित को महामंत्री निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही अनीता मिश्रा, भोलाराम खत्री, अशोक सिंह बघेल एवं लोकराम कोरी को उपाध्यक्ष, कैलाश नेमा को कोषाध्यक्ष तथा राजेश नेमा एवं इंदुलता प्यासी को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। शेष कार्यकारिणी के गठन हेतु अध्यक्ष एवं महामंत्री को अधिकृत किया गया। बैठक में तीन स्थायी एवं 26 आजीवन सदस्यों की घोषणा भी की गई। केदारनाथ शर्मा, विजय नेमा एवं अशोक बघेल को स्थायी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इस दौरान संचालक पंडित अशोक मनोध्याय ने जनवरी माह में श्री राम यज्ञ एवं श्रीराम कथा के आयोजन का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने रामलीला के नवनिर्मित कक्ष के निर्माण हेतु लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी और सभी से रामकार्य में समर्पित भाव से जुटने का आह्वान किया।

खबर संक्षेप

बीएमडब्ल्यू एफ 450 जीएस की लांचिंग

गोवा। बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने भारत में अपनी नई मिडिल-वेट एडवेंचर बाइक बीएमडब्ल्यू एफ 450 जीएस लांच कर दी है, जिसकी शुरुआती कीमत 4.70 लाख है। यह 420सीसी पैरेलल-ट्विन इंजन के साथ आती है, जो 48एचपी की पावर देता है। यह बाइक तीन वेरिएंट्स में उपलब्ध है और इसे टीवीएस के होसुर प्लांट में निर्मित किया गया है। इस अवसर पर बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के प्रेसीडेंट एवं सीईओ हरदीप सिंह ब्रार ने कहा कि भारत की विभिन्न सड़कों और राइडिंग की विभिन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लाई गई यह पेशकश प्रतिष्ठित जीएस डिजाइन, सुलभ परफोर्मेन्स एवं आधुनिक राइडर टेक्नोलॉजी का शानदार संयोजन है।

एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ 7,071 करोड़ रु. रहा

नई दिल्ली। एक्सिस बैंक का वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 7,071 करोड़ रुपए रहा, जो पिछली तिमाही की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि तिमाही दर तिमाही शुल्क वृद्धि में 8 प्रतिशत और परिसंपत्तियों की मजबूत गुणवत्ता के कारण हुई। जमा और अग्रिमों में तिमाही दर तिमाही 6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें बचत में तिमाही दर तिमाही 7 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि का योगदान रहा। तिमाही के दौरान बैंक ने लेंडिंग और कार्ड बिजनेस में मजबूत प्रदर्शन बनाए रखा। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में बैंक ने लगभग 10 लाख नए क्रेडिट कार्ड जारी किए और कुल सक्रिय कार्ड्स में लगभग 14 फीसदी का बाजार हिस्सा बनाए रखा।

सुप्रीम पावर को 128 करोड़ के नए ऑर्डर मिले

चेन्नई। सुप्रीम पावर इक्विपमेंट को अप्रैल में 128 करोड़ के नए ऑर्डर मिले, जिससे उसका कुल ऑर्डर बुक 577.72 करोड़ हो गया और ट्रांसफार्मर समाधानों की स्थिर मांग के बीच निकट भविष्य में राजस्व की संभावना मजबूत हुई। 24 अप्रैल 2026 को दोपहर 3:56 बजे की स्थिति के अनुसार कंपनी को अप्रैल 2026 के दौरान चार ऑर्डर मिले। 22 अप्रैल को मिले दो ऑर्डरों में 20 मेगावाट, 110/33-11 केवी पावर ट्रांसफार्मर की आपूर्ति के लिए 51.30 करोड़ रुपए और 160 मेगावाट, 220 केवी ट्रांसफार्मर के लिए 23.30 करोड़ रुपए शामिल हैं, दोनों के निष्पादन की समय सीमा लगभग 13 महीने है।

एनटीपीसी करेगी दो नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्रोतों में विविधता लाने की दिशा में सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एनटीपीसी एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। कंपनी बिहार में दो नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है, जिससे राज्य में बिजली उत्पादन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यहां इस प्रोजेक्ट से जुड़ी पूरी जानकारी हम आपको दे रहे हैं।

एनटीपीसी ने इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए बिहार के बांका जिले का चयन किया है, जो राजधानी पटना से लगभग 250 किलोमीटर दूर स्थित है। योजना के तहत यहाँ 700-700 मेगावाट क्षमता की दो परमाणु इकाइयां स्थापित की जाएंगी।

करीब 25,000 करोड़ रु.के निवेश से स्थापित होंगे 1000 एकड़ भूमि में दो नए न्यूक्लियर पावर प्लांट

एनटीपीसी ने मेगा प्रोजेक्ट के लिए बिहार के बांका जिले का चयन किया

इस पूरी परियोजना पर करीब 25,000 करोड़ रुपये का बड़ा निवेश होने का अनुमान है। प्रारंभिक आकलनों के अनुसार, इन दोनों परमाणु इकाइयों को स्थापित करने के लिए लगभग 1,000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। उद्योग के जानकारों के मुताबिक, आमतौर पर एक गीगावाट (1000 मेगावाट) क्षमता वाले परमाणु संयंत्र को तैयार करने में 15,000 से 20,000 करोड़ रुपये तक का खर्च आता है।

भारत सरकार ने साल 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने का रखा बड़ा लक्ष्य

एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक प्रस्तावित परमाणु इकाइयों के लिए फिलहाल व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। जैसे ही यह अध्ययन पूरा हो जाएगा, उसके बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस प्रोजेक्ट को लेकर राज्य सरकार का रुख बेहद सकारात्मक है। बिहार सरकार ने परियोजना के लिए अपना पूरा सहयोग देने के साथ-साथ इसके लिए आवश्यक जल आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया है। यह प्रोजेक्ट भारत सरकार और एनटीपीसी के भविष्य के ऊर्जा लक्ष्यों का एक अहम हिस्सा है। भारत सरकार ने साल 2047 तक देश में 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसी विजन के अनुरूप एनटीपीसी देश के विभिन्न स्थानों पर कुल मिलाकर लगभग 30 गीगावाट की परमाणु क्षमता स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी का तात्कालिक लक्ष्य साल 2032 तक कम से कम 2 गीगावाट परमाणु क्षमता हासिल करना है।

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में खरीदारी की हलचल तेज

ऐसी गर्मी...कूलर-पंखे के साथ एसी की बिक्री में आया 20 फीसदी का उछाल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भीषण गर्मी के कारण राजधानी भोपाल सहित प्रदेश में एसी, कूलर और पंखों की बिक्री में भारी उछाल आया है। लोग बजट के अनुसार एयर कूलर (2,000-20,000 रुपए) और एयर कंडीशनर (20 हजार से 35 हजार रुपए) से अधिक खरीद रहे हैं, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में हलचल तेज हो गई है।

अधिक मांग और कच्चे माल की लागत बढ़ने से कूलर की कीमतों में 20 फीसदी तक की वृद्धि देखी जा रही है। लोग क्रॉम्पटन ऑप्टिमस, हैवेल्स, बजाज और सिम्फनी जैसे ब्रांड्स के कूलर पसंद कर रहे हैं। कूलर, एसी की तुलना में एक अधिक किफायती विकल्प के रूप में उभर रहा है, जो 6 हजार रुपए से भी

फाइव स्टार एसी और वाई-फाई एसी की ज्यादा डिमांड

कम कीमत में उपलब्ध हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी का सितम बढ़ने और लू के थपेड़े का अहसास होने लगा है।

बढ़ी गर्मी की वजह से इन दिनों एयर कंडीशनर, एयर कूलर और नए जमाने के पंखे जो कि बिजली कम खर्च करते हैं, की बिक्री खूब बढ़ गई है। स्थिति यह है कि पिछले महीने तक जो लोग एयर कूलर खरीदने की सोच रहे थे, वे भी एसी खरीद रहे हैं। गर्ग ट्रेडर्स के संचालक राधेश्याम गर्ग के अनुसार गर्मी के सीजन वैवाहिकी मुहूर्तों का होने से कूलर की बिक्री पिछले साल के मुकाबले इस साल दोगुनी बिक्री हुई है।

इन दिनों फाइव स्टार एसी और वाई-फाई एसी की ज्यादा डिमांड है। इसके साथ ही बिजली बचाने वाले पंखे भी खूब बिक रहे हैं। वहीं कूलर व्यवसायी आलोक गर्ग ने कहाकि इस बार कूलर की तरह की एसी की डिमांड भी बढ़ रही है। सबसे ज्यादा लोग एक टन से लेकर डेढ़ टन का एसी की खरीदारी कर रहे हैं। इन दिनों डेढ़ टन का एसी 34 से 35 हजार रुपए तक की कीमत में आ रहा है। हालांकि एसी महंगा होता है, लेकिन अब धीरे -धीरे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए गर्मी से बचने के लिए एसी भी पसंद बनता जा रहा है।

टीडीएस प्रावधानों में हुए बदलाव पर अध्ययन गोष्ठी

कर सलाहकारों ने की प्रायोगिक दृष्टिकोण एवं अनुपालन चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल 2026 से लागू नए आयकर अधिनियम 2025 के तहत टीडीएस प्रावधानों में व्यापक बदलाव हुए हैं इन बदलावों पर विस्तृत चर्चा करने टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल के अध्यक्ष अधिवक्ता.मनोज पारख की अध्यक्षता में अध्ययन गोष्ठियों आयोजित हुई। इस दरमियान कर सलाहकारों और विशेषज्ञों ने नए आयकर अधिनियम, 2025 और जीएसटी के अंतर्गत प्रायोगिक दृष्टिकोण एवं अनुपालन चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की है।

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज पारख ने बताया कि संस्था के सदस्यों के लिए आयोजित मासिक स्टडी सर्किल वेबीनार में बतौर स्पीकर सीए हेमंत जैन ने टीडीएस प्रावधानों में हालिया बदलाव–प्रायोगिक दृष्टिकोण एवं अनुपालन चुनौतियां विषय पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए हेमंत जैन ने नए आयकर अधिनियम 2025 के अंतर्गत टीडीएस प्रावधानों में किए गए प्रमुख परिवर्तनों का विस्तार से विश्लेषण प्रस्तुत किया तथा उनकी तुलना आयकर अधिनियम, 1961 से की। उन्होंने बताया कि नए प्रावधानों का उद्देश्य कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी बनाना है, परंतु इसके साथ ही करदाताओं एवं पेशेवरों के लिए अनुपालन संबंधी चुनौतियाँ भी बढ़ी हैं। गोष्ठी के दौरान विभिन्न टीडीएस एवं टीसीएस धाराओं के व्यावहारिक पहलुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। वक्ता ने विशेष रूप से रेट्स में बदलाव, थ्रेशहोल्ड लिमिट, नए अनुपालन नियम, रिटर्न फाइलिंग की समय-सीमा तथा पेनल्टी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने यह भी समझाया कि व्यवसायों को इन परिवर्तनों के अनुरूप अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में किस प्रकार सुधार करना चाहिए। सीए जैन ने उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि नए नियमों के तहत गलतियों की संभावना किन-किन क्षेत्रों में अधिक है तथा उनसे बचने के लिए क्या सावधानियां अपनाई जानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने अपने प्रश्न रखे, जिनका सीए हेमंत जैन एवं सीए मनोज आयाचित द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। वेबीनार स्टडी सर्किल मीटिंग के दौरान सेशन चैयरमेन के रूप में सीए पारूल श्रीवास्तव पूर्व चैयरमेन आईसीएआई एवं संस्था के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज पारख, उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल एवं अंकुर अग्रवाल, सचिव धीरज अग्रवाल, सह सचिव संदीप चौहान ,कोषाध्यक्ष दीपेश भंडारी एवं वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र पारख, बीसीपी जैन,अजय छाजेड़ एवं मृदुल आर्य आदि मौजूद रहे।

सीओएआई डिजिकॉम समिट में

उद्योग जगत ने की सुरक्षित एआई और नवप्रवर्तन संचालित डिजिटल ईकोसिस्टम की वकालत की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीओएआई की द्वितीय डिजिकॉम सीरीज- सीओएआई डिजिकॉम समिट 2026 में सरकारी अधिकारियों, नियामकों और उद्योग जगत के नेताओं ने अगली पीढ़ी के दूरसंचार नेटवर्कों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं 5जी जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों द्वारा समर्थित एक सुरक्षित, लचीले और नवप्रवर्तन संचालित डिजिटल इकोसिस्टम की वकालत की।

कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि संचार एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डॉक्टर चंद्रशेखर पेम्मासानी के साथ ही ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी, वोडाफोन आइडिया के सीईओ एवं सीओएआई के चेयरपर्सन अभिजित किशोर, जीएसएमए के प्रमुख (एपीएसी) जूलियन गोरमैन, एरिक्सन इंडिया के प्रबंध निदेशक नितिन बंसल, एल्टियस टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट के मुख्य परिचालन अधिकारी अश्वनी खिल्लन, भारती एयरटेल के मुख्य नियामकीय अधिकारी एवं सीओएआई के उपाध्यक्ष राहुल वत्स और सीओएआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉक्टर एसपी कोचर सहित सरकार और उद्योग जगत से प्रमुख नेता शामिल हुए। इस समिट भारत के डिजिटल पथ को आकार देने में आने वाली प्रमुख चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा के लिए नीति निर्माता, दूरसंचार ऑपरेटर, वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर, अकादमिक क्षेत्र से लोग और नवप्रवर्तक एकजुट हुए। इस मौके पर संचार राज्यमंत्री डॉक्टर चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहाकि भारत का दूरसंचार क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। जिसे मजबूत सरकारी नीतिगत समर्थन और उद्योग नेतृत्व वाले निवेशों से आकार मिल रहा है। पिछले एक दशक में हमने स्पेक्ट्रम प्रबंधन में सुधारों, मार्ग के अधिकार और आधुनिक नियामकीय ढांचेसे प्रेरित एक परिवर्तनकारी यात्रा देखी है।

एक मई से बदल सकते हैं नियम, रसोई गैस बुकिंग पर लग सकती है नई पाबंदी

एजेंसी:नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से होर्मुज स्ट्रेट में सप्लाई रूकने का खतरे बढ़ता जा रहा है। जिसे देखते हुए भारत में रसोई गैस को लेकर बड़ी तैयारी चल रही है। आने वाले समय में एलपीजी की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है, जिस लिए देश की तीन बड़ी तेल कंपनियां- इंडेन, भारत और एचपी गैस सिलेंडर बुकिंग के नियमों में बदलाव करने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि ये नए नियम 1 मई 2026 से लागू किए जा सकते हैं। नए नियमों के अनुसार सिलेंडर बुकिंग के बीच मिनिमम 25 दिनों का अंतर जरूरी किया जा सकता है। यानी अगर आपने एक बार गैस बुक कर ली है, तो अगली बुकिंग के लिए आपको लगभग एक महीने का इंतजार करना पड़ सकता है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT (E./M.) DIVISION- JABALPUR (M.P.)
Indira Gandhi Road, South Civil Lines, Jabalpur (MP) Pin- 482001 Email:- cepwdelecjbp@mp.nic.in

NIT No.03/SAC/2026-27 **Notice Inviting Tender** Jabalpur Date :- 15.04.2026

(CORRIGENDOM) ADVT. NO. G11726/26

Tender for the works mentioned below are invited through E-Tendering. This tender can be seen in the website http://mptenders.gov.in.

S. No.	Tender No.	Name of Work	Call	PAC Rs (in lacs)	EMD (in Rs.)	Cost of Tender Form (in Rs.)	Time Allowed for Completion	Contractor categary
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_499291_1	ANNUAL OPERATION CHARGES OF 33KVA SUBSTATION (3x2 MVA TRANSFORMER) WITH (3 x750KVA GENERATOR SET) AS WLL AS (11 KV SUB STATION WITH 2X315KVA X-MER) WITH LT LINE MAINTENANCE IN MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL CAMPUS,JABALPUR	1ST	30.05	50000/-	5000/-	1 YEAR	Centralised PWD Registration in Electrical & "A" Class electric licence From MP Licensing Board
2	2026_PWDRB_500679_1	COMPREHENSIVE ANNUAL OPERATION & MAINTENANCE CONTRACT OF 33KV SUB STATION FOR ONE YEAR) WITH HT/ LT, APFC PANEL,SYNCHRONIZING PANEL AS WELL AS INTERNAL & EXTERNAL ELECTRICAL MAINTENANCE WORK OF SUPER SECIALITY HOSPITAL & SCHOOL OF EXCELLENCE IN NEURO SURGERY JABALPUR.	1ST	47.50	50000/-	5000/-	1 YEAR	Centralised PWD Registration in Electrical & "A" Class electric licence From MP Licensing Board
3	2026_PWDRB_500680_1	ANNUAL COMPREHENSIVE MAINTENANCE SERVICE & OPERATION OF STP/ETP/WTP & WATER SOFTENER PLANT INSTALLED IN SUPER SPECIALITY HOSPITAL AT NSCB MEDICAL COLLEGE CAMPUS,JABALPUR	1ST	33.44	50000/-	5000/-	1 YEAR	Centralised PWD Registration in Electrical & "A" Class electric licence From MP Licensing Board
4	2026_PWDRB_500684_1	COMPREHENSIVE ANNUAL OPERATION & MAINTENANCE CONTRACT OF 33 KV SUB STATION (FOR ONE YEAR) WITH HT/LT,APFC PANEL,SYNCHRONIZING PANEL AS WELL AS INTERNAL & EXTERNAL ELECTRICAL MAINTENANCE WORK OF STATE CANCER INSTITUTE AT MEDICAL COLLEGE CAMPUS,JABALPUR.	1ST	51.02	51020/-	10000/-	1 YEAR	Centralised PWD Registration in Electrical & "A" Class electric licence From MP Licensing Board
5	2026_PWDRB_500687_1	Electrification work in Girls Hostel P.G. College Narsinghpur Distt Narsinghpur.	1ST	3.02	6040/-	2000/-	1 Month	Centralised PWD Registration in Electrical & "A" Class electric licence From MP Licensing Board

Govt. https://mptenders.gov.in. Tender Form can be purchased after making online payment in the above website. The last date & time for purchase of Tender Document online is dated 29.04.2026 up to 5:30 PM. Amendments to NIT, if any would be published on above website only, and not in newspaper.

G-12050/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

Exceutive Engineer
PWD (E/M) Division jabalpur

5जी नेटवर्क से 'इंटेलिजेंस एरा' की ओर बढ़ते कदम

एआई युग का डिजिटल गेटवे बनेगा जियो

52 करोड़ 40 लाख यूजर बेसः आकाश अंबानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज के ताजा नतीजों ने साफ संकेत दिया है कि कंपनी अब अपने अगले बड़े ग्रोथ फेज की ओर बढ़ रही है, जहां जियो सिर्फ टेलीकॉम नहीं बल्कि भारत का डिजिटल और एआई गेटवे बनने की दिशा में काम कर रहा है। कंपनी प्रबंधन के मुताबिक, जियो अब उस चरण में पहुंच चुका है जहां उसकी मजबूत कनेक्टिविटी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भविष्य में एआई आधारित सेवाओं के विस्तार की नींव तैयार कर रही है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहाकि जियो ने भारत को इंटरनेट युग से जोड़ा और अब 52 करोड़ 40 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स के साथ यह 'इंटेलिजेंस एरा' का डिजिटल गेटवे बनने की स्थिति में है। देश का सबसे बड़ा यूजर बेस और तेजी से बढ़ते 5जी नेटवर्क के साथ, जियो का फोकस अब कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर को और गहराई तक ले जाने पर है।

राशिफल

मेष कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

वृष कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

मिथुन आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

कर्क अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कन्या कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

तुला दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

वृश्चिक आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

धनु कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मकर वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

मीन शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

शब्द पहेली - 6208



बाएँ से दाए-
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

ऊपर से नीचे
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -6207 का हल

■	स	ला	म	त	■	म	हा	व	र	■
का	म	■	ही	र	■	म	सि	■	थ	ल
फी	■	शा	न	■	वं	■	ल	ब	■	क्ष्य
■	■	य	■	म	हा	न	■	र	■	■
■	फ	र	मा	न	■	र	स	खा	न	■
का	की	■	ल	■	■	■	न	■	र	ति
■	र	नि	वा	स	■	ह	म	द	म	■
■	■	य	■	र	ज	क	■	स्त	■	■
जा	■	म	जा	■	हां	■	श	क	■	का
न	शा	■	य	म	■	पा	प	■	सा	या
■	म	हा	का	ल	■	ल	थ	प	थ	■

सूडोकु नवताल - 6218

				6	8	5		
	1						2	
		2						8
			4					9
6				5				1
2					3			
5						3		
	8						6	
		4	9	1				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6217 का हल

2	4	6	7	9	3	5	8	1
3	1	5	2	8	6	4	7	9
7	8	6	1	5	4	2	3	6
6	5	7	9	3	8	1	4	2
9	3	1	4	7	2	8	6	5
4	2	8	6	1	5	7	9	3
1	9	2	3	4	7	6	5	8
5	7	3	8	6	1	9	2	4
8	6	4	5	2	9	3	1	7

45 साल पहले रीगन पर खौफनाक हमले की यादें ताजा हुईं

वाशिंगटन हिल्टन होटल में वार्षिक डिनर के दौरान ट्रंप पर हुआ हमला

कार्यक्रम में ट्रंप की पूरी कैबिनेट मौजूद, सभी सुरक्षित, हमलावार कंप्यूटर साइंस में मास्टर

वॉशिंगटन। शनिवार रात वाशिंगटन डीसी के वाशिंगटन हिल्टन होटल के बॉलरूम में व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन का वार्षिक डिनर चल रहा था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पत्रकारों को संबोधित करने वाले थे, लेकिन अचानक गोलीबारी की तेज आवाजें गूंजीं। इसने पूरे कार्यक्रम की चमक-दमक को चकनाचूर कर दिया। मेहमान फर्श पर लेट गए और सुरक्षा कर्मियों ने राष्ट्रपति को तुरंत घेर लिया। यह वही वाशिंगटन हिल्टन होटल है जहां 45 साल पहले 1981 में राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर हत्या का प्रयास हुआ था। इस भव्य आयोजन में अमेरिका का राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप के साथ ट्रंप की पूरी कैबिनेट जिसमें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ, विदेश सचिव मार्को रूबियो, स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के अलावा अन्य कई नेता और मेहमान मौजूद थे। गनीमत रही सभी मेहमान सुरक्षित हैं।

गोलाबारी के दौरान हॉल में मौजूद मेहमान टेबल-कुर्सियों की आड़ में जान बचाने का प्रयास करते हुए

इतिहास दोहराने की कोशिश

30 मार्च 1981 को यानी 45 साल पहले वॉशिंगटन हिल्टन होटल के बाहर जॉन हिंकले जूनियर ने राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को गोली मारकर घायल कर दिया था। 22 कैलिबर की एक गोली उनकी लिमोजीन से टकराकर वापस आई, उनके सीने में लगी, जिससे उनकी एक पसली टूट गई और फेफड़े में छेद हो गया। जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में सर्जरी के बाद रीगन की जान बच गई।

फाइल फोटो

2024 पेन्सिलवेनिया के हमले में दाहिने कान पर लगी थी गोली

राष्ट्रपति ट्रंप पर यह तीसरा जानलेवा हमला

2016 लास वेगास, 2024 पेन्सिलवेनिया में भी हमले

डोनाल्ड ट्रंप को तीसरी बार निशाना बनाया गया है। इससे पहले मार्च 2016 में लास वेगास में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार को दौरान एक रैली में सुरक्षा में बड़ी चूक के कारण एक व्यक्ति ने मंच के पास पहुंचकर ट्रंप की ओर से पुलिस अधिकारी का हथियार छीनने की कोशिश की। सुरक्षा अधिकारियों ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने ट्रंप को नुकसान पहुंचाने की मंशा को स्वीकार किया। इसके बाद जुलाई 2024में पेन्सिलवेनिया में ट्रंप पर चुनावी करियर का सबसे खतरनाक हमला हुआ। इस हमले में हमलावर ने रैली के दौरान छत से ट्रंप को निशाना बनाकर गोली चलाई। गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्सों को छूकर निकल गई। इस हमले में एक दर्शक की मौत हुई और कई घायल हुए। सुरक्षाबलों ने हमलावर को मौके पर ही मार गिराया।

जान बचाने की कवायद

कार्यक्रम की कवरेज कर रहा एक कैमरामेन फर्श पर लेटा हुआ

हमलावर कोल टॉमस एलन

नासा फेलो और पार्ट टाइम टीचर

वॉशिंगटन में ट्रंप कार्यक्रम के दौरान फायरिंग के आरोपी कोल टॉमस एलन की पहचान सामने आई है। वह नासा से जुड़ा रहा और शिक्षक भी बताया जा रहा है। जांच एजेंसियां उसके बैकग्राउंड की पड़ताल कर रही हैं। वॉशिंगटन हिल्टन होटल में चेक-इन के दौरान शख्स ने खुद का नाम कोल टॉमस एलन बताया था। जिसकी उम्र 31 साल है और कैलिफोर्निया के टोरेंस का रहने वाला है। उसने घटना वाले दिन ही हिल्टन होटल में चेक-इन किया था। एलन मैकेनिकल इंजीनियर और कंप्यूटर साइंस का छात्र रह चुका है। 2014 में एलन ने नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी में समर अंडरग्रेजुएट रिसर्च फेलोशिप कार्यक्रम में भाग लिया था। उसने 2017 में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की थी और साल 2025 में कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी डोमिंगुएज हिल्स से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स डिग्री हासिल की थी। इसके अलावा, वह पार्ट-टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था।

मची अफरा-तफरी

गोलीबारी के बाद मेहमानों को होटल से सुरक्षित निकालते सुरक्षाकर्मी

राहत की सांस

सुरक्षित महसूस होने पर मां ने बेटी को गले से लगा लिया

खबर संक्षेप

मूसेवाला के पिता को विदेशी नंबर से धमकी

चंडीगढ़। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर बन रही फिल्म लारेंस ऑफ पंजाब का विरोध करना सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह सिद्धू को भारी पड़ गया। उन्हें व्हाट्सएप पर विदेशी नंबर से धमकी भरा संदेश भेजा गया है जिसमें बम और गोली से उड़ाने की चेतावनी दी गई है। धमकी में कहा गया है कि यह फिल्म हर हाल में रिलीज होगी और इसे कोई नहीं रोक सकता।

नेपाल में अब 60 की उम्र में होगा रिटायरमेंट

काठमांडू। नेपाल सरकार ने संघीय सिविल सेवा बिल का मसौदा तैयार किया है, जिसमें सिविल सेवा में रिटायरमेंट की उम्र 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने और लोक सेवा आयोग में प्रवेश की अधिकतम आयु सीमा घटाने का प्राविधान किया गया है। पुरुषों के लिए सिविल सेवा में प्रवेश की घटाकर 32 वर्ष की है।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन की अमेरिका को दो टूक

दबाव, धमकियों और घेराबंदी के माहौल में आकर 'बातचीत' नहीं करेगा तेहरान

ईरान के विदेश मंत्री ने ओमान के सुल्तान से मस्कट में मुलाकात की

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने स्पष्ट किया है कि उनका देश दबाव, धमकियों और घेराबंदी के माहौल में किसी भी तरह की बातचीत नहीं करेगा। उन्होंने यह बात पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान कही।


राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन

इस बातचीत में उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत और युद्ध विराम (सीजफायर) के दौरान लगातार समझौतों का उल्लंघन और दबाव की नीति अपना रहा है। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां और धमकी भरे बयान शांति प्रक्रिया पर भरोसे को कमजोर करते हैं।

अराघची ने मिस्र और तुर्की से फोन पर चर्चा की

क्षेत्रीय तनाव के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मिस्र और तुर्किये के अपने समकक्षों से बीत की। अराघची और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी ने युद्धविराम और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान के साथ उनकी बातचीत मुख्य रूप से ईरान और अमेरिका के बीच चल रही वार्ता प्रक्रिया पर केंद्रित रही।

संघर्ष कम करने के प्रयासों पर जोर

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने ओमान दौरे के दौरान ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद से मस्कट में मुलाकात की। इस मुलाकात में क्षेत्रीय हालात और मध्यस्थता प्रयासों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने तनाव कम करने और संघर्ष खत्म करने के प्रयासों पर विचार किया।

ईरान ने 10 मिनट में दूसरा प्रस्ताव भेजा: ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक प्रस्ताव का जिक्र करते हुए बताया कि ईरान ने पहले जो कागज दिया था, वह अच्छा नहीं था। लेकिन जैसे ही उन्होंने पाकिस्तान जाने वाले दूत का दौरा रद्द किया, 10 मिनट के भीतर ईरान ने एक नया और बेहतर प्रस्ताव भेज दिया। ट्रंप ने साफ किया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि ईरान ने बहुत कुछ देने की पेशकश की है, लेकिन वह अभी काफी नहीं है। हालिया गोलाबारी पर उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच के आधार पर उन्हें नहीं लगता कि यह घटना ईरान से जुड़े युद्ध या तनाव से संबंधित है।

होर्मुज बंद होने से भुखमरी का खतराः यूएन

होर्मुज स्ट्रेट बंद रहने से वैश्विक उर्वरक आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि यदि समुद्री आपूर्ति बाधित रही तो दुनिया के करोड़ों लोग भूख और अकाल जैसी स्थिति का सामना कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रोजेक्ट सर्विसेज कार्यालय (यूएनओपीएस) ने कहा है कि उर्वरक सप्लाई में रुकावट वैश्विक मानवीय संकट को जन्म दे सकती है। एजेंसी के कार्यकारी निदेशक जॉर्ज मोरेइरा दा सिल्वा ने कहा कि मौजूदा हालात जारी रहे तो लाखों लोग खाद्य असुरक्षा के दायरे में आ जाएंगे। उन्होंने बताया कि उर्वरकों के लिए जरूरी कच्चे माल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई हैं। इसका सीधा असर खेती की लागत, उत्पादन और खाद्य कीमतों पर पड़ेगा।

द्विपक्षीय रिश्तों पर हुई गहन चर्चा

अजित डोभाल की यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के उपायों, इलाके के हालात और आपसी लाभ के दूसरे मुद्दों पर चर्चा की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यूएई में भारतीय दूतावास ने कहा कि एनएसए अजीत डोभाल ने यूएई का आधिकारिक दौरा किया। उन्होंने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। पीएम नरेंद्र मोदी का अभिवादन दिया।

व्यापक रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के उपायों, क्षेत्रीय स्थिति और आपसी हित के दूसरे मुद्दों पर चर्चा की गई।

खाड़ी में भारत तेज कर रहा पहुंच

एनएसए अजीत डोभाल का यह दौरा भारत की खाड़ी देशों तक पहुंच बनाने की कोशिश का हिस्सा है, जिसे अमेरिका और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच तेज कर दिया गया है। इसके पहले 20 अप्रैल को डोभाल ने सऊदी अरब की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर की गई इस यात्रा में सऊदी अरब के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकें हुई थीं। इसमें ऊर्जा और विदेश मामलों के मंत्रियों के साथ ही सुरक्षा अधिकारियों के साथ मुलाकातें शामिल थीं।

विश्व बौद्धिक संपदा दिवस

राष्ट्र की वास्तविक ताकत ही मस्तिष्कों की 'सृजनशीलता'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बौद्धिक संपदा वह अमूर्त धरोहर है, जो मानव की बुद्धि, कल्पना और सृजनात्मक श्रम से जन्म लेती है। यह किसी पुस्तक के शब्दों में अभिव्यक्त होती है, किसी धुन की लय में प्रवाहित होती है, किसी वैज्ञानिक सूत्र में सन्निहित रहती है, या किसी उत्पाद के अभिनव डिज़ाइन में आकार ग्रहण करती है। यही विचार, यही सृजनात्मकता और यही नवाचार मानव की वास्तविक पूंजी हैं, जिन्हें हम 'बौद्धिक संपदा' के नाम से जानते हैं। प्रत्येक वर्ष 26 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व बौद्धिक संपदा दिवस इसी सत्य का सशक्त उद्घोष है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके भौतिक संसाधनों में नहीं, बल्कि उसके मस्तिष्कों की सृजनशीलता में निहित होती है। वर्ष 2000 में सदस्य देशों ने 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह वही ऐतिहासिक तिथि है, जब 1970 में वर्ल्ड इन्टलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन कन्वेंशन प्रभावी हुआ था।

लंदन में नीलाम होगा शाही परिवार का 17वीं सदी का सुपर कम्प्यूटर

लंदन। जयपुर की महारानी गायत्री देवी के संग्रह से प्राप्त 17वीं शताब्दी में पीतल से बने एक दुर्लभ खगोलीय सुपरकंप्यूटर (एस्ट्रोलैब) को अगले सप्ताह लंदन में सोथबी नीलामीघर में नीलाम किया जाएगा। बुधवार को होने वाली नीलामी में यह सुपरकंप्यूटर 'इस्लामिक जगत एवं भारत की कला' का मुख्य आकर्षण है। इसे इस सप्ताहांत प्रदर्शित किया गया था और इसकी अनुमानित कीमत 15 से 25 लाख पौंड के बीच है। वर्ष 1612 का यह सुपर कंप्यूटर अपनी तरह का सबसे बड़ा कंप्यूटर माना जाता था।

भारतीय सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करने में गेम-चेंजर

दुश्मनों का बनेगा काल, डीआरडीओ का नया स्वदेशी आर्मर्ड व्हीकल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना अब पहले से कहीं ज्यादा घातक और आधुनिक होने जा रही है। भविष्य के युद्धों की जरूरतों को देखते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक खास बख्तरबंद प्लेटफॉर्म तैयार किया है।

इसे विशेष रूप से वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (वीआरडीई) द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। डीआरडीओ ने बताया कि यह वाहन भारतीय सशस्त्र बलों की बदलती परिचालन जरूरतों को पूरा करने में गेम-चेंजर साबित होगा।

डीआरडीओ का नया स्वदेशी आर्मर्ड व्हीकल

उन्नत मारक क्षमता

इस स्वदेशी आर्मर्ड व्हीकल की सबसे बड़ी खूबी इसकी उन्नत मारक क्षमता और गतिशीलता है। 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत इसमें 30 मिमी का कूलेस बुर्ज लगाया गया है, जिसे 7.62 मिमी पीकेटी गन के साथ जोड़ा गया है। इतना ही नहीं, यह वाहन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल दागने में भी पूरी तरह सक्षम है, जो इसे दुश्मन के टैंकों के लिए काल बनाता है।

70% स्वदेशी सामान का हुआ है इस्तेमाल

इस प्रोजेक्ट की खास बात इसका स्वदेशी होना है। वर्तमान में इसमें 70 फीसदी कल-पुर्जे भारतीय हैं। डीआरडीओ का लक्ष्य जल्द ही इसे 100 प्रतिशत आत्मनिर्भर बनाना है। इसके निर्माण में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और भारत फोर्ज लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियों के साथ कई एमएसएमई इकाइयों ने भी कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग दिया है।

हर जगह भरेगा रफ्तार

इन आर्मर्ड व्हीकल्स में हाई पावर इंजन और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन से लैस तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यह उन्हें किसी भी चुनौतीपूर्ण रास्ते पर चलने के लिए बना है। चाहे पथरीले रास्ते हों, रेगिस्तान की रेत, जलभराव वाले इलाके या फिर ऊंची पहाड़ियां- यह हर जगह तेज गति से दुश्मन को मात देने की ताकत रखता है। साथ ही, पानी में चलने के लिए इसे हाइड्रो जेट तकनीक से लैस किया गया है।

सेना की बढ़ेगी ताकत

मेजर जनरल एसके सिंह ने बताया कि यह आर्मर्ड व्हीकल 'मेक इन इंडिया' के तहत डिफेंस सेक्टर में स्वदेशीकरण को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। यह न केवल हमारी सेना को सशक्त बनाएगा।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
पंजाब	7	6	1	13
बेंगलुरु	7	5	2	10
हैदराबाद	8	5	3	10
राजस्थान	8	5	3	10
गुजरात	8	4	4	8
चेन्नई	8	3	5	6
दिल्ली	7	3	4	6
मुंबई	7	2	5	4
लखनऊ	7	2	5	4
कोलकाता	7	1	5	3

ऑरेंज कैप

अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

अंशुल कंबोज
14 विकेट
चेन्नई

हार से आहत दिल्ली की आरसीबी से टक्कर, होगी असली परीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाने के बावजूद हार से आहत दिल्ली कैपिटल्स की टीम को अगर सोमवार को आईपीएल के मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की संतुलित टीम के खिलाफ वापसी करनी है तो उसे अपने पिछले प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। पंजाब किंग्स ने रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके 6 विकेट से जीत दर्ज की, जिससे दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुरी तरह से हिल गई है। इस मैच में उसके गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। दिल्ली की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है और अब उसका मुकाबला आरसीबी जैसी एक और मजबूत टीम से है, जो 7 मैच में 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

आज शाम 7.30 से कोहली और राहुल आमने-सामने

अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे डीसी के गेंदबाज

दिल्ली ने अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसके गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। केएल राहुल की अगुवाई वाले उनके शीर्ष क्रम ने लगातार तेज शुरुआत दी है, जबकि नीतीश राणा और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों ने बीच ओवरों में लय बनाए रखने में मदद की है। उसके गेंदबाज हालांकि अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पा रहे हैं। विशेषकर डेथ ओवरों में उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। ऐसे में अगर उसको अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज आकिब नबी, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और कप्तान अक्षर पटेल को विशेष रूप से महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

कोहली की अगुवाई में बल्लेबाजी इकाई मजबूत

दूसरी तरफ आरसीबी की टीम काफी संतुलित नजर आ रही है। विराट कोहली की अगुवाई में उनकी बल्लेबाजी इकाई मजबूत नजर आती है। देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म ने उसे और मजबूती प्रदान की है। उसके मध्य क्रम के बल्लेबाजों ने भी मैच का सकारात्मक अंत करने में अधिक स्पष्ट भूमिका निभाई है। लेकिन आरसीबी केवल बल्लेबाजी में ही खतरनाक नहीं है। उसके गेंदबाजों ने भी महत्वपूर्ण अवसरों पर विशेष कर अंतिम ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। दिल्ली के बल्लेबाजों को उनसे सतर्क रहने की जरूरत होगी।

दिल्ली के गेंदबाजों पर निगाहें

आरसीबी के गेंदबाजों के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन अहम साबित होगा। इसके अलावा बीच के ओवरों में उसके बल्लेबाजों और आरसीबी के स्पिन गेंदबाजों के बीच मुकाबला मैच के परिणाम का फैसला कर सकता है। आखिरी ओवरों में सारी निगाहें दिल्ली के गेंदबाजों पर टिकी होंगी, जिन पर पंजाब के खिलाफ मिली करारी हार के बाद खुद को साबित करने का दबाव होगा।

आरसीबी करेगी मैच का रुख मोड़ने की कोशिश

वहीं आरसीबी के अनुभवी गेंदबाज मैच का रुख मोड़ने की कोशिश करेंगे। अब टूर्नामेंट निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में यह मुकाबला दो अंकों से भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। यह दिल्ली के धैर्य की परीक्षा है और बेंगलुरु के लिए अपनी श्रेष्ठता साबित करने का अवसर है।

मैच का समय : रात 7:30 बजे

जीटी ने सीएसके को 8 विकेट से हराया, सुदर्शन ने खेली 87 रन की शानदार पारी

158 रन पर चेन्नई अपने घर में ढेर सुदर्शन ने गुजरात को दिलाई चौथी जीत

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

गुजरात टाइटन्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (87 रन) के अपने घरेलू मैदान पर लगाए गए अर्धशतक की मदद से रविवार को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 8 विकेट से शिकस्त दी। गुजरात टाइटन्स के गेंदबाजों के दबदबे के बावजूद सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के नाबाद 74 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की, जिससे बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम 7 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटन्स के लिए कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर 3 विकेट चटकाए जबकि अरशद खान को 43 रन देकर 2 विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और मानव सुथार को एक-एक विकेट मिला। सलामी बल्लेबाज सुदर्शन (46 गेंद, चार चौके, सात छक्के) और जोस बटलर (नाबाद 39 रन) की पारियों से गुजरात टाइटन्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर जीत हासिल की। सुदर्शन 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुए और चौथी गेंद पर बटलर ने छक्का जड़कर टीम को आसान जीत दिलाई।

सैमसन के सबसे तेज 5 हजार रन पूरे रैना, राहुल, धोनी को पीछे छोड़ा

संजू सैमसन अब आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्हें इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 3555 गेंदें लगीं। जबकि सुरेश रैना को इसके लिए 3620 गेंद लगी थी, वहीं केएल राहुल को 3688 और महेंद्र सिंह धोनी को 3691 गेंद लगीं। संजू के नाम अब 185 आईपीएल मैचों की 180 पारियों में 5008 रन है। इस दौरान उनका औसत 31.69 का है, जबकि स्ट्राइक रेट 140.59 का। आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं। उन्होंने 3288 गेंदों में यह कारनामा किया था, जबकि डेविड वॉर्नर ने 3554 गेंदों में ऐसा किया था। अगर संजू दो गेंद पहले इस आंकड़े को हासिल करते तो वह आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रनों के आंकड़े तक पहुंचने के मामले में दूसरे स्थान पर आ जाते।

गायकवाड़ के नाम दर्ज हुआ 'अनचाहा रिकॉर्ड'

सीएसके के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने जीटी के विरुद्ध 60 गेंदों में 74 रन की नाबाद पारी खेली। हालांकि, यह आईपीएल के इतिहास में सीएसके की तरफ से किसी बल्लेबाज की चौथी सबसे धीमी फिफ्टी रही। इस अनचाही फेहरिस्त में पार्थिव पटेल शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 2010 में पंजाब किंग्स के विरुद्ध 53 गेंदों में पचासा पूरा किया था। साल 2009 में मैथ्यू हेडन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 गेंदों में यह कारनामा किया था। इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर मौजूद मुरली विजय ने साल 2013 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 50 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। इस सूची में ऋतुराज गायकवाड़ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जिन्होंने 49 गेंदों में यह कारनामा किया। साल 2013 में मुरली विजय ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 49 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था।

जीटी की अच्छी शुरुआत

सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल (33 रन, 23 गेंद, एक चौका, तीन छक्के) ने अच्छी शुरूआत की। गिल के आउट होने के बाद सुदर्शन और बटलर (30 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने मिलकर टीम को जीत तक पहुंचाया। पिछले मैच में सुदर्शन के शतक जड़ने के बावजूद गुजरात टाइटन्स को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब स्कोर इतना बड़ा नहीं था, जिससे गुजरात टाइटन्स ने लगातार दो हार के बाद जीत दर्ज की। इस जीत से उसके आठ मैच में आठ अंक हो गए हैं, जिससे वह पांचवें स्थान पर पहुंच गई।

स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स	रन	गेंद	4	6
सैमसन का बटलर बो रबाडा	11	15	2	0
गायकवाड़ नाबाद	74	60	6	4
उर्विल का होल्डर बो रबाडा	04	3	1	0
सरफराज का बटलर बो सिराज	00	1	0	0
डेवाल्ड ब्रेविस का गिल बो सुथार	02	9	0	0
शिवम दुबे बो अरशद	22	17	3	1
कार्तिक का होल्डर बो रबाडा	15	9	3	0
ओवरटन का शाहरुख बो अरशद	18	6	3	1
अंशुल हुसैन नाबाद	00	0	0	0
अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन				
गेंदबाजी : सिराज 4-0-23-1, रबाडा 4-0-25-3, सुथार 3-0-22-1, होल्डर 4-0-22-0, अरशद 4-0-43-2, राशिद 1-0-21-0,				
गुजरात टाइटन्स	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
सुदर्शन का ब्रेविस बो हुसैन	87	46	4	7
गिल रट सैमसन बो नूर	33	1	3	
जोस बटलर नाबाद	39	30	4	1
वाशिंगटन सुंदर नाबाद	01	1	0	0
अतिरिक्त : 02, कुल : 16.4 ओवर में 2 विकेट पर 162 रन				
गेंदबाजी : अंशुल हुसैन 3.4-0-46-1 , अंशुल कंबोज 3-0-16-0, जेमी ओवरटन 2-0-28-0, गुरजपनीत 3-0-36-0, नूर अहमद 4-0-29-1, शिवम दुबे 1-0-7-0				

टीसीएस विश्व 10के

हजारों धावक सड़क पर उतरे क्विजेरा और फ्लोरेंस ने जीती रेस

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बुरुंडी के रोड्रिग क्विजेरा ने रविवार को टीसीएस विश्व 10के (10 किमी) बेंगलुरु में रिकॉर्ड तोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय एलीट पुरुषों की रेस जीती जबकि रवांडा की फ्लोरेंस नियोनकुरु ने महिलाओं की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस के लिए हजारों धावक सड़कों पर उतरे। छब्बीस साल के क्विजेरा ने 27 मिनट 31 सेकंड का समय निकालकर पिछले कोर्स रिकॉर्ड 27:38 को बेहतर बनाया, जो कीनिया के निकोलस किपकोरिर ने 2022 में बनाया था। विश्व 10के बेंगलुरु में यह क्विजेरा का पहला खिताब था। तीन साल पहले वह 'फोटो फिनिश' में कीनिया के सेबेस्टियन सावे से मामूली अंतर से शीर्ष स्थान से चूक गए थे। क्विजेरा को 34,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली, जिसमें रिकॉर्ड बनाने पर 8,000 डॉलर का बोनस भी शामिल है।

संजीवनी ने जीता लगातार तीसरा खिताब

अंतरराष्ट्रीय एलीट महिलाओं के वर्ग में 25 साल की फ्लोरेंस ने 30:45 में अपना पहला खिताब जीता। भारतीयों में संजीवनी जाधव ने महिलाओं का खिताब जीता, जो यहां उनका लगातार तीसरा खिताब था जबकि हरमनजोत सिंह ने पुरुषों का खिताब अपने नाम किया और वह भारतीय रिकॉर्ड बनाने से मामूली अंतर से चूक गए। हरमनजोत और संजीवनी ने क्रमशः 3 लाख और 2 लाख 75 हजार रुपए की इनामी राशि जीती। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला उन मशहूर हस्तियों में शामिल थे, जिन्होंने इस दौड़ में हिस्सा लिया।

खबर संक्षेप

अल-अहली ने रखा एलीट का खिताब बरकरार

जेद्दा। सऊदी अरब के क्लब अल-अहली ने पहली बार फाइनल में खेल रहे जापान के क्लब माचिदा जेलविया को 1-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने खिताब सफलतापूर्वक बचाव किया। जेद्दा में 60,000 दर्शकों की मौजूदगी में सऊदी अरब के अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर फिरास अल बुरिकन के अतिरिक्त समय में किए गए गोल से मैच का फैसला हुआ। अल-अहली की टीम लगभग एक घंटे तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेली, लेकिन माचिदा इसका फायदा नही उठा पाया। खेल के 68वें मिनट में ही अल-अहली की टीम 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई। तब रेफरी ने जकारिया हवसावी को लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया था।

सूर्यवंशी मेरे पसंदीदा बल्लेबाज : कमिंस

जयपुर। वैभव सूर्यवंशी को अपनी शानदार बल्लेबाजी के कारण एक नया प्रशंसक मिल गया है और यह कोई और नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं, जो इस 15 वर्षीय खिलाड़ी के बल्लेबाजी के तरीके से बेहद प्रभावित हैं। राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलने वाले युवा बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस ने कहा, ' हां, मुझे लगता है कि वह मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। वह गेंद पर जोर से प्रहार करता है। उसे खेलते हुए देखने में मजा आता है।'

उबर कप

उन्नति की रोमांचक जीत तन्वी ने की बढ़त दोगुनी

एजेंसी ▶▶ होर्सेंस

भारतीय महिला टीम ने उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय टीम अपने पहले मुकाबले में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गई थी। यूक्रेन के खिलाफ भारत की युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्नति हुडा ने पोलिना बुहरोवा पर 21-19, 22-20 की शुरुआत की, जिसके बाद तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कांटेमिर को 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। पीवी सिंधु को एकल में आराम दिया था, जिससे देविका सिहाग को तीसरे एकल में मौका मिला और इस युवा खिलाड़ी ने मारिया स्टोलियारेन्को को 23-21, 21-13 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

■ यूक्रेन से जीता भारत, क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद

सिंधु-तनीषा ने जीता डबल्स मुकाबला

भारत को एकमात्र हार महिला युगल के पहले मुकाबले में मिली। कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी को बुहरोवा और कांटेमिर से 11-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद सिंधु और तनीशा क्रास्टो ने स्टोलियारेन्को और सोफिया लावरोवा पर 21-18, 21-15 से जीत हासिल की। भारत अब सोमवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में चीन से भिड़ेगा। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए उसे इस मैच में जीत हासिल करनी होगी।

एसए महिला ओपनः संयुक्त 26वें स्थान पर दीक्षा डागर

एजेंसी ▶▶ केपटाउन

भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर तीसरे दौर में एक बर्डी और चार बोगी के बाद इनवेस्टेक एसए महिला ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने तीसरे दौर में तीन ओवर का स्कोर बनाया। इस लेडीज यूरोपीय टूर प्रतियोगिता में अब सिर्फ एक दौर का खेल बाकी है। भारत की प्रणवी उर्स (74) और अवनि प्रशांत (75) ओवर पार के स्कोर के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रही। प्रणवी संयुक्त 43वें से संयुक्त 35वें जबकि अवनि संयुक्त 53वें से संयुक्त 47वें स्थान पर हैं। तीन अन्य भारतीय त्वेसा मलिक, वाणी कपूर और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। स्लोवेनिया की पिया बाब्निक (74) और इंग्लैंड की एस्मे हैमिल्टन कुल 13 अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

कोर्ट में बिगड़ी इगा की तबीयत अब नहीं खेलेंगी मैड्रिड ओपन

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

इगा स्वियातेक अमेरिकी खिलाड़ी एनली के खिलाफ एक अज्ञात बीमारी के कारण मैच के बीच से हटने से मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब ली 7-6 (4), 2-6, 3-0 से आगे चल रही थी। मैड्रिड में 2024 की चैंपियन स्वियातेक ने निर्णायक सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद मेडिकल टाइमआउट लिया। वह कोर्ट पर लौटीं, लेकिन ली ने अपनी सर्विस बरकरार रखी, जिसके बाद उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी ने गुरुवार को अपने दूसरे दौर के पहले मैच में डारिया स्निगुर को सीधे सेटों में हराया था। इस तरह से विश्व में 34वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली ने शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ अपने कॅरियर की दूसरी जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला लेयला फर्नांडीज से होगा।

प्रीमियर लीग में फिर से शीर्ष पर पहुंचने में सफल आर्सेनल

एफए कपः रिकॉर्ड चौथी बार फाइनल में मैनचेस्टर सिटी

एजेंसी ▶▶ लंदन

मैनचेस्टर सिटी एक बार फिर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गया है जबकि आर्सेनल प्रीमियर लीग में फिर से शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहा। सिटी ने वेम्बली में खेले गए मैच में साउथेम्प्टन को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार एफए कप के फाइनल में जगह बनाई। दूसरे हाफ में एक गोल से पिछड़ने के बाद निको गोंजालेज के 87वें मिनट में किए गए गोल से सिटी ने जीत दर्ज की। इस जीत ने सिटी की घरेलू स्तर पर तीन खिताब जीतने की उम्मीदों को बरकरार रखा है। वह पहले ही इंग्लिश लीग कप जीत चुका है और प्रीमियर लीग खिताब के लिए आर्सेनल के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहा है। प्रीमियर लीग में आर्सेनल ने एबेरेची एज़े के गोल की मदद से न्यूकैसल के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल करके सिटी पर तीन अंक की बढ़त बना ली है। आर्सेनल के 34 मैच में 73 और सिटी के 33 मैच में 70 अंक हैं। इस बीच लिवरपूल की टीम क्रिस्टल पैलेस को 3-1 से हराकर गोल अंतर के आधार पर चौथे स्थान पर पहुंच गई।

ला लीगा: दूसरी बार खिताब के करीब पहुंचा बार्सिलोना

बार्सिलोना। बार्सिलोना को गेटाफे पर मिली 2-0 की जीत से स्पेनिश फुटबाल लीग ला लीगा में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है, जबकि एटलेटिको मैड्रिड चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में आर्सेनल का सामना करने से पहले आत्मविश्वास भरी जीत हासिल करने में सफल रहा। बार्सिलोना की तरफ से पहला गोल फर्मिन लोपेज ने 45वें मिनट में किया। उन्होंने अपना यह गोल चोटिल लामिन यामल को समर्पित किया। बार्सिलोना की तरफ से इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले यामल मांसपेशियों में खिंचाव होने के कारण इस सत्र से बाहर हो गए हैं। मार्कस रैशफोर्ड स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे और उन्होंने 74वें मिनट में गोल करके बार्सिलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। यह बार्सिलोना की गेटाफे में छह सत्र में पहली जीत है। इस जीत से बार्सिलोना ने दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड पर अपनी बढ़त 11 अंक कर दी है जबकि अब केवल पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

अप्रैल में तापमान का रोज बन रहा नया रिकार्ड

43.5 डिग्री तापमान में झुलसा शहर



जबलपुर। गर्मी अप्रैल के अंतिम सप्ताह में अपने प्रचंड रूप में आ गई है। रविवार 26 अप्रैल को पारे ने फिर 43.5 डिग्री की उछाल बनाई, जो अप्रैल महीने में हाईएस्ट टेम्प्रेचर का रिकार्ड है. मौसम विभाग की मानें तो दक्षिणी पश्चिमी हवाओं के संगम से पारे में एकदम तेज उछाल आई। अप्रैल में ही ये हाल हैं तो मई के महीने में क्या होगा। आमतौर पर 41-42 डिग्री तापमान मई के महीने में जाता है। इस बार अप्रैल में ही गर्मी ने रिकार्ड तोड़ दिया। रविवार को आसमान से आग उगल रही थी। हवाओं में नमी खत्म हो जाने से मौसम शुष्क हो चला है, जो तापमान को बढ़ने का मौका दे रहा है। अप्रैल के पहले पखवाड़े में गर्मी अपना जोरदार असर दिखा रही है। अप्रैल के सीजन में पहली बार पारा 43.5 डिग्री के करीब पहुंचा। कल दिन में धूप के थपेड़े बदन पर मार कर रहे थे। सड़कें दोपहर में वीरान नजर आ रही थीं। काम से थके लोगों को छांव की तलाश और शीतल हवाओं की दरकार महसूस हो रही थी।

सूरज के तीखे तेवरों से शहर जमकर तप रहा है। तेज धूप की वजह से दिन में सड़कों पर निकलना दूभर हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक गर्मी अब अपने तीखे तेवर दिखाएगी।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 43.05 डिग्री सेल्सियस पर रूक गया, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। हवा मे नमी प्रातःकाल 34 प्रतिशत और सायंकाल 23 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5 बजकर 40 मिनिट पर हुआ, जबकि सूर्यास्त सायं 6 बजकर 36 मिनिट पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 37.08 डिग्री ओर न्यूनतम तापमान 25.08 डिग्री रहा। प्रदेश में सर्वाधिक 44.9 डिग्री तापमान विदिशा जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

लाईनमेनों को राहत, अब 62 वर्ष में होंगे सेवा निवृत्त

जबलपुर। मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र की बिजली कंपनियों में कार्यरत लाईन परिचारकों की सेवा निवृत्त आयु 55 वर्ष निर्धारित की गई थी उसी के अनुसार लाइन परिचारकों को सेवा निवृत्त किया जा रहा था। जिस को लेकर इन कर्मचारियों में असंतोष था। अब मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने इस विसंगति को दूर कर सभी लाइन परिचारकों की भी सेवा निवृत्त आयु सभी कार्मिकों के समान 62 वर्ष कर दी है। जिसका आदेश ऊर्जा विभाग ने जारी कर दिया है। इसी तरह संविदा सेवा में कार्यरत परीक्षण सहायकों के वेतन में विसंगति लम्बे समय से चल रही थी जिस कारण इनमें भी असंतोष था। उसे भी आज मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने आदेश जारी कर दूर कर दिया है। पारिश्रमिक में संशोधनः अब तक संविदा परीक्षण सहायकों का वेतन राज्य शासन के सातवें वेतनमान के लेवल-5 (22,100 - 70,000) के 90 प्रतिशत के आधार पर तय था। इसे बदलकर अब लेवल-4 (23,200 - 73,700) के 90 प्रतिशत के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

पनागर में दिनदहाड़े ताला टूटा कुंडम में खेत में लगी सेंध

मेट्रो बस में महिला के पांच लाख के जेवर चोरी

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत छोटी लाईन फाटक पर मेट्रो बस से उतरी एक महिला का 5 लाख रुपये के जेवरों से भरा पर्स किसी ने पार कर दिया. वहीं जिले की ग्रामीण थाना क्षेत्र पनागर व कुंडम में भी चोरी की वारदातें सामने आई हैं. पनागर में दिन दहाड़े एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और 35 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गये. वहीं कुंडम के एक खेत में रखी 90 हजार रुपये की सामग्री चोरी हो गई.

मेट्रो बस से जेवर भरा पर्स पार

गोरखपुर थाना अंतर्गत छोटी लाईन आटो स्टैंड पर एक महीला यात्री का जेवर से भरा बैग पार दिया गया. बैग में तीन तोला सोने के हार और एक सोने का मंगलसूत्र था. कुल जेवर की कीमत 5 लाख रुपये बताई गई. घटना के संबंध में गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनपुर जिला मंडला निवासी श्रीमति हर्षा लखेरा यहां अपनी रिश्ते दारी में लड़की के यहां विवाह समारोह में आईं थीं. विवाह के बाद उन्होंने अपने जेवर उतार कर अपने पर्स में रख लिये और बरगी से मेट्रो बस में सवार होकर छोटी लाईन फाटक पहुंची. यहां आटो स्टैंड में उतरकर उन्होंने अपना हैंडबैग देखा और उसके अंदर कत्था कलर का पर्स गायब था, उसमें उक्त जेवर रखे थे. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया है।

पनागर में दिन दहाड़े चोरी

घटना के संबंध में पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पोनिया निवासी 44 वर्षीय बाल गोविंद काछी कल दोपहर 2.30 बजे घर में ताला लगाकर अपनी पत्नी के साथ पनागर बाजार आया था, शाम 4 बजे घर लौटा तो दिन दहाड़े उसके घर में चोरी हो चुकी थी, दरवाजे में लगा ताला टूटा था. घर के अंदर गये देखे तो घर के अंदर कमरे में रखी आलमारी खुली एवं सामान बिखरा हुआ था आलमारी में रखे सोने के 2 हार, एक मोहनमाला जिसमें कालीपोत वाली गुरिया लगी है, झुमकी एक जोडी, कंगन लाख पट्टी वाले 04, चांदी कस एक कमरबंद, पायल 01 जोडी, तथा नगदी रूपये 35,000 रुपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गये. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ 331(3),305(एं) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

खेत में रखा एक लाख का माल गायब

इसी तरह कुण्डम के ग्राम पटना कला बघराजी में सुहागी निवासी कन्हैया रजक के खेत में रखे 40 प्लास्टिक के पाईप 70 लोहे के खम्बे 15 सौ मीटर बिजली का तार चोरी हो गया. कन्हैया को अपने दोस्त रोहित से जानकारी मिली की उक्त सामान आरोपी रामलाल, रामसिंह, शंभु व सुरेश सभी निवासी ग्राम रौरिया एक लाल रंग के टैक्टर में लोड कर ले गये. पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ग्वालियर से फोन आते ही मचा हड़कंप, तत्काल छोड़ा

शराब ठेकेदार के पार्टनर को उठा ले गया आबकारी अमला

जबलपुर। लोगों को शराब के नशे में मदहोश करने वाला आबकारी विभाग खुद इतना मदहोश हो गया है कि उसे कानून का भय और नियम कायदों के दायरे का अभास नहीं है. गत दिवस एक शराब ठेकेदार के पार्टनर को आबकारी विभाग के अधिकारी उठा ले लाए और उसके घर के डीडीआर सीसीटीवी कैमरे भी निकाल ले गये. आरोप है कि शराब ठेकेदार का पार्टनर पहले अवैध शराब का कारोबार करता था, जिसपर कार्यवाही भी हो चुकी है. लेकिन अब वह शराब के वैधानिक कारोबार से जुड़ा है और शारदा चौक शराब दुकान समूह के ठेकेदार के साथ बिजनेस पार्टनर है. बताया गया है कि शराब ठेकेदार को जब प्रताड़ित किया गया तो वह शहर के एक रसूखदार के पास पहुंचा और उसने सीधे ग्वालियर मुख्यालय में आबकारी आयुक्त को फोन ठोंक दिया. उसके बाद जो हड़कंप मचा तो पूरे आबकारी विभाग में हलचल मच गई. सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शारदा चौक शराब दुकान समूह के ठेकेदार के पार्टनर मंजू चक्रवर्ती को आबकारी विभाग के कमर्चारी अधिकारी गत दिवस उसके घर से उसे उठा ले आए और सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे के सामने उसे पेश किया और उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई. जिसके साथ ही मूल ठेकेदार को भी फटकार लगाई गई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No. : MPHIN/2008/24240